e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 90
मंगलवार
02.04.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
एक चींटी अपने से दो गुना वजन उठाकर अपने लक्ष्य तक पहुंच जाती है, आप तो फिर भी एक इंसान हैं।

**रोजा का समय**
इफ्तार (02.03.24): शाम 06:06 बजे
सेहरी (03.04.2024) सुबह 04 : 17 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

# इस बार भारत में चलेगी लंबी हीटवेव

## अप्रैल से जून के बीच पड़ेगी सबसे ज्यादा गर्मी

एजेंसी
**नयी दिल्ली :** भारत के मौसम विज्ञान विभाग ने इस साल ज्यादा गर्मी का अनुमान लगाया है. अप्रैल से जून के बीच तीन महीने तापमान ज्यादा रहेगा. इस बार 20 दिनों के हीटवेव की संभावना जताई गई है. ये अमूमन 8 दिनों तक रहती है. आईएमडी के मुताबिक, अगले 3 महीनों में देश के छह राज्यों मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में गर्मी का ज्यादा असर रहेगा. आईएमडी के डायरेक्टर जनरल मृत्युंजय महापात्रा ने सोमवार को इसकी जानकारी दी.महापात्रा के मुताबिक, अप्रैल से जून के दौरान भारत के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है. जबकि मैदानी इलाकों के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक लू चलेगी.महापात्रा ने कहा कि देश के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने और मध्य, पश्चिमी प्रायद्वीपीय भारत में इसका सबसे बुरा असर पड़ने का अनुमान है. उन्होंने कहा कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, पूर्वोत्तर राज्यों और उत्तरी ओडिशा के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान के सामान्य या सामान्य से नीचे रहने की संभावना है.अप्रैल में देश के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने, जबकि मध्य दक्षिण भारत में इसकी ज्यादा संभावना है. अप्रैल में पश्चिमी हिमालय क्षेत्र और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य या सामान्य से नीचे रहने का अनुमान है.

### कमजोर पड़ा अल नीनो

मौसम विभाग के मुताबिक, साल की शुरुआत से ही अल नीनो की स्थिति कमजोर हो गई है. वर्तमान में भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में मध्यम अल नीनो की स्थिति बनी हुई है. अधिकांश भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से अधिक गर्म है.




### कई राज्यों में पड़ेगा भीषण गर्मी

मौसम विभाग द्वारा जारी ताजा अपडेट के मुताबिक, देश के कई हिस्सों में अप्रैल से लेकर जून के बीच भीषण गर्मी होने की आशंका है, इस दौरान तकरीबन 10 से 20 दिनों तक लू चलने की संभावना है। वहीं मौसम विभाग ने जानकारी देते हुए कहा कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, पूर्वोत्तर राज्यों और उत्तरी ओडिशा के कुछ हिस्सों में तापमान को लेकर भी बदलाव दिख सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, अप्रैल से जून की अवधि के दौरान गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक, राजस्थान, एमपी, ओडिशा, उत्तरी छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश में लू का सबसे बुरा असर देखने को मिल सकता है।

### औसत बारिश का अनुमान



मौसम विभाग के मुताबिक, पूरे देश में अप्रैल 2024 के दौरान औसत बारिश सामान्य होने की संभावना है. उत्तर पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों और मध्य भारत के कई हिस्सों, उत्तरी प्रायद्वीपीय भारत, पूर्व और उत्तर पूर्व भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है. जबकि पूर्वी और पश्चिमी तटों, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों और पश्चिम मध्य भारत में सामान्य से कम बारिश होने की आशंका जताई है.



## कोयला क्षेत्र ने फरवरी में आठ प्रमुख उद्योगों में 11.6 फीसदी की उच्चतम वृद्धि दर्ज की

**नई दिल्ली :** देश के आठ प्रमुख उद्योगों में कोयला क्षेत्र ने फरवरी 2024 के दौरान उच्चतम वृद्धि दर्ज की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आठ प्रमुख उद्योगों (आधार वर्ष 2011-12) के सूचकांक के अनुसार फरवरी 2024 के दौरान कोयला क्षेत्र ने 11.6 फीसदी (अनंतिम) की उच्चतम वृद्धि दर्ज की है। मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि कोयला उद्योग का सूचकांक फरवरी 2024 के दौरान बढ़कर 212.1 अंक तक पहुंच गया है जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान यह 190.1 अंक था। इसका संचयी सूचकांक अप्रैल से फरवरी 2023-24 के दौरान पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 12.1 फीसदी बढ़ गया है।
मंत्रालय के मुताबिक कोयला उद्योग में पिछले आठ महीनों के दौरान निरंतर दोहरे अंकों की वृद्धि हो रही है। पिछले दो वित्तीय वर्षों में आठ प्रमुख उद्योगों की समग्र वृद्धि की तुलना में इसने लगातार बेहतर प्रदर्शन किया है। इस वृद्धि के फलस्वरूप फरवरी 2024 के दौरान कोयले का उत्पादन बढ़कर 96.60 मिलियन टन तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11.83 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है।

# राजद ने पलामू व चतरा लोस सीट पर ठोका दावा



**राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि झारखंड राज्य की दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी राजद ने की है. वह दो सीट है पलामू और चतरा. प्रदेश राजद अध्यक्ष ने कहा कि सहयोगी दलों से आग्रह है कि वह राष्ट्रीय जनता दल का सहयोग करें.**

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** राष्ट्रीय जनता दल ने सहयोगी दलों पर दवाब बढ़ाते हुए पलामू और चतरा लोकसभा सीट पर अपना दावा ठोका है. पार्टी के प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर झारखंड प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव, चम्पाई सरकार व मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि पलामू और चतरा में राजद का मजबूत जनाधार है. ऐसे में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल राजद का समर्थन करे. राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि झारखंड राज्य की दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी राजद ने की है. वह दो सीट है पलामू और चतरा. प्रदेश राजद अध्यक्ष ने कहा कि सहयोगी दलों से आग्रह है कि वह राष्ट्रीय जनता दल का सहयोग करें. राजद दोनों सीट जीत कर इंडिया ब्लॉक की झोली में डालने का काम करेगा. राजद नेता ने कहा कि सहयोगी दलों से उम्मीद है कि पलामू और चतरा में हमारे जनाधार और जनभावना को देखते हुए सहयोग करेंगे. राजद के प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस और झामुमो के नेताओं से आग्रह किया कि वह हमारे दावे को केंद्र में रखकर राज्य में इंडिया ब्लॉक की ओर से सभी 14 लोकसभा सीट शेयरिंग का फॉर्मूला जल्द सार्वजनिक करें.मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल निश्चित रूप से चतरा और पलामू लोकसभा सीट चुनाव लड़ेगी और जीतेगी.भोक्ता ने कहा कि हम लोग इंडिया ब्लॉक से अपना हक मांग रहे हैं. अगर हमें चतरा और पलामू लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन का सहयोग मिलता है तो हम दोनों सीट जीतकर इंडिया गठबंधन की झोली में डालने का काम करेंगे.

## क्विक न्यूज

### आयकर विभाग से कांग्रेस को राहत, लोकसभा चुनाव के दौरान नहीं लिए जाएंगे कठोर कदम

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के दौरान इनकम टैक्स की ओर से भेजे गए नोटिस के मामले में परेशान कांग्रेस पार्टी को बड़ी राहत मिली है। आयकर विभाग ने सुप्रीम कोर्ट में बयान दिया है कि वह लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी से 1700 करोड़ रुपये की वसूली के लिए कोई कठोर कदम नहीं उठाएगा। जानकारी के मुताबिक, आयकर विभाग का कहना है कि वह चुनाव के दौरान किसी भी पार्टी के लिए परेशानी खड़ी नहीं करना चाहता। विभाग के इस बयान के बाद कांग्रेस पार्टी को राहत मिलने की उम्मीद है। सुप्रीम कोर्ट ने आयकर विभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों को रिकॉर्ड में लिया कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने एसजी मेहता का बयान दर्ज किया कि अगली तारीख तक 3500 करोड़ रुपये की मांग के संबंध में कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा। मुख्य अपीलें जुलाई में योग्यता के आधार पर सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की जाएंगी।

### वेंटिलेटर पर सुक्खू सरकार, ले रही अंतिम सांसे : जयराम ठाकुर

**मंडी :** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्यसभा चुनाव के बाद अल्पमत में चल रही सुक्खू सरकार चंद दिनों की मेहमान है। पूरी तरह वेंटिलेटर पर आ चुकी ये सरकार अंतिम सांस ले रही है। जनता की चिंता छोड़ कांग्रेसी नेता कुर्सी के अंतर्कलह में उलझे हुए हैं। 15 माह में एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई है। बेरोजगार रोजगार और महिलाएं 1500 रुपये मिलने की राह देख रही हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपनी पूरी ताकत विकास के बजाय सरकार बचाने में लगा रखी है। जयराम ठाकुर सोमवार को मंडी के भीमाकाली मंदिर परिसर में आयोजित मंडी संसदीय क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान सत्ता प्राप्ति के लिए कांग्रेस ने प्रदेश की जनता से कई बड़े वादे किए थे। अब उन्हें पूरा करने से कन्नी काट रहे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू सत्ता में आने के बाद खजाना खाली होने का रोना रो रहे हैं,जबकि आए दिन अपने चहेतों को मलाई बांट रहे हैं।

### कांग्रेस को फिर झटका, कमलनाथ के करीबी और छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहाके भाजपा में शामिल हुए

**भोपाल :** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटके पर झटके लग रहे है। सोमवार को छिंदवाड़ा नगर निगम महापौर विक्रम अहाके ने भाजपा की सदस्यता ले ली। उनको मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने सदस्यता दिलाई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा में नकुलनाथ के अमरवाड़ा से पूर्व विधायक कमलेश शाह को लेकर दिए बयान से आहत होकर विक्रम अहाके ने भाजपा की सदस्यता ली। दरअसल नकुलनाथ ने कमलेश शाह के भाजपा में शामिल होने पर उनको गद्दार कहा था। शाह आदिवासी वर्ग के बड़े नेता है। विक्रम अहाके भी आदिवासी वर्ग से आते है। विक्रम अहाके के साथ छिंदवाड़ा नगर निगम जल विभाग सभापति प्रमोद शर्मा, अनुसूचित जाति विभाग जिला अध्यक्ष सिद्धांत थनेसर, पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष आशीष साहू, पूर्व एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष धीरज राउत, पूर्व एनएसयूआई जिला कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य उपाध्याय, पूर्व एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सुमित दुबे भी भाजपा में शामिल हुए।

**रांची का तापमान**
अधिकतम 35°
न्युनतम 20°

# तिहाड़ की जेल नंबर 2 में शिफ्ट हुए अरविंद केजरीवाल



एजेंसी
**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी के मुखिया व दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल में सिफ्ट कर दिया गया. सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट के 14 दिन के न्यायिक हिरासत के आदेश के बाद उनको भारी सुरक्षा के बीच तिहाड़ के जेल नंबर 2 में लाया गया. उनको यहां 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा जाएगा. कोर्ट ने केजरीवाल को 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा है। ईडी ने कोर्ट में न्यायिक हिरासत की मांग की थी। अरविंद केजरीवाल की पेशी के दौरान पत्नी सुनीता, आप नेता सौरभ भारद्वाज, आतिशी, गोपाल राय समेत कई नेता मौजूद रहे।
बीती 28 मार्च को अरविंद केजरीवाल को कोर्ट ने राहत नहीं दी थी और एक अप्रैल तक के लिए ईडी की रिमांड पर भेज दिया था। ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। ईडी की ओर से पेश हुए एएसजी एसवी राजू ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और जांच को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विजय नय्यर ने मुझे कभी रिपोर्ट नहीं किया। लेकिन वह आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था।
केजरीवाल ने साफ कहा कि विजय नायर मुझे नहीं आतिशी और सौरभ को रिपोर्ट करता था। केजरीवाल ने अपने मंत्रियों का नाम लिया है। अदालत ने कहा कि वह ईडी को समक्ष स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देती हैं, क्योंकि वह ट्रायल कोर्ट के आदेश के अनुसार हिरासत में हैं। अदालत यह स्पष्ट करती हैं कि उन्होंने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर कोई टिप्पणी नहीं की है। ईडी ने न्यायिक हिरासत की मांग की है। एएसजी ने कहा कि केजरीवाल ने अभी तक पासवर्ड साझा नहीं किए है।

# गीत के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक व प्रेरित किया जाएगा : के. रवि कुमार

**के रवि कुमार ने कहा कि इस मस्कट के माध्यम से मतदान केन्द्र पर निर्वाचन संचालन की प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट का इस्तेमाल आदि विषयों पर और भी जागरूकता वीडियो जारी किए जाएंगे।**



प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि युवा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने एवं मतदान को देश का महापर्व के रूप में मनाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार त्यौहारों में हर्षोल्लास का माहौल होता है, उसी प्रकार इस बार के मतदान को देश के महापर्व के रूप में हर्षोल्लास का माहौल तैयार करना है। इसके निमित्त आज इलेक्शन मासकॉट आई भाई सभी मतदाताओं के लिए लोकार्पित है। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। वे निर्वाचन सदन, धुर्वा स्थित सभागार से मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रसार सामग्रियों के लोकार्पण समारोह के दौरान मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। युवा मतदाताओं सहित सभी कोटि के मतदाताओं की मतदान में शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से रैप सॉन्ग एवं स्थानीय भाषा में गीत भी लॉन्च किए गए। स्थानीय भाषा नागपुरी में गीत के माध्यम से मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक एवं प्रेरित किया जाएगा।
उन्होंने कहा कि इस मस्कट के माध्यम से मतदान केन्द्र पर निर्वाचन संचालन की प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट का इस्तेमाल आदि विषयों पर और भी जागरूकता वीडियो जारी किए जाएंगे। कार्यक्रम में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट की तिथि 10 अप्रैल 2024 तक बढ़ाये जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि तक प्रतिभागी अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करवायें। पूर्व में इसकी तिथि 31 मार्च 2024 तक निर्धारित थी। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में प्रविष्टियों निःशुल्क हैं और विजेताओं को पुरस्कृत किया जाना है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि अधिक-से-अधिक संख्या में लोग इस प्रतियोगिता में हिस्सा लें।इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह व डॉ. नेहा अरोड़ा आदि उपस्थित थे।

# आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार हुआ जेजेएमपी का नक्सली



एजेंसी
**गढ़वा :** गढ़वा पुलिस ने विगत 17 दिसम्बर को जिले के रंका थाना के ढेंगुरा गांव में जेजेएमपी संगठन के साथ हुए मुठभेड़ के मुख्य आरोपी राहुल केशरी को आंध्र प्रदेश के भीमावरम से गिरफतार किया है। गिरफतारी के पश्चात उसे रंका थाना लाया गया जहां उसके स्वीकारोक्ति बयान एवं निशानदेही के आधार पर छापामारी कर एक इंसास राईफल, 41 राउण्ड गोली, एक पाउच एवं चार मैगजीन बरामद किया गया है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय ने सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय में पत्रकार वार्ता में दी है। मालूम हो कि जेजेएमपी के साथ हुए इस मुठभेड़ में पु0अ0नि0 रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा घायल हो गए थे। पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय ने बताया कि 29 मार्च को सूचना प्राप्त हुई कि ढेंगुरा कांड का मुख्य आरोपी राहुल केशरी आंध्र प्रदेश के भीमावरम में छुपकर काम कर रहा है। सूचना के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रंका के नेतृत्व में टीम का गठन कर आंध्र प्रदेश के भीमावरम भेजा गया तथा स्थानीय पुलिस की मदद से छापामारी कर गिरफतार कर रंका लाया गया। जहां स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि मुठभेड़ के दौरान जिस राइफल से फायरिंग कर रहा था। भागने के पहले रंका थाना के जसोबार गांव के जंगल में छिपाकर रखा है। उसकी निशानदेही पर जिला पुलिस एवं सीआरपीएफ 172 बटालियन द्वारा छापामारी कर इंसास राईफल एवं गोली बरामद किया गया। छापामारी दल में रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, रमकंडा थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह कुंटिया, रंका थाना प्रभारी अनिल यादव आदि शामिल थे।

# कांग्रेस ने समझौते में श्रीलंका को दे दिया कच्चातिवु द्वीप : एस. जयशंकर



एजेंसी
**नई दिल्ली :** कच्चातिवु द्वीप के मुद्दे पर केंद्र सरकार पीछे हटने के मूड में नहीं है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर कहा कि 1974 में, भारत और श्रीलंका ने एक समझौता किया जहां उन्होंने एक समुद्री सीमा खींची, और समुद्री सीमा खींचने में कछतीवू को सीमा के श्रीलंका की ओर रखा गया था। जयशंकर यहीं नहीं रुके। उन्होंने तमिलनाडु सरकार डीएमके पर भी हमला बोला। विदेश मंत्री ने कहा कि कांग्रेस और डीएमके ने इस मामले को इस तरह से लिया है, मानो इस पर उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है। जयशंकर ने 1974 में हुए उस समझौते की बात दोहराते हुए कहा कि उस साल भारत और श्रीलंका के बीच एक समझौता हुआ था। दोनों देशों ने उसपर हस्ताक्षर किए थे। उसके बाद कांग्रेस की तब की सरकार ने एक समुद्री सीमा खींची और समुद्री सीमा खींचने में कच्चातिवु को सीमा के श्रीलंकाई पक्ष पर रखा गया। जयशंकर ने आगे कहा कि हम जानते हैं कि यह किसने किया, यह नहीं पता कि इसे किसने छुपाया। हमारा मानना है कि जनता को यह जानने का अधिकार है कि यह स्थिति कैसे उत्पन्न हुई।जयशंकर ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में, 6184 भारतीय मछुआरों को श्रीलंका द्वारा हिरासत में लिया गया है और इसी समयकाल में 1175 भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं को श्रीलंका ने जब्त किया। पिछले पांच वर्षों में कच्चातिवु मुद्दा और मछुआरे का मुद्दा संसद में विभिन्न दलों द्वारा बार-बार उठाया गया है। यह संसद के सवालों, बहसों और सलाहकार समिति में सामने आया है।

# विश्रामपुर पुलिस ने चार युवकों को देशी कट्टा के साथ किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर पुलिस ने चार युवकों को एक देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.थाना प्रभारी सौरभ कुमार चौबे ने बताया कि रविवार को पुलिस द्वारा विश्रामपुर इटको मुख्य पथ पर छिपादोहर गांव के समीप एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया.जांच अभियान के दौरान एक यामाहा मोटरसाइकल व एक अवैध देशी कट्टा के साथ चार युवकों को गिरफ्तार किया गया.सभी आरोपियों पर कांड संख्या 13/24 धारा 25 (1-बी) ए / 26/35/25 (1/) आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हे जेल भेज दिया गया.थाना प्रभारी सौरव चौबे ने बताया की गिरफ्तार किए गए युवकों में चैनपुर निवासी शुभम कुमार (19),गढ़वा चेतना के कमलेश कुमार चंद्रवंशी (19),गढ़वा विशुनपुर के पीयूष राज (19) व सोनपुरवा गढ़वा गोल्डी कुमार गुप्ता (19) का नाम शामिल है।चारो आरोपियों को आज मेडिकल करा कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।जांच अभियान में नवाडीह कला ओपी प्रभारी राजवर्धन,एस आई प्रदीप शर्मा, एसआई शिव नाथ रंजन, हवलदार बंगाली प्रसाद मेहता, आरक्षी मनबोध कुमार, आरक्षी अनिल पासवान, आरक्षी शंकर राम, आरक्षी नानादेव राम आदि लोग शामिल थे।

# प्रखंड कर्मी के निधन पर शोक सभा आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर :** प्रखंड कार्यालय में आदेशपाल के पद पर पदस्थापित महेंद्र सिंह का सोमवार को आकस्मिक निधन होने कि खबर सुन प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेषनि केरकेट्टा के अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में मृत आत्मा शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया गया। इस दौरान मृत कर्मी के कार्यो के सराहना करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेषनि केरकेट्टा ने कहा कि उक्त कर्मी सच्चे व ईमानदार व्यक्ति थे। असमय मृत्यु से मन काफी व्यतीत है। बताया जाता है कि 28 फरवरी को कार्यालय से शाम को घर जाने में पानी से भींग गए जिसके बाद वह आग जलाकर तापने लगे थे। इसी बिच अचानक बेहोश होकर आग में गिर गए। जिससे वह एक तरफ जल गए थे। आनन फानन में उन्हें मेदिनीनगर लें जाया गया और बेहतर इलाज करवाया गया और वह ठीक हो गए। उसके बाद सोमवार को प्रखंड कार्यालय समय से पहुंचे और अपना हाजरी बनाकर मेदिनीनगर इलाज कराने चले गए। जहाँ फिर अचानक बेहोश हो गए और डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## तेज आंधी तूफान में गरीब परिवार का उजड़ा आशियाना, जायजा लेने पहुंचे अंचल कर्मी



**बिशुनपुरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय के अमहर पंचायत अंतर्गत ग्राम कोचेया निवासी राजकुमार मेहता पिता स्व. दशरथ मेहता का कच्चे मकान पर लगी सीमेंटेड सीट शनिवार की देर शाम तेज आंधी के कारण उड़कर घर से दूर खेत में जा गिरा था। इस खबर को प्राथमिकता के साथ प्रकाशित किया गया था। इस खबर को संज्ञान में लेकर ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी व राजस्व उप निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। बताते चलें कि शनिवार को आए तेज आंधी, तूफान और बारिश में बर्बाद हुए सामान को राजकुमार मेहता के पत्नी व बेटी उदास भरी नजर से देख रही थी जैसे मानो उसकी दुनिया ही उजड़ गई हो। बारिश के पानी के कारण खाने-पीने का सामान भी बर्बाद हो गया है। वे आंसू भरे निगाहों से देख रही हैं की कौन फरिश्ता आये जो हमारी मदद करें। विदित हो कि राजकुमार मेहता अत्यंत गरीबी के कारण जूझ रहे हैं। वह फिलहाल लगभग एक महीने पहले अपनी पुत्री का शादी भी किए हैं। वहीं इनके रहने का आश्रय झीन भिन्न सा हो गया। हालांकि जान माल की हानि नहीं हुई है। इस विषय में बिशुनपुरा राजस्व उप निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता ने बताया कि आकस्मिक घटनाओं में घर गिर गया है सरकार द्वारा आपदा प्रबंधन से मिलने वाली सहायता पीड़ित परिवार को दिया जाएगा।

# सगमा प्रमुख के संबंध में पूर्व मंत्री ने एसडीओ से मांगा जवाब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केशरी ने जिले के उपायुक्त को आवेदन देकर सगमा प्रखंड प्रमुख अजय साव द्वारा पशु शेड दिलाने के नाम पर प्रखंड की जनता से लाखों रुपये ठगी करने ,ठगी की गई राशि मे से 7 लाभुकों का पैसा वापस करने,शेष 11 लाभुकों का पैसा दूसरे दिन वापस करने का लिखित वादा करने की जानकारी विगत 31 जनवरी को दिया था.आवेदन में श्री केशरी ने कहा था कि प्रमुख द्वारा 12 दिसम्बर 2023 को 11 लाभुकों का पैसा 14-14 हजार रुपये वापस करने का लिखित वादा करने के बाद भी वापस नही किया गया.उन्होंने कहा कि उक्त दोनों मामलों की सूचना अनुमंडल पदाधिकारी को 12 दिसम्बर 2023 को ही दिया जा चुका है.श्री केशरी ने कहा है कि उक्त मामले में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक दंडाधिकारी को तीन दिनों के अंदर जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था,इस पर अभी तक क्या कार्रवाई हुई इसकी जानकारी के लिये श्री केशरी ने अनुमंडल पदाधिकारी सह जन सूचना पदाधिकारी को सूचना का अधिकार कानून 2005 के तहतआवेदन देकर चार बिंदुओं पर सूचना उपलब्ध कराने की मांग किया गया है.जिन बिंदुओं पर सूचना उपलब्ध कराने की मांग की गई है,उनमें कहा गया है कि दिये गये निर्देश के आलोक में 11 पशु शेड के लाभुकों को पैसा वापस कराया गया या नहीं. यदि कराया गया तो उक्त लाभुकों को सूचना देकर कहाँ कराया गया.यदि उक्त आदेश के बाद भी पैसा वापस नही कराया गया तो कारण सहित सूचना उपलब्ध करावें.सगमा प्रखंड प्रमुख के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई हुई या नही.सगमा प्रखंड प्रमुख द्वारा पशु शेड के नाम पर ली गई राशि तथा 7 लाभुकों का लौटाया गया राशि का लिखित साक्ष्य है तथा 11 लाभुकों से लिये गये राशि का भी लिखित साक्ष्य उपलब्ध है. ऐसे भ्र्ष्टाचार करने वाले प्रमुख को पदमुक्त करने की कार्रवाई की गई या नहीं. पूर्ण सूचना साफ साफ अभिप्रमाणित उपलब्ध कराया जाय।

# धूमधाम से मनाया गया समता स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद शहर के अमन चैन मुहल्ला स्थित समता स्कूल की वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के सचिव संतोष मिश्रा ने किया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कई तरह के रंगारंग एवं मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जीसा के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश वर्मा, पलामू जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, जिला सचिव दिवेन्दु गुप्ता, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, विद्यालय के निदेशक सह प्राचार्य अक्षय कुमार चौहान व पत्रकार सतेंद्र कुमार चंदेल आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन कर किया। बच्चों ने अतिथियों के अभिवादन में सुंदर स्वागत गान की प्रस्तुति की। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मंच से बाल कलाकारों ने क्षेत्रीय एवं विविध तरह गीत-संगीत व नाटक के माध्यम से सामाजिक सरोकार से संबंधित प्रेरणादायी संदेश दिए। मौके पर शिक्षिका किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह ,विनोद कुमार सिंह ,अनुज कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राहुल चौहान, बेबी शेख, विकास कुमार, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार ,सलोनी कुमारी ,शिल्पा कुमारी, रेशमा सैयद, रिमझिम देवी, उम्म सैयद, अर्जुन कुमार, गार्ड नंदू प्रजापति, अनूप पांडे एवं परिचारिका जनक दुलारी देवी समेत सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## नियमित बिजली आपूर्ति के लिए उपभोक्ताओं को करना पड़ सकता है महीनो का इंतजार



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को आये तूफान से विजली टावरों को हुए भारी नुकसान की वजह से उपभोक्ताओं को नियमित बिजली आपूर्ति मिलने में लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। विभाग के सूत्रों के अनुसार फाल्ट को दुरुस्त करने में कम से कम एक माह का समय लग सकता है। फिलहाल उपभोक्ताओं को बी मोड से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बिजली की सप्लाई की जा रही है। सोन नगर से बी मोड़ को जो बिजली दी जाती है, वह रेलवे के लिए है। सोन नगर से मात्र 10 मेगावाट बिजली की आपूर्ति होती है। लेकिन इस व्यवस्था से जो बिजली सप्लाई की जा रही है। वह नाम मात्र का है। रिहंद से बिजली सप्लाई मिलने पर उपभोक्ताओं को कुछ राहत मिल सकती है। फिलहाल रिहंद से मिलने वाली बिजली सप्लाई भी बंद है। सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के दूधी के समीप टावर नंबर 436 से 439 पर काम चल रहा है। फाउंडेशन का काम पूरा हो चुका है। लेकिन टावर खड़ा करने में काफी समय लग सकता है। विभाग के सूत्रों के अनुसार टावर जल्द ठीक करने के लिए पत्राचार किया गया है।लेकिन बताया जाता है कि अगर युद्ध स्तर पर भी काम होता है, तो कम से कम 10 दिन का समय लग सकता है। अगर रिहंद से 25 मेगावाट बिजली की सप्लाई होने लगेगी तो कुछ राहत उपभोक्ताओं को मिल सकती है।

# देशी कट्टा के साथ दो युवक गिरफ्तार, जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा (पलामू) :** पड़वा पुलिस ने छापामारी कर देशी कट्टा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने बताया कि सूचना मिली थी कि दो युवक कोई घटना को अंजाम देने के लिए हथियार के साथ घुम रहे हैं. जिसके बाद वरीय पुलिस पदाधिकारियों को सूचना दिया. एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल छापामारी की गई. इस दौरान कठौतिया के प्रवेश सिंह पिता वीरमणि सिंह एवं रितेश सिंह पिता मुंद्रिका सिंह ग्राम सिक्का को पकड़ कर दोनों की तलाशी लिया गया तो प्रवेश सिंह के पास से एक देशी कट्टा, मोबाइल एवं रितेश सिंह के तलाशी के क्रम में उसके पास से दो जिन्दा गोली और मोबाइल बरामद किया गया है. थाना प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में निरंतर कारवाई की जा रही है ताकि चुनाव में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हो सकें।

# खाता फ्रिज के नाम पर कांग्रेस कर रही हैं गुमराह : भानु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद शहर के रिद्धि सिद्धि होटल परिसर में भारतीय जनता पार्टी की हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा की कार्यकार्यता बैठक हुए सामिल भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र विधायक भानु प्रताप साही संबोधित में उन्होंने कहा कि खाता फ्रिज और इनकमटैक्स चोरी में फंसी कांग्रेस पार्टी देश वासियों को गुमराह कर रही हैं दरसल वह हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यो को नकार नही सकती हैं उक्त बातें भावनाथपूर के विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप साही ने प्रेस वार्ता के दौरान लगभग 3 घण्टा के कार्यक्रम में भानु ने कार्यकर्ताओं को अपने अपने बूथ पर कार्य करने और देश के यसशवी प्रधानमंत्री के मंत्रों पर कार्य करने लिए ललकार भरी,इसके बाद उन्होंने प्रेस को संबोधित किया और कहा कि आज देश की जीतनी भी विपक्षी पार्टी हैं वे भ्र्ष्टाचार में जेल जा रहे हैं न्ययालय से भी फटकार मिल रहा हैं तो वे लोग कांग्रेस पार्टी के साथ मिल कर लोग जनता को गुमराह करने में लगें हुए,उन्होंने कहा देश वासियों को यह



जानना जरूरी हैं कांग्रेस पार्टी की खाता फ्रिज नही हुई हैं बल्कि वह पैन कार्ड और अन्य दस्तावेज पेश करने में नाकाम रही हैं और इनकमटैक्स की कुल 105 करोड़ नही भर पाई थी जिसका व्याज बढ़ कर 135 करोड़ तक चली गयी हैं उतना ही नही वह ऑल इंडिया कांग्रेस की कई अवैध पैन भी जारी कर जनता मोटी रकम को वर्षो से हेरा फेरी करते आई है वही झारखण्ड के बारे में उन्होंने कहा कि भाजपा कुल चौदह सीट पर अपना प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी हैं और सभी सीटों पर दमदार उमीदवार हैं जबकि कांग्रेस के पास कोई उमीदवार नही मिल रहा जिसका उदाहरण हैं कि अभी तक सीट शेयरिंग से लेकर घोषणा तक नही हुआ है। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, कामेश्वर प्रसाद कुशवाहा, डॉ कर्नल संजय कुमार सिंह सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद थे।

## हुसैनाबाद में नहीं रुक रहा बालु का अवैध कारोबार



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद में नहीं रुक रहा बालू का अवैध कारोबार,आखिर क्यों लाचार हैं थानेदार देवरी ओपी क्षेत्र के देवरी खुर्द गांव की यह कुछ देर पहले की ली गयी तस्वीर।इस तरह के सैकड़ों ट्रैक्टर अवैध बालू के ढ़ेर सोन नदी के तटवर्ती गांवों में देखने को मिल जायेंगे।किन्तु पुलिस प्रशासन को केवल बिना हेलमेट वाले बाइक सवारों से दिक्कत है। हीरा लूटा रहा और कोयले पर छापेमारी। मुख्य सड़कों पर ईमानदार बनने का नाटक करने वाले हुसैनाबाद प्रशासन को शायद यह नहीं दिख रहा है और दिखेगा भी नहीं। क्योंकि अवैध कारोबार को प्रशासनिक अधिकारी गांधी जी के चश्मे से देखते हैं और हेलमेट को नंगी आंखों से।

## वीर बाबा चौहरमल जयंती को लेकर पूजा कल्याण समिति के सदस्यों ने किया बैठक



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद नगर पंचायत के अंतर्गत गम्हरिया गांव स्थित वीर बाबा चौहरमल धाम परिसर में जयंती को पूजा कल्याण समिति के बैनर तले सदस्य गण ने एक आवश्यक बैठक की यह बैठक अध्यक्षता वीर बाबा चौहरमल कल्याण पुजा कमिटी के अध्यक्ष विकास संह समाजसेवी विकास कुमार पासवान ने की जब की मंच संचालन संयुक्त रूप से पथरा पंचायत मुखिया नरेश कुमार पासवान ने किया मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष विकास कुमार पासवान ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वीर बाबा चौहरमल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित माल्यार्पण के साथ जयंती समारोह धूमधाम एवं हर्षोल्लास साथ मनाया जाएगा उन्होंने कहा कि वीर बाबा चौहरमल परिसर आगामी 4 अप्रैल को विधी पूर्वक सम्मान जनक पुजा पाठ जयंती समारोह किया जाएगा एवं कार्यक्रम के दौरान सुबह 8 बजे से शाम सात बजे तक भोजपुरी कलाकार के द्वारा दोगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित गम्हरिया गांव स्थित वीर चौहरमल परिसर में किया जाएगा मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष ड्क विकास कुमार पासवान, अनिकेत कुमार पासवान, रितेश कुमार पासवान, अंजन कुमार पासवान, अजय पासवान, नंदू पासवान, सुनील कुमार पासवान, गोविंद कुमार पासवान, रोहित कुमार, राहुल कुमार, विकास कुमार, दीपक कुमार, निरंजन कुमार, गोलू कुमार रामजवित पासवान जनक पासवान समाजसेवी नरेश कुमार पासवान बब्लू कुमार पासवान लखन पासवान कन्हाई पासवान सुदामा कुमार बिक्रमा पासवान मिथिलेश कुमार पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# अंजुमन कमेटी ने हाफिज मनउवर साहब को फूल माला पहनाकर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पवित्र माह- ए-रमजान का महीना इस्लाम के अनुयायियों के लिये बेहद खास है. यह महीना रहमतों एवं बरकतों वाला माना जाता है. इस माह में मुसलमान की सबसे अहम किताब कुरआन दुनिया में आई .इस महीने का महत्व इसी से समझा जा सकता है कि अल्लाह ने इसे अपने से जोड़ा है.प्रखंड के बरडीहा जमा मस्जिद में खत्म नमाजे -ए- तरावीह रविवार की रात में हाफिज मनउवर अंसारी साहब के द्वारा सम्पन्न कराया गया. खत्म नमाजे -ए- तरावीह समापन के बाद फातिहा खानी किया गया. इस दौरान सभी लोगों ने मुल्क की तरक्की, अमन चैन व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी. इस अवसर पर अंजुमन कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा हाफिज मनउवर साहब को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया. हाफिज मनउवर अंसारी ने कहा कि पवित्र माह ए रमजान का मुक़द्दस महीना चल रहा है.उन्होंने कहा कि रमजान माह में भूखे रहने से ही रोजा नहीं होता है इसके लिए गलत बातें एवं झूठ बोलने सहित अन्य बातों से भी परहेज करना पड़ता है, ताकि रोजा खराब ना हो.उन्होंने कहा कि अल्लाह इस माह में रहमतों के दरवाजे खोल देता है और गुनहगारों को माफी आता करता है.उन्होंने कहा की पवित्र रमजान महीने में आपसी प्रेम दूसरे महीने से कहीं ज्यादा सभी मजहब के लोगों में दिखाई पड़ता है। मौके पर सदर मुश्ताक अहमद शेख, हाजी सदिक अंसारी, हाफ़िज सैफुल्लाह, डॉ रिजवान अहमद, नेयामत हुसैन,मकबूल अहमद, नसीम अहमद, वकील अहमद, तौहिद आलम, असलम आजाद, साजिद रजा, परवेज आलम, गुलाम जिलानी, समसेर, परवेज, मकसूद, रासिब, इंतजार, कासिफ, साहिद, गुलाम, असलम, नौसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पंडवा में बने क्लस्टर का पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा (पलामू) :** जिले अंतर्गत मध्य विद्यालय पंडवा में लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने बनाये गये क्लस्टर का हाल जानने पड़वा पहुंचे. इस दौरान मध्य प्रदेश पंडवा में बनाये गये क्लस्टर की तैयारी का जायजा लिया. उपस्थित सीओ, बीपीआरओ, राजस्व कर्मचारी और बीएलओ से कुल मतदाता, पुरुष, महिला, विकलांग, मृत संबंधित जानकारी लिये. उन्होंने मतदाता चुनाव संबंधी कार्यो की विस्तृत जानकारी लेकर कई दिशा निर्देश दिये. इसके बाद उपायुक्त शशि रंजन ने वर्ग 6 के क्लास मे प्रवेश कर शिक्षक राधिका राम द्वारा गणित के विषय मे पढाई गई चैप्टर से सवाल पूछे उपायुक्त शशि रंजन ने छात्र से गणित में छपे पंचभुज के बारे मे पूछे कि यह क्या है, छात्र नहीं बता पाया. फिर उपायुक्त ने आयत के बारे मे पूछे, फिर भी छात्र नहीं बता पाया. उपायुक्त ने शिक्षक राधिका राम से पूछे कि आखिर बच्चे आयत की परिभाषा नहीं बता पा रहे है. क्या पढ़ाते हैं, क्यों नहीं आपको सस्पेंड कर दिया जाये. उन्होंने विघालय के हेडमास्टर अंजलि सिंगर को भी डांटा और कहा कि साधारण सवाल का जवाब बच्चे नहीं दे पा रहे हैं, आप लोग क्या पढ़ाते हैं. इसके बाद उपायुक्त विद्यालय में बने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जांच किये. उन्होंने सब्जी,दाल और चावल की जांच किये. मौके पर पंडवा अंचलाधिकारी हलधर कुमार सेठी,बीपीआरओ मनोज कुमार मिश्रा, राजस्वकर्मी रणविजय ठाकुर, हेडमास्टर अंजलि सिंगर, बीएलओ रिंताबाला , कंप्यूटर औपरेटर संजय कुमार मेहता जितेंद्र कुमार राम समेत कई लोग उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## आईएएस निधि खरे ने ग्रहण किया उपभोक्ता मामलों की सचिव का पदभार

**रांची :** आईएएस निधि खरे ने सोमवार को उपभोक्ता मामलों की सचिव का पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्हें पिछले महीने इस विभाग का सचिव नियुक्त किया गया था। रोहित कुमार सिंह की सेवानिवृति के बाद सोमवार को उन्होंने पदभार ग्रहण किया। वह इस विभाग में अतिरिक्त सचिव रह चुकी हैं। फिलहाल उपभोक्ता मामलों के विभाग में विशेष कार्य पदाधिकारी के रूप में काम कर रही थीं। निधि खरे झारखंड कैडर की अधिकारी हैं। वह कार्मिक, स्वास्थ्य, वाणिज्य कर विभाग की प्रधान सचिव सहित जमशेदपुर, दुमका, मधुबनी की डीसी रह चुकी हैं। उनकी पहचान तेज तर्रार अधिकारी के रूप में है। उन्होंने राज्य और केंद्र में सरकार की कई नीतियों को सफलतापूर्वक लागू कराया है। खरे ने सीसीपीए की मुख्य आयुक्त के रूप में उपभोक्ताओं के हित में कई महत्वपूर्ण मामलों पर संज्ञान लिया था।

## पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड के आरोपित की जमानत याचिका खारिज

**रांची:** एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने सोमवार को राज्य के पूर्व मंत्री सह तमाड़ के तत्कालीन विधायक रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड में शामिल माओवादी राधे श्याम बड़ाईक की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे पूर्व अदालत ने सात मार्च को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। एनआईए ने आरोपित राधे श्याम बड़ाईक को 17 जुलाई 2017 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में ही है। याचिका पर सुनवाई के दौरान एनआईए की ओर से बताया गया कि आरोपित सीपीआई माओवादी से जुड़ा है। माओवादी कैडर के सदस्यों उसके घर को ठिकाने और बैठक स्थल के रूप में इस्तेमाल करते थे।

# आंधी तूफान के बाद भी युद्ध स्तर पर ईद मेले की तैयारियों में जुटी है दरगाह कमेटी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रविवार को अचानक तेज आंधी तूफान ने रांची शहर के कई जगहों पर काफी तबाही मचाई है । कहीं पेड़ गिर गई तो कहीं बिजली के खंभे, बिजली की तार गिरी , तो इस तूफान ने हज़रत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी के सौजन्य से मैदान में ईद मेला का आयोजन को लेकर स्टॉल

लगाया गया था , जहां पर गरीब , असहायों और फुटपाथ दुकानदारों के लिए स्टॉल लगाकर आर्थिक रोजगार दिलाने की मदद की पहल की गई थी। यह पहल शहर में लगने वाली भीड़भाड़ को भी आने वाले दिनों में कम करती जिससे हर किसी को यातायात समस्या से निदान मिलता। इसी साकारात्मक सोच से करीब 60 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे । सभी दुकानदारों की बिक्री काफी अच्छी हो रही थी। इसी दौरान रविवार को आए तेज आंधी तूफान ने सब कुछ बर्बाद करके रख दिया । देखते-देखते पूरा बांस के बने सारे स्टॉल आंधी में उड़ गया। कपड़े , चूड़ियां, कॉस्मेटिक के समान इत्यादि सब इधर-उधर बिखर गया, टूट गया। कई लोगों को चोटें भी लगी। दरगाह कमेटी की मानें तो पूरे दुकानदारों की अगर आकलन किया जाए तो करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है । जिससे दरगाह कमेटी के पदाधिकारी की चिंता काफी बढ़ा दी है । बातचीत के दौरान रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अयुब गद्दी, उपाध्यक्ष रिजवान ने बताया कि पहली बार नया प्रयास था, लेकिन तेज आंधी तूफान से लड़ा नहीं जा सकता है । यह आपदा है और हम लोग चाहेंगे कि जिला प्रशासन इसमें पहला करें । हम लोग पूरी तरीके से इन गरीब दुकानदारों के साथ हैं। हमसे जहां तक हो सकेगा मदद करेंगे। ईद का मेला यहां पर लगेगा और चांद रात तक लगेगा। युद्ध स्तर में काम शुरू करा दिया गया है । आपदा प्रबंधन विभाग और जिला उपायुक्त रांची से भी बातचीत चल रही है। उम्मीदें हैं कि कुछ पहल होगी, आपदा प्रबंधन विभाग से भी इन स्टॉल धारकों को कुछ मुआवजा जरूर मिलेगा।

# चुटिया थाना क्षेत्र से 142 बोतल शराब व डोरंडा थाना क्षेत्र से 32 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद

**वहीं पुलिस ने बताया कि शराब बेचने वाले में जो लोग शामिल थे उसकी तलाश जारी है। प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर रांची जिला पुलिस पूरी तरह अलर्ट है । एसएसपी चंदन सिन्हा के नेतृत्व में लगातार छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। एसएसपी ने बताया कि इसी क्रम में चुटिया थाना क्षेत्र के द्वारिका पुरी स्थित चाऊमीन बेचने वाले के दुकान से अवैध शराब की जब्त किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि वे अपने चौमिन दुकान में अवैध शराब भी बेच रहा है और जो नकली है। इसी जानकारी के सत्यापन में चुटिया थाना प्रभारी उमाशंकर अपने टीम के साथ छापेमेरी की। जिसमें करीब 142 बोतलें नकली शराब सहित बोतलें बरामद की गई , जो अलग-अलग ब्रांडेड के थे । वहीं पुलिस ने बताया कि शराब बेचने वाले में जो लोग शामिल थे उसकी तलाश जारी है। है प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।

**32 पुड़िया ब्राउन शुगर जब्तः**
ब्राउन शुगर को लेकर भी पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। एसएसपी ने बताया कि सूचना मिली कि डोरंडा थाना क्षेत्र के मेंकान स्टेडियम के पास दो व्यक्ति ब्राउन शुगर बिक्री करने आए हैं। इसी दौरान हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा के नेतृत्व टीम गठित की गई और मेकान स्टेडियम में छापेमारी की गई । जिसमें से दो युवकों की गिरफ्तारी हुई है। नाहीद के पास से 14 पुड़िया ब्राउन शुगर और 450 वहीं मुजम्मिल के पास 18 पुड़िया ब्राउन शुगर और 600 नगद बरामद किया गया है। इस अभियान में डोरंडा थाना प्रभारी आनंद किशोर सहित रितेश इत्यादि शामिल थे।

## झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव ने खेल मंत्री अनुराग सिंह से मुलाकात की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार ने अनुराग सिंह ठाकुर (सांसद) मंत्री खेल कूद एवं युवाकार्य और सूचना एवं प्रसारण मंत्री भारत सरकार से औपचारिक मुलाकात कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट की। रजनीश ने बताया की यह औपचारिक मुलाकात थी। वहीं झारखंड में कुश्ती को लेकर बातचीत हुई है।

# युवक ने युवती से की बदसलूकी, लोगों ने रोका तो कर दिया चाकू से हमला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सदर थाना क्षेत्र के बड़गाई चौक के पास एक युवक ने चाकू से एक युवती पर हमला कर दिया। लोगों ने युवती को बचा लिया। बाद में युवक को पकड़क पुलिस के हवाले कर दिया गया। बताया गया कि एक युवती के ऑटो से उतरते ही एक सिरफिरा युवक उस पर कूद गया और फिर युवती के साथ बदसलूकी करने लगा। दिनदहाड़े हो रही इस घटना से पहले तो युवती सहम गई लेकिन फिर युवती अपने बचाव के लिए चिल्लाने लगी। युवती को बचाने के लिए स्थानीय लोगों को उस युवक से छुड़ाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि वह युवक स्थानीय लोगों पर भी चाकू से हमला कर रहा था। इस दौरान एक शख्स उसके चाकू से घायल भी हो गया। अपने साथ हुई इस खौफनाक घटना के बाद युवती कुछ भी बोल पाने की स्थिति में नहीं थी, लेकिन अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि युवती पूरी तरीके से स्वस्थ है। स्थानीय लोगों ने युवक की पिटाई भी की और फिर तुरंत पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को हिरासत में ले लिया। वहीं सदर थाना के प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि चाकूबाजी करने वाला युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है, लेकिन पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## महाराज शौंडिक की जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ ने अखिल भारतीय शौंडिक संघ के राष्ट्रीय महासचिव श्याम सुंदर प्रसाद के राष्ट्रीय आह्वान पर अपने बैनर तले महाराज शौंडिके की जयंती समारोह कार्यक्रम आयोजित कर महाराज शौंडिके जी की जयंती मनाई । इस कार्यक्रम को प्रदेश शौंडिक संघ के संरक्षक कुमुद प्रसाद साहु उर्फ मंटू बाबू की अगुवाई में बहुत ही धूमधाम से आयोजित किया गया। बीरेंद्र साहु प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता ने अपने संबोधन में महाराज शौंडिकेय जी को स्मरण कर पूरे सुंडी समाज को उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश संरक्षक कुमुद प्रसाद साहु, प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी उदय साहु ,प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु, प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों में रुपेश साहु,शैलेन्द्र कुमार, कुणाल कुमार बंटी, अरुण देव, मिथलेश साहु, मनोज साहु, आकाश कुमार, प्रदीप साहु, बिद्दाधर साहु,पांच परगना सुंडी संघ से अजीत साहु, हरेन्द्र प्रसाद साहु,उपेन साहु, मनोज साहु, ओम प्रकाश गुप्ता, संजय साहु, उपेन्द्र प्रसाद,एवं उपस्थित अन्य अनेक लोगों ने महाराज शौंडिकेय जी के प्रति अपनी पूरी आस्था दिखाई। उदय साहु प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी ने बताया कि महाराज शौंडिके जी राजराजेश्वर श्री सहस्त्रबाहु जी के पौत्र व जयध्वज जी के पांचवे संतान थे। पुराणों में ये उल्लेखित है कि परशुराम जी ने समस्त पृथ्वी को क्षेत्रीय विहीन करने हेतु एक भयंकर युद्ध छेड़ दिया, जिसमें सहस्त्रबाहू जी के 100 पुत्रों में से 95 पुत्र ने विरगति को प्राप्त की। युद्ध के दौरान जहां चंद्रवंशी विरगती को प्राप्त हो रहे थे।

# ट्रैफिक नियम का उल्लघंन करने वाले 328 लोगों का कटा चालान

**इनमें 178, और 150 चालान शामिल है।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची के ट्रैफिक ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। पिछले दो दिनों में कुल 328 लोगों का नियम के उल्लंघन करने के मामले में चालान काटा गया है। इनमें 178, और 150 चालान शामिल है। ट्रैफिक एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस ,अनाधिकृत रूप से अपने चार पहिया वाहन के शीशे में ब्लैक फिल्म, अनाधिकृत रूप से सूचक पट्ट लगाकर घुमने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है। नियम का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुये चालान काटा जा रहा है। यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि लोग अपने वाहनों में पूरे कागजात लेकर चले। साथ ही हेलमेट और सीट बेल्ट भी लगाकर चले।

# आईएनडीआईए गठबंधन घोटालेबाजों की बारात : बाबूलाल मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आईएनडीआईए गठबंधन पर जमकर हमला बोला है। मरांडी ने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन घोटालेबाजों की बारात है, जो देश को केवल लूटना चाहते हैं। ये चाहते हैं घोटाला करते रहें और कानूनी कार्रवाई भी न हो। मरांडी ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि ये लोग लोकतंत्र की बात करते हैं, लेकिन लोकतंत्र में तो कानून सबके लिए बराबर होता है। जबकि घमंडिया गठबंधन अपने लिए स्पेशल कानून चाहता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में तो जल, जंगल जमीन की लूट मची है। प्रधानमंत्री आवास के लिए भी लोगों को बालू नहीं मिल रही। अवैध तस्करी से बालू उत्तर प्रदेश और बिहार भेजा जा रहा है। पत्थर की लूट मची है। एक जिला में एक हजार करोड़ से ज्यादा के भ्रष्टाचार उजागर हुए। बेरोजगारों की नौकरी तक बेच दी गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इन सभी की दिनचर्या में शामिल है मोदी को गाली दो, देश को बदनाम करो, सनातन को गाली दो, जांच एजेंसियों को इग्नोर करो, कार्रवाई हुई तो कोर्ट पहुंचो, कोर्ट फटकार लगाए तो कहीं आदिवासी तो कहीं और कुछ का विक्टिम कार्ड खेलो, लोकतंत्र पर खतरा बताओ, जनता को गुमराह करो, सारे चोर इकट्ठा हो जाओ, जोर जोर से बोलो, छाती पीटकर बोलो भ्रष्टाचार को बचाओ। उन्होंने कहा आज आकंठ भ्रष्टाचारी खुद को भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ते हुए दिखाना चाह रहे हैं।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यदि इन्हें जांच एजेंसियां परेशान कर रहीं तो फिर आम आदमी पार्टी के मनीष सिसोदिया, संजय सिंह को जमानत क्यों नही मिल रही, हेमंत सोरेन (पूर्व मुख्यमंत्री) को कोर्ट जमानत क्यों नहीं दे रहा।

# सेक्स रैकेट को लेकर रांची पुलिस की बड़ी कारवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची पुलिस ने सेक्स रैकेट को लेकर शहर के कई थाना क्षेत्र में एक साथ छापामारी की है । इस दौरान सदर, डेली मार्केट सहित कई इलाके से एक दर्जन से अधिक लड़कियों के साथ लडको को पुलिस ने हिरासत में लिया है पूरे शहर में छापेमारी जारी है। खबर लिखे जाने तक के छापेमारी अभियान जारी थी । बताया गया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। सभी जगहों पर लगातार अभियान चलाई जा रही है। इसी क्रम में सूचना मिली थी कि कुछ होटलों में लड़कियों को रख कर जिस्मफरोशी का धंधा चलाया जा रहा था।

**नशे के आदी हो गए युवक ने पेड़ से लटक कर किया सुसाइड**

रांची। बरियातू थाना क्षेत्र के बरियातू पहाड़ के पास एक युवक के शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक का शव पहाड़ के पास एक पेड़ से लटका हुआ बरामद किया गया। लोगों ने देखा तो इसकी सूचना बरियातू थाना को दी।
बरियातू थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी सुरेश मंडल ने बताया कि युवक की उम्र लगभग 23 साल बताया जा रहा है। बरियातू थाना क्षेत्र के सत्तार कॉलोनी गली नंबर 3 का रहने वाला बताया जा रहा है और नाम आसिफ है। इसके पिताजी ने दोपहर में ही एक आवेदन दिया था, जिसमें उसने लिखा उसका बेटा लापता है।
वहीं मृतक आसिफ के पॉकेट से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है। अभी पुलिस पूरी तरह से छानबीन कर रही है कि इस घटना के पीछे का राज क्या है।
सुसाइड नोट पढ़ने और परिजनों से पूछताछ के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

## राइफल के साथ अपराधी गिरफ्तार

**रांची :** लापुंग थाना पुलिस ने राइफल के साथ गौतम कुमार साहू उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक राइफल, पांच गोली बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कंचनपुर गांव के आगे लोहागाढ़ा पुल के पास एक व्यक्ति जो सफेद रंग का जुता, काला जीन्स और कमांडो लिखा शर्ट पहना हुआ है और एक रायफल को टोंगे हुए वराईडीह आम बगीचा की तरफ घुम रहा है। सूचना के बाद थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

# मोदी-भाजपा ने संवैधानिक संस्थाओं के साथ-साथ राष्ट्रपति का भी अपमान किया है : बंधु तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि देश के लगभग सभी संवैधानिक संस्थाओं को अपमानित करने और अधिकांश पर दबाव कायम करने के बाद मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से न्यायालयों पर भी दबाव डालती रही है। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा लालकृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर भारतरत्न से सम्मानित करने के दौरान भी उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित सभी लोग बैठे रहे। तिर्की ने कहा कि यह न केवल राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद का अपमान है बल्कि प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय जनता पार्टी ने जानबूझकर देश की आधी आबादी अर्थात महिलाओं के साथ ही आदिवासियों को भी अपमानित किया है और अप्रत्यक्ष रूप में इसे यदि आदिवासियों एवं महिलाओं की प्रताड़ना कहा जाये तो यह गलत नहीं होगा। तिर्की ने कहा कि चुनावी राजनीति एक चीज है दूसरी तरफ, चुनाव में जीतना और हार जाना या फिर सत्ता में आना-जाना अथवा विपक्ष में रहना दूसरी चीज है। लेकिन इसका प्रभाव यदि राजनीतिक व्यवहार पर पड़ता है तो यह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि देश के लोकतंत्र के लिये भी घातक है। तिर्की ने कहा कि जिस प्रकार से देश की चार सुप्रसिद्ध शख्सियतों को राष्ट्रपति भवन में एक दिन पहले ही भारतरत्न से सम्मानित किया गया था, उसी तरह का कार्यक्रम यदि राष्ट्रपति भवन में ही होता और आडवाणी सम्मानित होते तो यह कहीं अधिक गौरव की बात होती क्योंकि यह सम्मान देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद के साथ ही सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्रपति भवन से भी जुड़ा हुआ है।

# पोस्टल बैलेट से मतदान संबंधित सभी तैयारियां निर्धारित समय से पूर्व कर ली जाएं : डॉ. नेहा

**अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पोस्टल बैलेट से मतदान की तैयारियों की समीक्षा की**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान ड्यूटी पर रहने वाले व्यक्तियों, आवश्यक सेवा के निमित्त कार्यरत व्यक्तियों एवं मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने में अक्षम, दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान का प्रावधान किया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। इसके लिए आवश्यक तैयारियों की समयबद्धता के बारे में विशेष निर्देश दिए गये हैं। ये बातें सोमवार को अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कही। वे सोमवार को निर्वाचन सदन धुर्वा से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के पोस्टल बैलेट कोषांग के नोडल पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ पोस्टल बैलेट से मतदान की तैयारियों के लिए फॉर्म संग्रह की प्रगति की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाताओं के लिए डाटा बेस तैयार कर उनके लिए फॉर्म 12 डी जारी किया जाना है। अतएव प्राप्त दिशा-निदेशों के क्रम में सारी तैयारियां कर ली जाएं। उन्होंने फॉर्म 12, 12 ए एवं 12 डी के जारी किये जाने की स्थिति तथा उनके संकलन की जानकारी प्राप्त करते हुए, उसमें प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग एवं वरिष्ठ श्रेणी के एक भी मतदाता नहीं छूटें, इसका ध्यान रखें।
उन्होंने पोस्टल बैलेट की अहर्ता रखने वाले मतदाताओं के लिए डाटा बेस को सम्यक रूपेण भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के अनुरूप नियमित रूप से अपडेट करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में ओएसडी मुख्यालय गीता चौबे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हेमंत सोरेन के साथ हुआ भेदभाव, चार जून का है इंतजार : कल्पना सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन अपने दो दिवसीय दिल्ली दौरे के बाद सोमवार को रांची लौट आयी हैं। उन्होंने रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर कहा कि यह मेरा यह पहला कदम था रामलीला मैदान में।
मैं पहले कभी रामलीला मैदान नहीं गई थी। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि झारखंड की तरफ से मुझे चंपाई चाचा के साथ अपनी बातों को रामलीला मैदान में रखने का मौका मिला।हमारे आईएनडीआईए गठबंधन को मजबूती देने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हेमंत सोरेन ने चार साल तक मुख्यमंत्री के तौर पर काम किया वह जगजाहिर है। जनता खुद जवाब देगी। उनके साथ भेदभाव किया गया। चुनाव से पहले उनकी गिरफ्तारी हुई है। इन सारी बातों को हमें दिल्ली में रखने का मौका मिला। साथ ही साथ महिलाओं, आदिवासियों की बातों को रखने का मिला, जिसके लिए मैं खुद को सौभाग्यशाली समझती हूं। अब चार जून का सबको इंतजार करना होगा, तभी पता चलेगा कि बदलाव किस तरह हुई है।
पूरी उम्मीद है जीतकर ही आएंगे। गांडेय उपचुनाव में प्रत्याशी बनाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी तो ऐसी कोई बात नहीं हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस ओबीसी कमेटी द्वारा गोविन्दपुर में इफ्तार पार्टी का आयोजन

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कर्रा प्रखंड के गोविन्दपुर में कांग्रेस ओबीसी कमेटी खूंटी की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य रूप से कांग्रेस ओबीसी खूंटी जिला अध्यक्ष सोनू इमरान, झामुमो मिडिया प्रभारी राहुल केसरी, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव कैसर खान, भोला खान, राजा हाशमी, सदर कलीम खान, सज्जाद खान यासीन खान के अलावे अन्य लोग इफ्तार पार्टी में शामिल रहे।

### जंगली हाथियों ने मचाया भारी उत्पाद

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत चिनारों पुरियो पंचायत के डोला गांव में बीती मध्य रात्रि जंगली हाथियों ने भारी उत्पात मचाते हुए जग्गू गोप के मकान के दीवार को ध्वस्त कर दिया। और घर मे रखे धान मड़ुवा को अपना आहार बनाया। इसके अलावा जंगली हाथियों ने खेतों में लगी फसलों को अपना आहार बनाते हुए पैरों से रौंद कर बर्बाद कर दिया। ज्ञात हो कि इटकी प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव स्थित जंगल में पिछले दस दिनों से पांच जंगली हाथियों का झुंड विचरण कर रहे हैं। जिससे ग्रामीण काफी भयभीत है।

### विभिन्न गांव के ट्रांसफार्मर का मांग पत्र सौंपा गया

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर विधानसभा क्षेत्र के लापुंग प्रखंड अन्तर्गत लापुंग बिरसा चौक, डरहा बिरमकेल, बेड़ो प्रखंड अंतर्गत ग्राम ईटा एवं चान्हो प्रखंड के बदरी एवं पंडरी गांव का ट्रांसफर्मर विगत कई दिनों से खराब थी जिससे ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। डॉ परमेश्वर भगत ने आज दिनांक 01.04.2024 को विद्युत विभाग के त्ररू(जीएम) से मिलकर उपर्युक्त सभी गांव का ट्रांसफार्मर जल्द लगे उसके लिए संबंधित अधिकारी से वार्ता किया एवं ज्ञापन सौंपा। संबंधित विभाग के अधिकारी ने पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत को आश्वासन दिया कि सभी गांव का ट्रांसफर्मर जल्द से जल्द मुहैया कराया जाएगा। मौके पर बिरसा उरांव, संतोष उरांव, अक्षदीप उरांव एवं सुमित उरांव उपस्थित थे।

### भगवान श्री राम का अवतार हुआ तब सब धन्य हो गए : जयंती शास्त्री

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड के असुरकोड़ा गांव में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवतकथा तीसरे दिन श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ी। जगदगुरु वनांचलपीठा से जयंती शास्त्री ने संध्याकाल में श्रीमद्भागवत कथा में तीसरे दिन श्रीराम कथा के वर्णन करते हुए कहीं की श्री राम अवतार ही धर्म रक्षा के लिए हुआ। जब-जब धर्म में हानी ग्लानी होती है तब तक भगवान भी बीच स्वरूप धारण कर प्रकट हो जाते हैं। जीवात्मा के कल्याण करने के लिए बैकुंठ से उतरकर धारा धाम पर आ जाए और अपने चरित्र को दिखाकर जीवन पथ पर चलना सिखा दे ।वही श्री राम का अवतार है जो जीवन जीने की कला सीख दे। वही श्री राम कथा है भागवत करने की कला सिखाती है । श्री राम कथा श्री राम जीवन जीने की कला सिखाते हैं ।पुत्र को माता के साथ कैसा व्यवहार होना चाहिए पिता के प्रति कैसा सामान्य का भाव होना चाहिए भाई बहन के प्रति कैसा भाव प्रेम समर्पण होना चाहिए। यह श्री राम के जन्म लेकर सारे संबंधों का आदर सम्मान करते हुए निर्वाह करके दिखा दिया है। जब भगवान श्री राम का अवतार हुआ तब सब धन्य हो गए। माता कौशल्या पिता दशरथ सुमित्रा माता कैकई ही नहीं नगरवासी भी धन्य धन्य हो गए।इस मौके पर आसपास गांव के काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### विद्युत विभाग मांडर की लचर व्यवस्था से परेशान कोयलांचल के लोग

**पिपरवार :** खलारी पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र केजेबीबीएनएल के उपभोक्ता विगत छह महीने से ऑनलाइन बिजली बिल नहीं जमा कर पा रहे हैं।पहले विभाग की वेबसाइट से इजी बिजली एप के माध्यम से ऑनलाइन बिजली बिल की भुगतान की सुविधा उपलब्ध थी पर पिछले 6 माह से ऑनलाइन बिजली बिल भुगतान की सुविधा को बंद कर दिया गया है जिस कारण उपभोक्ताओं को सरकार द्वारा दिए जा रहे सब्सिडी का लाभ से भी वंचित रखा जा रहा है जिससे कोयलांचल क्षेत्र के विजली उपभोक्ता काफी परेशान है जबकि बिजली बिल ऑनलाइन भी नहीं निकल रहा है।बिजली बिल निकालने के लिए ऊर्जा मित्र की सहायता लेनी पड़ रही है।ऊर्जा मित्र के पास उपलब्ध मशीन से बिल निकाल कर ऑफलाइन भुगतान करना पड़ रहा है। ऑनलाइन बिजली बिल भुगतान की सुविधा बंद होने से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है।उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग पर आरोप लगाया है कि ऑफलाइन प्रक्रिया में सरकार द्वारा घोषित सब्सिडी का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है।इस संबंध में मांडर बिजली विभाग के सहायक विद्युत अभियंता से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर अपडेट किया गया है जिसके कारण यह परेशानी हो रही है। इधर ग्रामीण उपभोक्ताओं का कहना है कि सॉफ्टवेयर अपडेट हुए लगभग 3 महीना बीत जाने के बाद भी बिजली बिल का ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया को बंद रखा गया है ऐसा इसी बार नहीं हर समय विद्युत विभाग के द्वारा इस तरह षड्यंत्र रचकर भोले भाले ग्रामीण उपभोक्ताओं को सब्सिडी के लाभ से वंचित रखे जाने को लेकर इस तरह का खेल विभाग में किया जाता है।वहीं सहायक विद्युत अभियंता का कहना है कि जल्द ही सभी उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बिजली बिल की भुगतान की प्रक्रिया से जोड़ दिया जाएगा।बिजली बिल उपभोक्ता सुने तो किसकी सुने इसी आश्वासन को सुनते-सुनते उपभोक्ताओं के कान थक चुके हैं।

## डीसी ने भू-मालिक को बेवजह परेशान करने वाले आरोपित को थाने को किया सुपूर्द

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने भू-मालिक को बेवजह परेशान करने,निर्माण कार्य रोकने,गाली ङ्क गलोज,मारपीट आदि को लेकर एक व्यक्ति को थाने को सुपूर्द कर दिया। उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश,उप विकास आयुक्त संदीप कुमार,एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में पूरे मामले की सुनवाई कर सेक्टर 12 स्थित थाना प्रभारी को बुलाकर आरोपित अनिश कुमार पांडेय को हिरासत में भेजवाया। ज़ क्या है मामला ¬ सेक्टर 12 थाना अंतर्गत तेतुलिया खाता न. 40,पुराना प्लाट संख्या 312 के मालिक राम नारायण मेहता ने शनिवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त से मिलकर शिकायत किया था कि अनिश कुमार पांडेय व अन्य उनके प्लाट पर अपना दावा कर रहे हैं। उन्हें भवन निर्माण कार्य नहीं करने दे रहें है,उनके साथ गाली-गलोज ङ्क मारपीट करते हैं। उपायुक्त ने संबंधित दोनों पक्षों को अपना ङ्क अपना दावा से संबंधित दस्तावेज के साथ आज कार्यालय कक्ष में मामले की सुनवाई के लिए बुलाया। इस दौरान उपस्थित सभी संबंधित पदाधिकारियों के समक्ष मामलों की सुनवाई क्रम में पाया गया कि दूसरा पक्ष अनिश कुमार पांडेय व अन्य उक्त भूमि पर गलत दावा प्रस्तुत कर रहे हैं और बेवजह भू मालिक राम नारायण मेहता को परेशान कर रहें है।

## नए सत्र का शुभारंभ राम भक्त हनुमानजी की पूजा अर्चना से की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो :** चिन्मय विद्यालय के तपोवन सभागार में नव सत्र का शुभारंभ हनुमानजी की 108 नामो का उच्चारण के साथ किया गया। चिन्मय मिशन की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती के द्वारा श्री हनुमान जी की पुजा अर्चना के बाद उनके 108 नामों , मन्त्र का अर्थ बताते हुए जाप करवाया गया। जिसमें विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सुरज शर्मा एवम शिक्षक- शिक्षिकाओं ने पूजा अर्चना में भाग लिया। स्वामिनी जी ने हनुमानजी के 108 नाम के मन्त्र की महत्वता को बिस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि जीवन में हर पल हमारे साथ रहने वाले हमारे रक्षक परम् पूज्य हनुमानजी है। हमारे हर दुख-सुख में हमारे साथ रह्ते है। उन्होंने सभी शिक्षकों, छात्र-छात्राऔ को नये सत्र की शुभकामनाएं दी एवम सभी के जीवन मे सुख, समृद्धि, यश और स्वस्थ रहने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा ने नए सत्र के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले समय मे हमे नई शिक्षा पद्धति पर आधारित शिक्षा को और अधिक प्रयोग में लाना है। नए सत्र में नई उम्मीद, नई उर्जा एवम नई उमंग के साथ तैयारी करते हुए हमें सफलता की नई ऊचाइयों को छूना है। पूजा के ततपश्चात सभी ने आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद प्राप्त किया।

## स्टैंडिंग कमेटी का डीईओ सह डीसी ने किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र, निष्पक्ष,पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने स्टैंडिंग कमेटी की दूसरी बैठक की। बैठक में कमेटी के सदस्यगण समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रचार हेतु वीडियो/एलईडी वाहन आदि से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र को लेकर,मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक दलों के पद धारकों वाहन परमिट के लिए एवं आगामी 24 अप्रैल को ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन के संबंध में जारी पत्र के संबंध में विस्तार से बताया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, चास एसडीओ सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता,बेरमो एसडीओ सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी अशोक कुमार, डीसीएलआर सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी प्रभास दत्ता समेत सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## कल्याणपूर मे दावत ए इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित न्यू उदयन पब्लिक स्कूल में सोमवार को दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।कल्याणपुर के समाजसेवी अब्दुल अंसारी के द्वारा यह दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न गांव के ग्रामीण और रोजेदार शामिल हुए।इफ्तार से पूर्व क्षेत्र राज्य और देश की अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई,जिसके बाद सभी लोगों एक साथ बैठकर इफ्तार किया।समाजसेवी अब्दुल अंसारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारगी बढ़ती है।रोजेदार को इफ्तार करना काफी पुण्य का काम होता है।इस मौके पर मनोज चन्द्रा,जिप सदस्य अब्दुल्लाह अंसारी,टंडवा प्रमुख जितेंद्र सिंह,अब्दुल कुदूस,मोहम्मद ताज,शोएब आलम,शमशेर खान,अजमल अंसारी,जुल्फिकार अली, जहीर अंसारी,शाहनवाज अंसारी,इदरीस अंसारी,नईम अंसारी,बदरुद्दीन अंसारी, मुस्लिम अंसारी,सफीक अंसारी,मुख्तार अंसारी, मोहम्मद साहिल,मोहम्मद एजाज,सनाउल्लाह अंसारी, बसारत अंसारी,सलीम जावेद,आशिक अंसारी सहित राय,बचरा,डकरा, खलारी,न्यु मंगरदाहा,राहम, कामता,टंडवा,कल्याणपूर, बहेरा,बुढ़मू सहित अन्य जगहो के लोग मौजुद थे।



## पिपरवार जीएम ऑफिस में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय और संचालन कार्मिक प्रबंधक ज्योति कुशवाहा ने किया।इस समारोह में सेवानिवृत हुए पिपरवार क्षेत्र के एजीएम निरंजन सेनापति सहित चार कोयला कामगारों को भावभीनी विदाई दी गई।

सेवानिवृत होने वाले कामगारों में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक खनन निरंजन सेनापति,बचरा परियोजना के वरीय फोरमैन कलवंत सिंह, अशोक परियोजना के सहायक फौरमैन मैकेनिकल देवनारायण महतो और वरीय सुरक्षा प्रहरी हीरामन का नाम शामिल है।समारोह मे सभी का स्वागत माला पहनाकर और बुके देकर किया गया जिसके बाद सेवानिवृत अधिकारी और कर्मियों को बारी-बारी से उपहार व सेवा प्रमाण पत्र देकर विदाई दी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित वक्ताओं ने चारों के कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीएम सीबी सहाय ने कहा कि पुराने एवं अनुभव कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति होने से कंपनी को काफी क्षति पहुंच रही है। कंपनी के पास अनुभव की कमी हो रही है।

## वित्तीय वर्ष 2023 -2024 में बीएसएल का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो :** वित्तीय वर्ष 2023 -24 में बीएसएल ने प्रोडक्शन, डिस्पैच तथा टेक्नो-इकोनॉमिक पैरामीटर्स में कई नए कीर्तिमान बनाकर अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है.

वित्तीय वर्ष 2023 -24 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ ओवन पुशिंग, ग्रॉस सिंटर उत्पादन, हॉट मेटल (4 फर्नेस परिचालन से), एसएमएस-न्यू से क्रूड स्टील, टोटल क्रूड स्टील तथा सीआर सेलेबल के उत्पादन में कीर्तिमान बने हैं, साथ ही समग्र ऊर्जा खपत, कोक रेट, सीडीआई रेट तथा अन्य टेक्नो-इकोनॉमिक पैरामीटर्स एवं ग्रेन्यूलेटेड स्लैग के डिस्पैच में भी नए रिकॉर्ड बने.बोकारो स्टील प्लांट ने वित्तीय वर्ष 2023 -24 में प्रमुख उत्पादों में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि दर्ज की है.

इस कड़ी में चार फर्नेस परिचालन से 4725529 टन हॉट मेटल उत्पादन, 4309143 टन क्रूड स्टील उत्पादन, 3989921 टन सेलेबल स्टील का उत्पादन तथा 4006700 टन सेलेबल स्टील का डिस्पैच शामिल है जो बोकारो स्टील प्लांट की स्थापना काल से अब तक सर्वश्रेष्ठ आँकड़ा है.

इस प्रकार बोकारो स्टील प्लांट में वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान हॉट मेटल उत्पादन में लगभग 4.6 त्र, क्रूड स्टील में 4.7 त्र सी आर सेलेबल में 7.6 त्र तथा टोटल सेलेबल में 3.8 त्र की वृद्धि हासिल हुई है.

## आईएचएम राँची द्वारा होटल कैपिटल रेसीडेंसी में रेशम मार्ग पाककला एक पाक यात्रा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मांडर :** इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) रांची के सहयोग से होटल कैपिटल रेजीडेंसी, राँची में रेशम मार्ग पाककला ¬ एक पाक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है7 छौवा विषय आधारित पाक यात्रा दिनांक 01अप्रैल 2024 से 28 अप्रैल 2024 तक होटल कैपिटल रेजीडेंसी में आयोजित की जाएगी ।

छौवा जो की झारखंड के हृदयस्थल में एक करिश्माई चरित्र तथा राज्य का जीवंत स्थानीय पाक शुभंकर सभी भोजन प्रेमियों, खोजकर्ताओं और साहसी लोगों के बहुत ही सहज चरित्र का प्रतिनिधित्व करता है। रेशम का आकर्षण रेशम मार्ग की प्रारंभिक प्रेरक शक्ति थी, जिसने मोतियों और रत्नों, मसालों, कालीनों, कांच, दवाओं, मिट्टी के बर्तनों, हथियारों का स्वागत किया। लेकिन यह भोजन ही था जिसने इसे जीवित रखा। चाहे इसके यात्री व्यापारी हों या दार्शनिक या योद्धा, वे अपनी पाक आदतों और खाना पकाने के तरीकों को अपने साथ ले जाते थे। चूंकि विभिन्न संस्कृतियों के लोगों ने इस मार्ग पर महीनों और वर्षों तक समय बिताया, इसलिए उनके द्वारा तैयार किए गए व्यंजन प्रभावित होने और बदलने के प्रति संवेदनशील थे। सिल्क रूट पर प्रत्येक स्थान, चाहे वह शानदार शहर हो, समृद्ध व्यापारिक शहर हो, या हरा-भरा नखलिस्तान हो, का अपना विशिष्ट चरित्र और संस्कृति है और फिर भी यह रेगिस्तान और पहाड़ के पार हर दूसरे स्थान से जुड़ा हुआ है। छौवा विषय आधारित पाक यात्रा ने इस विचार को उजागर करने के लिए, भोजन की सार्वभौमिक भाषा का जश्न मनाने के लिए पाक अनुभव में विभिन्न संस्कृतियों, क्षेत्रों और पृष्ठभूमि के लोगों को जोड़ने, मसालों की सुगंध हवा में भरने, विविध पाक अनुभवों से उत्साहित कर रहा है।

आज, भारतीय, फ़ारसी और तुर्की व्यंजनों के साथ इतालवी और चीनी खाना पकाने से स्वादिष्ट, सस्ता, साधारण भोजन का प्रतिनिधित्व हो रहा है, जो प्राचीन सिल्क रोड का एक स्थायी प्रभाव है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों चीन, उत्तर पश्चिम सीमा, मध्य पूर्व और यूरोप के व्यंजनों को एक मंच पर दर्शाने हेतु इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) रांची के सहयोग से कैपिटल रेजीडेंसी मैं दिनांक 1 से 7 अप्रैल 2024 तक एशियाई व्यंजन, 8 से 14 अप्रैल, 2024 तक नॉर्थवेस्ट फ्रंटियर व्यंजन, 15 से 21 अप्रैल 2024 तक मध्य पूर्व व्यंजन तथा 22 से 28 अप्रैल, 2024 तक यूरोपीय व्यंजनों की प्रस्तुति लगाई जा रही है 7 इस प्रदर्शनी में तीखा कुंग पाओ चिकन, चपली कबाब, अमिनाबादी खुम्ब, झींगा समरकंद, गोश्त निहारि, चिकन पेशावरी, दाल बुखारा, कच्चे गोश्त की बिरयानी, विदेशी चिकन एवम पनीर शावर्मा, विस्कोटी की कुरकुराहट, जैस्मीन एवम ईरानी चाय, तुर्की कॉफी और कश्मीरी कहवा इत्यादि व्यंजनों की प्रस्तुति दी जायेगी।

## सखी मंडल की दीदियों के बीच आयोजित किया गया महिला कबड्डी मैच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिले के विभिन्न पंचायतों में महिला समूह की दीदीओं द्वारा स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। महिला समूह की दीदियों एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा रंगोली , मेहंदी का बेहतर प्रदर्शन कर आस पास के लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया तथा लोगों को उनके मताधिकार के महत्व को समझाया। इस दौरान महिलाओं के बीच विशेष कब्बडी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें मतदाताओं को जागरूक किया गया। सभी को निर्वाचन के अवसर पर अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बताया गया कि आगामी 15 मई को खूंटी में मतदान की तिथि है। सभी को जागरूक मतदाता के रूप में चुनाव के इस पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। इस दौरान ग्रामीणों को जागरूक करने के क्रम में मतदाता प्रतिज्ञा भी ली गई।

## अबुआ आवास में भ्रष्टाचार बर्दास्त नहीं सख्त कार्रवाई होगी : शिल्पी नेहा तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मांडर :** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि झारखण्ड सरकार की अत्यंत लाभकारी और महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार, घोटाला और घपलेबाजी स्वीकार नहीं है. श्रीमती तिर्की ने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता और भ्रष्टाचार की पुष्टि होती है तो सख्त कार्रवाई की जायेगी. आज क्षेत्र भ्रमण के दौरान चान्हो प्रखण्ड के ग्राम बिडरा और करमटोली में ग्रामीणों के साथ बातचीत करते हुए श्रीमती तिर्की ने आम लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया. श्रीमती तिर्की ने विशेष रूप से अबुआ आवास, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, पेयजल जैसी विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के कारण विकास की अनेक योजनाओं और कार्यों पर कुछ असर पड़ा है लेकिन चुनाव के बाद सभी लाभकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में गति आयेगी. श्रीमती तिर्की ने कहा कि विविध योजनाओं से लोगों को लाभ पहुँचाने के लिये श्री चंपाई सोरेन के नेतृत्व में झारखण्ड सरकार ने अपना मजबूत कदम उठाते हुए अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया और सरकार सही दिशा में काम करती रहेगी.

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त की अध्यक्षता में कार्यों की हुई समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खूंटी :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित गठित किए गए सभी कोषांग के कार्यों के अलावा अन्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा करते हुए सभी कोषांगों के कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवरीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही कलस्टर, मतदान केन्द्रवार मूलभत सुविधाएं (ख्न्न), मतदान केन्द्रवार रूट चार्ट/मैप, वाहनों की उपलब्धता, कम्युनिकेशन प्लान, मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा से जुड़े बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिले में चुनाव आयोग की अधिसूचना के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है, ऐसे में आचार संहिता को लेकर सभी अलर्ट होकर कार्य करें, आचार संहिता उल्लंघन का मामला आने पर तत्काल कार्रवाई करें। एफएसटी एवं एसएसटी को एक्टिवेट करने तथा सूचना मिलने पर निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्रवाई करें एवं इसकी सूचना भी दें।

उपायुक्त ने सभी कोषांग के कार्यों की समीक्षा की, इनमें कार्मिक कोषांग एवं गठित मेडिकल बोर्ड को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा प्रशिक्षण कोषांग को सेक्टर, मतदान कर्मियों एवं सेक्टर पोलिस पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित कराने एवं प्रशिक्षण मॉड्यूल को लेकर निर्देशित किया गया। साथ ही वाहन कोषांग, मतदाता सूची कोषांग, ईवीएम कोषांग को दिशा - निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कंट्रोल रूम को 24 म 7 उचित संचालन एवं रजिस्टर संधारण को लेकर निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में सभी मतदान केंद्रों पर एएमएफ फैसिलिटी सुनिश्चित कराने को लेकर भी निर्देशित किया। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को मतदान केन्द्रों पर जाकर पेयजल, शौचालय समेत और व्यवस्थाओं कि दोबारा से भौतिक जांच कर सभी सुविधाओं को सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बॉर्डर इलाकों सहित सीमावर्ती जिला से आने जाने वाले सभी वाहनों का सघन जांच का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध शराब, मादक पदार्थों, नकदी आदि का परिवहन या भंडारण नहीं हो, इसके लिए अलर्ट होकर उचित कार्रवाई करें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक आयोजित करें। साथ ही ब्क्ल्न के माध्यम से क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करें। उन्होंने निर्देश दिया कि संबंधित क्षेत्र के सुदूर इलाकों में पहुंचकर मतदाताओं को जागरूक किया जाय। विगत वर्ष के कम मतदान मतदान प्रतिशत वाले बूथों का भ्रमण करें एवं आवश्यक रूप से कार्य लिए जाय ताकि प्रत्येक मतदाता इस चुनाव में अपने मत का प्रयोग जरूर करें। इसके अलावा उन्होंने चुनाव को लेकर सभी बिंदुओं पर अपेक्षित प्रगति लाने एवं निष्ठापूर्वक दायित्व निर्वहन हेतु निर्देश दिए।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# पति ने ही सुपारी किलर को 16 लाख देकर कराई थी पत्नी ज्योति अग्रवाल की हत्या : एसपी

- आरोपी पति रवि अग्रवाल और कांड में शामिल तीन शूटर गिरफ्तार
- पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जमशेदपुर के सोनारी निवासी व्यवसायी रवि अग्रवाल की पत्नी ज्योति अग्रवाल की हत्या उसके पति ने ही सुपारी किलर से 16 लाख रुपए देकर कराई थी हत्या। आदित्यपुर स्थित ऑटो क्लस्टर में इस बावत एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर मामले का खुलासा करते हुए आरक्षी अधीक्षक मनीष टोप्पो ने बताया कि आरोपी पति रवि अग्रवाल और इस कांड में शामिल तीन शूटरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कांड में गोली मारने वाला शख्स बाबूडीह लालभट्ठा का रहने वाला है जिसका नाम सुरेश सहानी, और रोहित कुमार दुबे है। इन्हीं दोनों शूटरों ने गोली चलाई थी लेकिन एक आरोपी का गोली मिस फायर हो गया था। उन्होंने बताया किइस कांड में सुपारी किलर को सेट करने में रवि अग्रवाल का पुराना चालक मुकेश मिश्रा था। उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि इस कांड में दो और अपराधी भी शामिल थे जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने मामले का उद्भेदन करते हुए बताया कि छह माह पूर्व भी 9 लाख रुपये देकर गला रेतकर हत्या करने की योजना बने गई थी जिसमें 4 लाख रुपए एडवांस भी दिए थे। इससे पूर्व रवि अग्रवाल अपनी पत्नी को गंगटोक लेकर गया था। वहां भी गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया गया था। बताया कि ज्योति के पति रवि अग्रवाल ने ही हत्या की साजिश रची थी। इसमे शूटरों को 16 लाख रुपए देने का सौदा हुआ था, जिसमें से 3 लाख रुपए दिए जा चुके थे। उसी योजना के तहत इस घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद कर लिया है। पूछताछ के क्रम में आरोपी पति रवि अग्रवाल ने पुलिस के सामने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया है। हत्या की घटना स्विफ्ट कार और 3के बाइक से दी गई थी। पूरे मामले में मृतक ज्योति अग्रवाल के पिता प्रेमचंद अग्रवाल के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसपी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि विगत कई वर्षों से पति-पत्नी के बीच अनबन चल रहा था। उनके बीच अक्सर विवाद और मारपीट होती रहती थी। इसी कारण रवि ने अपनी पत्नी को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। बीते वर्ष दिसंबर माह में भी रवि ने विष्टुपुर स्थित एक रेस्टोरेंट में अपनी पत्नी की हत्या की योजना बनाई थी, लेकिन योजना सफल नहीं हो सकी। रवि करीब दो साल से हत्या की योजना बना रहा था। कई बार हत्या का असफल प्रयास किया, किन्तु इस बार वह सफल हो गया और कांदरबेड़ा के शेरे पंजाब होटल के बाहर खाना खाने के बाद ज्योति की हत्या कर दी गई। ज्योति के हत्यारे मोटरसाइकिल और कार से मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने पहले पति रवि अग्रवाल पर गोली चलाने का नाटक किया। इसके बाद पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद हत्यारे भागने में भी कामयाब रहे। ज्योति के पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी ने पहले भी हत्या की आशंका जताई थी। उसने अपनी बहन को भी बताया था। लेकिन दोनों ने ज्योति की बात को हल्के में लिया था जिसका परिणाम यह रहा कि अन्ततः उसकी हत्या कर दी गई। एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि मृतिका ज्योति अग्रवाल के पिता प्रेमचंद अग्रवाल ने लिखित आवेदन दिया था जिसमें उन्होंने अपने दामाद यानी मृतका के पति रवि अग्रवाल के विरुद्ध षड्यंत्र के तहत उनकी बेटी की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया था। इसके बाद चांडिल एसडीपीओ के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया था। टीम ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर अनुसंधान के क्रम में पाया कि मृतका के पति के साथ शादी के बाद से ही अनबन चल रहा था। आए दिन दोनों के बीच लड़ाई- झगड़ा होता था। जिससे वह अपने पत्नी को सहन नहीं कर पा रहे थे। जिसके बाद रवि अग्रवाल ने 16 लाख में मुकेश मिश्रा तथा उनके चार अन्य साथी को सुपारी देकर अपनी पत्नी को जान मारने की योजना बनाई। छापेमारी दल में चांडिल एसडीपीओ सुनील कुमार रजवार, चांडिल इंस्पेक्टर अजय कुमार, चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव, चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो, खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार, कपाली ओपी प्रभारी सोनू कुमार, ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडे व अन्य पुलिस बल शामिल थे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ नवान्न परायण महायज्ञ का शुभारंभ

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के चोगा आदारडीह नवान्न परायण समिति द्वारा सोमवार को कलशयात्रा कर नवान्न परायण महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। आदारडीह तालाब से सैकड़ों कुमारी कन्याओं ने करीब 2 किलोमीटर पैदल चलकर दुर्गा मंदिर प्रांगण यज्ञ स्थल पहुंचे। पुजारी जयदेव पांडे द्वारा तालाब घाट पर पूजा अर्चना कर कलशों में जल भरकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। पौराणिक मदन भेरी ढाक नखाड़े और भजन कीर्तन के साथ भक्ति भाव से नाचते गाते सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा के साथ मंदिर पहुंचे और वेद मंत्रोच्चार कर कलश स्थापना किया गया कलश स्थापना के बाद मंदिर में राम दरवार का पूजा अर्चना किया गया। मंगलवार को नवान्न परायण महायज्ञ में राम चरित मानस पाठ सह व्याख्या का शुभारंभ किया जाएगा। मौके पर समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार साहू, मनोज कुमार साहू, उपेन चन्द्र महतो, सुकदेव साहू, नरेश साहू, ठाकुर दास महतो, महेंद्र नाथ महतो,कुंवर सिंह महतो,प्रशांत, बीरिंची महतो ,गोपेश महतो, कानगू राम, राकेश,रथूराम महतो सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



## पूर्व प्रमुख शशिभूषण सिंह की पुण्यतिथि पर पटमदा में रक्तदान शिविर 6 अप्रैल को

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के पूर्व प्रमुख स्वर्गीय शशिभूषण सिंह की पुण्यतिथि आगामी 6 अप्रैल को मनाई जाएगी। मौके पर हर बार की तरह वनवासी कल्याण केंद्र जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में पटमदा के बेलटांड़ स्थित लाइफ केयर नर्सिंग होम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए रविवार को वनवासी कल्याण केंद्र के रामनाथ सिंह ने जोड़सा, बिरखाम, बांसगड़ व कुलटांड़ में युवाओं के साथ संपर्क किया। उन्होंने युवाओं से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान शिविर को सफल बनाएं। मौके पर पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला के पूर्व प्राचार्य पंचानन दास, गिरीजा प्रसाद मिश्रा, शरत सिंह सरदार, श्यामपद सिंह, उमाशंकर कुंभकार, देवेंद्र कुंभकार आदि मौजूद थे।

## साकची बंगाल क्लब में आज सजेगा जीण माता का दरबार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साकची बंगाल क्लब में मंगलवार 02 अप्रैल को श्री जीण माता का भव्य 18वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी सभी तैयारियां पुरी की ली गयी हैं। इसका आयोजन श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर द्वारा किया गया हैं। क्लब के एसी हॉल में दोपहर 03 बजे से मां भवानी जीण शक्ति का मंगल पाठ और संध्या साढ़े आठ (08.30) बजे से भजनों की अमृत वर्षा होगी। इससे पहले दोपहर 2 बजे से जीण माता की पूजा और अखंड ज्योत प्रज्जवलित की जायेगी। मंगलपाठ का वाचन करने के लिए जयपुर से रविश-सोनम की जोड़ी और भजनों की अमृत वर्षा करने के लिए प्रसिद्ध गायक कोलकात्ता से जयशंकर चौधरी तथा चंडीगढ़ से आशीष देशवाल आ रहे हैं। स्थानीय भजन गायक महावीर अग्रवाल भी भक्तों को झूमायेंगें। साज पर प्रताप शर्मा की म्यूजिकल ग्रुप रहेगी। साथ ही कोलकात्ता के कारीगरों द्वारा फूलों से माता का भव्य दरबार सजाया जायेगा। इस महोत्सव का यूटयूब पर सीधा प्रसारण होगा।



## चौरसिया परिवार गम्हरिया का होली मिलन समारोह संपन्न

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चौरसिया परिवार गम्हरिया की ओर से साई आंचल के कम्युनिटी हाल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता श्री कैलाश चौरसिया ने किया। इस मौके पट मुख्य अतिथि के रूप में समाज के जमशेदपुर चौरसिया परिवार के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद उपस्थित थे। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी केएन देव, कमलेश प्रसाद और सुभाष प्रसाद को सम्मानित किया गया। इस मौके पर समाज के सहयोग से गरभु बाबा मंदिर निर्माण कराने पर चर्चा की गई। इस मौके पर एक दूसरे को गुलाल लगाकर सभी ने बधाई दी। अंत मे सभी ने पारंपरिक भोजन का लुफ्त उठाया। इस अवसर पर चौरसिया परिवार गम्हरिया के उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार चौरसिया, महामंत्री मदन कुमार मोदी, कोषाध्यक्ष राम विलास प्रसाद, दिनेश प्रसाद, कुमोद प्रसाद, भवेश चौरसिया, महिला सदस्य साधना चौरसिया, सुषमा देवी समेत काफी संख्या में समाज के लोग शामिल थे।

## कमलपुर अंतर्राज्यीय चेक नाका में साढ़े पांच लाख नकदी जब्त

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कमलपुर थाना अंतर्राज्यीय चेक नाका में प्रतिनियुक्ति पुलिस कर्मियों ने तलाशी के दौरान एक व्यक्ति से साढ़े पांच लाख रुपए जब्त किया है। सोमवार की दोपहर को बंगाल से जमशेदपुर लौटने के क्रम में उस व्यक्ति को तलाशी के दौरान भारी मात्रा में नकदी मिलने से पुलिस ने जब्त कर लिया है। फिर जब्ती सूची बनाकर उस व्यक्ति को छोड़ दिया गया है। इस संबंध में कमलपुर थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर कमलपुर थाना परिसर में बने चेकनाका में नियमित चेकिंग अभियान के दौरान नकद राशि बरामद होने पर इसकी सूचना जिला प्रशासन और वरीय अधिकारियों को दे दी गई है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के क्रम में उक्त व्यक्ति ने खुद को मछ्ली का कारोबारी बताते हुए कहा कि बंगाल के छोटे व्यापारियों से मिले पैसे को ही लेकर वह जमशेदपुर लौट रहे थे।

## विधायक प्रतिनिधि अनुप ने नूतन सेवा सदन अस्पताल में मरीजों से मिलकर पूछा हालचाल

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक प्रतिनिधि अनुप सिंह देव ने सोमवार को खरसावां में संचालित नूतन सेवा सदन हॉस्पिटल में हो रहे हाइड्रोसील एवं हर्निया का ऑपरेशन किये सभी मरीजों से मिलने पहुंचे और मरीजों का हालचाल पूछा। अनुप सिंह देव ने कहा कि खरसावां के नूतन सेवा सदन अस्पताल में प्रत्येक सप्ताह हाइड्रोसील व हर्निया का आपरेशन होगी जिससे यहां के मरीजों को जमशेदपुर व रिम्स जाने की आवश्यकता नहीं है। ऑपरेशन के बाद सभी मरीजों को विधायक प्रतिनिधि ने अस्पताल के संचालक अजय मंडल द्वारा निशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। अनूप ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरसावां के सभी नवजात शिशु से अस्पताल जाकर मिले एवं क्षेत्र के गंभीर मरीजों को रिम्स एवं एमजीएम अस्पताल रेफर करवाया।

## क्षत्रिय संघ सोनारी इकाई का होली मिलन समारोह संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड क्षत्रिय संघ सोनारी इकाई का होली मिलन समारोह का आयोजन सोनारी इकाई के अध्यक्ष मनोज सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष रामचंद्र सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय कमेटी के अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह साथ में संरक्षण मंटू सिंह, उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह एवं अन्य लोगों ने दीप जलाकर उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में सोनारी इकाई के सभी लोग का महत्वपूर्ण भागीदारी था। इस अवसर पर मुख्य रूप हरेंद्र सिंह, एसएन सिंह, प्रदीप सिंह, कृष्ण सिंह, रमाकांत सिंह, विनोद सिंह, महावीर सिंह, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## जेआरजीबी हेंसल शाखा ने मनाया स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक ने 1 अप्रैल 2024 को अपना छठवा स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के हेंसल शाखा कार्यालय में कार्यलय प्रबंधक रुक्सार आलम खान के नेतृत्व में केक काटे गए एवं छोटे छोटे स्कूली छात्र छात्राओं के बीच शिक्षा सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राम प्रधान, समाजसेवी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित हुए। वहीं हेंसल शाखा के शाखा प्रबंधक रुक्सार आलम खान ने बताया कि बैंक के महीने भर चलने वाले स्थापना दिवस माह में ग्राहक सम्मान करना, स्वच्छता, स्वास्थ्य, वृक्षारोपण करना , स्थानीय स्कूलों में प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कृत करना आदि शामिल हैं।

## पटमदा के कई गांवों में आयोजित हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए विधायक मंगल कालिंदी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने सोमवार को पटमदा प्रखंड के कई गांवों में आयोजित हरिनाम संकीर्तन में शामिल होकर मत्था टेका और क्षेत्र की सुख शांति व समृद्धि की कामना की। विधायक ने सबसे पहले पटमदा प्रखंड के महुलबना पंचायत के केंदडीह में महिला समूह द्वारा आयोजित हरिनाम संकीर्तनमें शामिल हुए। इसके बाद गेंगाड़ा व आगुईडांगरा गांव में सोलोआना कमेटी द्वारा आयोजित हरिनाम संकीर्तन में शामिल होकर मंदिर में नमन करते हुए खुशहाली की कामना की। इस दौरान विधायक ने बांगुड़दा गांव में आयोजित साधु महोत्सव में भी शामिल हुए। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## मामा घर आए दो मासूम की तालाब में डुबने से हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के तामारी गांव में एक हृदय विदारक घटना घटी, जिससे गांव में मातम पसर गया। उत्तर प्रदेश से मामा घर आए दो सगे भाईयों की तालाब में डुबने से मौत हो गई। घटना कि सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस दोनों लाशें को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को 10 वर्षीय अरविंद प्रसाद एवं 6 वर्षीय सत्यपाल प्रसाद दोनों सहोदर भाई अपने मामा घर तामारी से दोपहर को खेल खेल में आताड़ग्राम तालाब तरफ गया। तालाब किनारे खेल खेल में दोनों भाई तालाब में डुब गया। परिजनों ने जब खाना खाने के लिए भी नहीं आया तो खोजबीन करने लगा। खोजबीन के दौरान शाम को तालाब में दोनों भाईयों को अचेत अवस्था में पाया गया। तत्काल परिजनों ने दोनों भाईयों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ईचागढ़ ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। ईचागढ़ पुलिस सोमवार को दोनों लाश को पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला भेज दिया। परिजनों ने दोनों लाशों को पोस्टमार्टम के बाद अपने पैतृक गांव उत्तर प्रदेश ले गए । वहीं ईचागढ़ थाना में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि दोनों लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया गया है एवं आगे की कार्रवाई किया जा रहा है।



## कुचाई के कांकी नाला के समीप चालक की लापरवाही से हाईवा पलटा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां-कुचाई मुख्य मार्ग में सोमवार सुबह लगभग 10? बजे काफी तेज गति से आ रहे मालवाहक हाइवा अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे चालक बाल-बाल बच गया. मिली जानकारी के अनुसार एक मालवाहक हाइवा (जेएच 19 ए 7603) अलकतरा लदा चिप्स(गिट्टी) लेकर सरायकेला से कुचाई के डांगो की ओर जा रहा था. चाकल की लापरवाही व गाड़ी काफी तेज गति रहने के कारण कांकी नाला के समीप तीखी मोड पर हाईवा अनियंत्रित हो गया एवं चालक गाड़ी को कंट्रोल नहीं कर पाया व स्टेरिंग फंस गया. जिसके कारण अलकतरा लदा मालवाहक वाहन रोड से नीचे गिर गई. वही ड्राइवर मौके का फायदा उठाकर घटनास्थल से फरार हो गया. मालुम हो कि सोमवार कुचाई साप्ताहिक बाजार था। बाजार के आसपास घटना नहीं घटा नहीं तो कई लोगों को गाड़ी अपने चपेट में लेकर रौंदकर मौत के मुंह में पहुंचा देता।समाचार लिखे जाने तक उक्त वाहन को घटनास्थल से नहीं हटाया गया था.



## टाटा स्टील के एमडी ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्क्वैश फैसिलिटी का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने आज जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक नई स्क्वैश फैसिलिटी का उद्घाटन किया। नई फैसिलिटी, जो कि जमशेदपुर में अपनी तरह की पहली सुविधा है, समुदाय के आम लोगों को पहुँच प्रदान करेगी। अब तक, दो निजी क्लबों, बेल्डीह और गोलमुरी में लगभग 30 खिलाड़ियों के लिए स्क्वैश कोर्ट हैं।नए स्क्वैश कोर्ट को वर्ल्ड स्क्वैश फेडरेशन (डब्ल्यूएसएफ) के अनुसार अंतरराष्ट्रीय सिंगल स्क्वैश कोर्ट डिजाइन मापदंडों और दिशानिर्देशों के आधार पर डिजाइन किया गया है, जिसमें कोर्ट का आकार 6.4 मीटर × 9.75 मीटर, कोर्ट की स्पष्ट ऊंचाई 5.65 मीटर और रोशनी का स्तर 1000 एलयूएक्स है।सीईओ और प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने कहा कि टाटा स्टील खेल उत्कृष्टता के स्तर को ऊपर उठाने के लिए लगातार प्रयासरत है और इस क्षेत्र में अपने योगदान पर बहुत गर्व महसूस करती है। मुझे उम्मीद है कि नयी सुविधा कंपनी की विरासत को मजबूत करेगी और उभरती प्रतिभाओं को पोषित करने और समुदाय में खेल के प्रति उत्साह को पुनर्जीवित करने में सहायक साबित होगी।



## टीवी नरेंद्रन ने जुस्को श्रमिक यूनियन के कॉन्फ्रेंस हॉल का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के सीईओ और एमडी श्री टीवी नरेंद्रन ने अध्यक्ष श्री रघुनाथ पांडे के साथ जुस्को श्रमिक यूनियन (जेएसयू) के नेताजी सुभाष चंद्र बोस सभागार (कांफ्रेंस हॉल) का आज उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में टाटा स्टील यूआईएसएल के अध्यक्ष चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील के मानव संसाधन प्रबंधन की उपाध्यक्ष अत्रेयी सान्याल और टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा सहित सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआईएसएल की वरिष्ठ नेतृत्व टीम भी शामिल हुई ।रघुनाथ पांडे ने सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया और एक आकर्षक और उत्पादक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। उन्होंने समारोह टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टीवी नरेंद्रन को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। साथ ही सीईओ एवं एमडी, टाटा स्टील का एथिक्स एवं सेफ्टी के प्रति समर्पण के बारे में भी सभी को बताया। समारोह के एंकर के रूप में जेएसयू के महासचिव सी डी एस कृष्णन थे, जिन्होंने कुशलतापूर्वक कार्यवाही का मार्गदर्शन किया। अमर नाथ तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में जेएसयू के डेप्युटी प्रेसिडेंट मनीष कुमार दुबे और जेएसयू के अन्य पदाधिकारी गण तथा समिति सदस्यों की उपस्थित थे।



## स्वीप कोषांग द्वारा जारी विभिन्न गतिविधियों का वरीय पदाधिकारी ने किया समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतगावां :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के निर्देशानुसार सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर प्रशासक आदित्यपुर, आलोक कुमार दुबे के अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वीप कोषांग अंतर्गत संचालित गतिविधियों का बिंदुवार समीक्षा किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस तथा सभी महिला पर्यवेक्षकों को आपस में सामंजस्य स्थापित कर अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। मतदाताओं को नैतिक मतदान के प्रति जागरूक करने, मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने, मतदाताओं को मताधिकार के महत्व को बताने तथा मतदान केन्द्रो पर दी जाने वाली सुविधाओं, मतदान की तिथि एवं मतदान क्षेत्र के बारे में जानकारी देने को कहा गया। दिव्यांग, वृद्धजन तथा निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारी एवं कर्मी के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से चुनाव के प्रवधान के बारे में जानकारी साझा कर मतदाताओं को जागरूक करने को कहा गया। बैठक में नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग -सह- जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी शोभा उपाध्याय, सोसल मीडिया प्रसार पदाधिकारी नंदन उपाध्याय, इ डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, महिला पर्यवेक्षक सरायकेला एवं खरसावां सहित अन्य सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## मारवाड़ी महिला सम्मेलन के राष्ट्रीय अधिवेशन में झारखंड प्रदेश को मिले 61 पुरस्कार

### - जमशेदपुर शाखा को मिला स्वर्गीय सुशीला मोहनका स्मृति पुरस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में झारखंड प्रदेश को विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु 61 पुरस्कार मिले। पारसनाथ के विशाल गुणायान सभागार में सफलतापूर्वक संपन्न हुए इस अधिवेशन में झारखंड प्रांत की अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल (काशीडीह निवासी) को स्वर्गीय सुशीला मोहनका स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। झारखंड प्रदेश को कतरास में दिव्यांगों के लिए खोले गये एक दुकान, उत्कृष्ट प्रदेश अध्यक्ष, ,अधिवेशन, स्वागतध्यक्ष, एक भागवत ऐसी भी उत्कृष्ट धार्मिक अनुष्ठान, अधिवेशन में सर्वाधिक सहयोग तथा सर्वाधिक उपस्थिति हेतु पुरस्कार मिला। पूरे झारखंड में 46 शाखाएं कार्यरत है उन सभी शाखाओं में जमशेदपुर शाखा को स्वर्गीय सुशीला मोहनका स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही जमशेदपुर में अपना सभागार निर्माण हेतु जमशेदपुर शाखा को पुरस्कृत किया गया। झारखंड में जितनी भी शाखाएं हैं उन शाखाओ को राष्ट द्वारा दिए गए चार प्रकल्प नेत्रदान, अंगदान, देह दान, पर्यावरण, नारी सशक्तिकरण एवं बाल विकास इन सभी प्रकल्प पर उत्कृष्ट कार्य करने हेतु गिरिडीह, रांची, धनबाद, चिरकुंडा ,जामताड़ा, चाईबासा, हीरक, देवघर, मोहनपुर, हजारीबाग ,गोविंदपुर आदि शाखओं ।को भी विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुरस्कार दिए गए। राष्टीय अध्यक्ष निरा बथवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस अधिवेशन में विगत दो वर्षों में किए गए कार्यों की समीक्षा के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रांत एवं शाखा को पुरस्कृत किया गया। इसमें जमशेदपुर की 17 महिलाओं समेत पूरे भारतवर्ष से करीब 800 महिलाएं शामिल हुई थी। यह जानकारी झारखंड प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुशीला खीरवाल (जुगसलाई निवासी) ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-24 सत्र का नाम राष्ट्रीयता एवं आध्यात्मिकता दिया गया था। इसी आधार पर इस अधिवेशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का नाम एक शाम वीरांगनाओं के नाम और सुबह निकाली गयी रैली का नाम गोपी रास रखा गया था।



## कच्चातिवु द्वीप को लेकर भाजपा व कांग्रेस में पॉलिटिकल वार

**लो**कसभा चुनाव से पहले तमिलनाडु में कच्चातिवु द्वीप चुनावी मुद्दा बनता दिख रहा है. पीएम मोदी के पोस्ट के बाद कांग्रेस ने भी पलटवार किया है. 285 एकड़ में फैला ये द्वीप 17वीं सदी में मदुरई के राजा रामानंद के राज्य का हिस्सा हुआ करता था. अंग्रेजों के शासन में ये मद्रास प्रेसीडेंसी के पास आ गया. एक आरटीआई जवाब पर आधारित एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने एक्स पर लिखा,ये चौंकाने वाला है. नए तथ्यों से पता चला है कि कांग्रेस ने जानबूझकर कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को दे दिया था. इसे लेकर हर भारतीय गुस्सा में हैं और एक बार फिर से मानने पर मजबूर कर दिया है कि हम कांग्रेस पर भरोसा नहीं कर सकते हैं. भारत की अखंडता, एकता को कम कर और हितों को कमजोर करना ही कांग्रेस के काम करने का तरीका है. जो 75 सालों से जारी है.दरअसल दक्षिणी राज्यों में अपनी पैठ बढ़ाने की कोशिश में जुटी बीजेपी को उम्मीद है कि यह मुद्दा तमिलनाडु में राजनीतिक पकड़ हासिल करने के उसके प्रयासों में काम आएगा. यह रिपोर्ट तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई द्वारा 1974 में पाल्क स्ट्रेट के क्षेत्र को श्रीलंका को सौंपने के तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार के फैसले पर मिले एक आरटीआई जवाब पर आधारित है. इस मुद्दे को लेकर लेकर हमेशा से ही तमिलनाडु में असंतोष रहा है. यह द्वीप हिंद महासागर के दक्षिणी छोर पर स्थित है. भारत के दृष्टिकोण से देखें तो ये रामेश्वरम और श्रीलंका के बीच स्थित है. 285 एकड़ में फैला ये द्वीप 17वीं सदी में मदुरई के राजा रामानंद के राज्य का हिस्सा हुआ करता था. अंग्रेजों के शासन में ये मद्रास प्रेसीडेंसी के पास आ गया. फिर साल 1921 में भारत और श्रीलंका दोनों देशों ने मछली पकड़ने के लिए इस द्वीप पर दावा ठोका. लेकिन उस वक्त इसे लेकर कुछ खास नहीं हो सका. भारत की आजादी के बाद समुद्र की सीमाओं को लेकर चार समझौते हुए. ये समझौते 1974 से 1976 के बीच हुए थे. जून 1974 में तत्कालीन विदेश सचिव केवल सिंह ने कच्चातिवु द्वीप को सौंपने के निर्णय की जानकारी तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री एम करुणानिधि को दी थी. सिंह ने रामनाद (रामनाथपुरम) के राजा के जमींदारी अधिकारों का उल्लेख किया और कच्चातिवु पर कब्ज़ा करने के अपने दावे को साबित करने के लिए श्रीलंका द्वारा सबूत दिखाने में विफल रहने का उल्लेख किया. हालांकि, विदेश सचिव ने यह भी कहा कि कच्चातिवु पर श्रीलंका की बहुत मजबूत स्थिति थी और उन्होंने रिकॉर्ड का हवाला दिया, जिसमें डच और ब्रिटिश मानचित्र में इस प्रमुख द्वीप को जाफनापट्टनम का हिस्सा दिखाया गया था. तत्कालीन विदेश सचिव ने कहा कि श्रीलंका, जिसे स्वतंत्रता-पूर्व अवधि के दौरान सीलोन कहा जाता था, 1925 से भारत के विरोध के बिना कच्चातिवु पर अपनी संप्रभुता का दावा कर रहा था. उन्होंने वकील एमसी सीतलवाड की 1970 की दूसरी राय का हवाला दिया, जिन्होंने कहा था कि कच्चातिवु श्रीलंका के साथ था और है, न कि भारत के साथ.ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा कच्चातिवु और उसके मछुआरों की जिम्मेदारी के जमींदारी अधिकार रामनाद के राजा को दिए गए थे. यह 1875 से 1948 तक जारी रहा और जमींदारी व्यवस्था खत्म होने के बाद इसका मद्रास राज्य में विलय हो गया. हालांकि, रामनाद के राजा ने श्रीलंका को कर चुकाए बिना, स्वतंत्र रूप से अपने जमींदारी अधिकारों का प्रयोग जारी रखा था.भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 10 मई, 1961 को द्वीप मुद्दे को अप्रासंगिक कहकर खारिज कर दिया. आरटीआई के अनुसार, विदेश मंत्रालय (एमईए) के संयुक्त सचिव (कानून और संधियाँ) के कृष्णा राव ने तर्क दिया था कि भारत के पास एक अच्छा कानूनी मामला है और द्वीप पर मछली पकड़ने के अधिकार को सुरक्षित करने के लिए इसका फायदा उठाया जा सकता है. कच्चातिवु को श्रीलंका को सौंपने से भारतीय मछुआरों पर असर पड़ा, जिनमें से ज्यादातर तमिलनाडु के थे, जिन्हें अक्सर श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हिरासत में ले लिया जाता था.साल 1974 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और श्रीलंका के राष्ट्रपति श्रीमावो भंडारनायके के बीच इस द्वीप पर समझौता हुआ. 26 जून, 1974 और 28 जून 1974 में दोनों देशों के बीच दो दौर की बातचीत हुई. ये बातचीत कोलंबो और दिल्ली दोनों जगह हुई थी. बातचीत के बाद कुछ शर्तों पर सहमति बनी और द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया गया था. इसमें एक शर्त ये भी थी कि भारतीय मछुआरे जाल सुखाने के लिए इस द्वीप का इस्तेमाल करेंगे. साथ ही द्वीप पर बने चर्च पर जाने के लिए भारतीयों को बिना वीजा इजाजत होगी. लेकिन एक शर्त ये भी थी कि भारतीय मछुआरों को इस द्वीप पर मछली पकड़ने की इजाजत नहीं दी गई थी. इस फैसले का काफी विरोध भी हुआ था. इस मसले को लेकर तमिलनाडु की सियासत हमेशा से गर्म रही है.तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री करुणानिधि ने इंदिरा गांधी सरकार के इस फैसले का काफी विरोध किया था. इसके खिलाफ 1991 में तमिलनाडु विधानसभा में प्रस्ताव भी पास कर द्वीप को वापस लाने की मांग की गई थी. जिसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा था. साल 2008 में तत्कालीन सीएम जयललिता ने सुप्रीम कोर्ट में इसे लेकर याचिका दायर की थी. और कच्चातिवु द्वीप को लेकर हुए समझौते को अमान्य करार देने की मांग की थी. उनका कहना था कि गिफ्ट में इस द्वीप को श्रीलंका को देना असंवैधानिक है।

### कांग्रेस ने वहां से कुलदीप इंदौरा को प्रत्याशी बनाया है

# राजस्थान में वसुंधरा समर्थक सांसदों का सफाया

रमेश सर्राफ धमोरा

> पिछले विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे समर्थक विधायकों के बड़ी संख्या में टिकट काटे गए थे। अब लोकसभा चुनाव में भी उनके समर्थकों का सफाया हो गया है। सिर्फ वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह को झालावाड़ से पांचवीं बार सांसद का टिकट मिला है। श्रीगंगानगर सीट पर पांच बार के मौजूदा सांसद निहालचंद मेघवाल का टिकट काटकर अनूपगढ़ नगर परिषद की अध्यक्ष प्रियंका बैलान को प्रत्याशी बनाया गया है। प्रियंका बैलान प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सीपी जोशी के साथ युवा मोर्चा में प्रदेश सचिव रह चुकी है।

**राजस्थान** में भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के सभी समर्थक सांसदों के टिकट काट दिए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे समर्थक विधायकों के बड़ी संख्या में टिकट काटे गए थे। अब लोकसभा चुनाव में भी उनके समर्थकों का सफाया हो गया है। सिर्फ वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह को झालावाड़ से पांचवीं बार सांसद का टिकट मिला है। श्रीगंगानगर सीट पर पांच बार के मौजूदा सांसद निहालचंद मेघवाल का टिकट काटकर अनूपगढ़ नगर परिषद की अध्यक्ष प्रियंका बैलान को प्रत्याशी बनाया गया है। प्रियंका बैलान प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सीपी जोशी के साथ युवा मोर्चा में प्रदेश सचिव रह चुकी है। निहालचंद मेघवाल 1996, 1999, 2004, 2014 व 2019 में सांसद व 1998 में रायसिंह नगर से विधायक रह चुके हैं। उनके पिता बेगाराम चौहान 1977 में जनता पार्टी से व 1989 में जनता दल से सांसद व 1972 में रायसिंह नगर से स्वतंत्र पार्टी की टिकट पर विधायक रह चुके हैं। निहालचंद के भाई लालचंद चौहान भी 2003 में रायसिंह नगर से भाजपा के विधायक रह चुके हैं। ऐसे में निहालचंद मेघवाल का टिकट काटने का सिर्फ एक ही कारण रहा है। उनका वसुंधरा राजे गुट में होना। कांग्रेस ने वहां से कुलदीप इंदौरा को प्रत्याशी बनाया है। चूरू से भाजपा के दो बार सांसद रहे राहुल कस्वां का टिकट काटने का भी मुख्य कारण वसुंधरा राजे के नजदीकी होना था। राहुल कस्वां चूरू में मजबूत जनाधार वाले नेता माने जाते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में नेता प्रतिपक्ष रहे राजेंद्र राठौड़ के तारानगर से चुनाव हारने के चलते राहुल कस्वां का टिकट काटा गया है। राहुल कस्वां स्वयं 2014 व 2019 में चूरू से भाजपा टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। उनके पिता रामसिंह कस्वां चूरू से चार बार सांसद व सादुलपुर से विधायक रह चुके हैं। राहुल कस्वां के दादा दीपचंद कस्वां 1980 में सादुलपूर सीट से निर्दलिय व राहुल कस्वां की माता कमला कस्वां 2008 में सादुलपुर से भाजपा की विधायक रह चुकी है। उनकी माता कमला कस्वां चूरू की



जिला प्रमुख व पंचायत समिति प्रधान भी रही हैं। राहुल कस्वां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के छोटे भाई कुलदीप धनकड़ के दामाद है। फिर भी उनका टिकट महज राजेंद्र राठौड़ के विरोध के चलते काटा गया है। अब राहुल कस्वां कांग्रेस टिकट पर चूरू लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। झुंझुनू से नरेंद्र कुमार खीचड़ का टिकट काटकर उदयपुरवाटी से पूर्व में विधायक रहे शुभकरण चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है। नरेंद्र खीचड़ भी वसुंधरा राजे के नजदीकी माने जाते रहे हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले स्वयं वसुंधरा राजे ने उनको भाजपा में शामिल करवा कर 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा टिकट पर प्रत्याशी बनवाया था। 2019 में उन्हें वसुंधरा राजे की सिफारिश पर ही लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया गया था। झुंझुनू में कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला के सुपुत्र विजेंद्र ओला को प्रत्याशी बनाया है। जयपुर शहर लोकसभा सीट से भाजपा से दो बार लगातार सांसद व पूर्व जिला प्रमुख रहे रामचरण बोहरा का टिकट काटकर मंजू शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया हैं। रामचरण बोहरा वसुंधरा राजे के नजदीकी लोगों में शुमार होते थे तथा उनके हर कार्यक्रम में पूरी सक्रियता से भाग लेते थे। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है। हालांकि मंजू शर्मा भी भाजपा के तीन बार प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा की सभी सरकारों में मंत्री रहे दिग्गज नेता भंवरलाल शर्मा की पुत्री है तथा 2008 में हवामहल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी बृजकिशोर शर्मा से मात्र 580 वोटो से चुनाव हार गई थी। चर्चा है कि मंजू शर्मा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सिफारिश पर भाजपा का प्रत्याशी बनाया गया है। दौसा से भाजपा सांसद जसकौर मीणा का टिकट काट दी गयी है। जसकौर मीणा पूर्व में सवाई माधोपुर से सांसद व बाजपेयी सरकार में राज्य मंत्री रह चुकी है। वह वसुंधरा राजे के नजदीकी मानी जाती है। दौसा सीट पर वर्तमान सांसद जसकोर मीणा अपनी पुत्री अर्चना मीणा को टिकट दिलवाना चाहती थी। वहीं राजस्थान सरकार में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा अपने भाई जगमोहन मीणा को टिकट दिलवाना चाहते थे। ऐसे में भाजपा ने वहां से चार बार विधायक व मंत्री रह चुके कन्हैयालाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने दौसा से मौजूदा विधायक मुरारीलाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है। करौली-धौलपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद मनोज राजोरिया का टिकट काट कर पूर्व प्रधान इन्दु देवी जाटव को प्रत्याशी बनाया है। मनोज राजोरिया 2014 व 2019 में सांसद बनने में सफल रहे थे। उनका वसुंधरा राजे के प्रति जुड़ाव किसी से छिपा हुआ नहीं है। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है। उदयपुर सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। यहां से लगातार दो बार सांसद रहे अर्जुनलाल मीणा का टिकट काटकर उनके स्थान पर परिवहन विभाग में कार्यरत मन्नालाल रावत को उम्मीदवार बनाया गया है। अर्जुन लाल मीणा वसुंधरा राजे गुट के माने जाते हैं। इसी के चलते उनका टिकट काट दिया गया है। कांग्रेस ने यहां से पूर्व जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा को प्रत्याशी बनाया है। बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट पर मौजूदा सांसद कनकमल कटारा का टिकट काटकर कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय को प्रत्याशी बनाया गया है। मालवीय प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पसंद माने जाते हैं। भीलवाड़ा लोकसभा सीट पर लगातार दो बार से सांसद बनते आ रहे सुभाष बहेड़िया का टिकट कटना भी तय माना जा रहा है क्योंकि यहां से अभी तक प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं हो पाई है।

दृष्टि कोण

# चुनौतियां अपार, आकर्षण बरकरार

**पहाड़ों** की ऊंचाइयों को फतह कर चोटी पर पहुंचने की चाहत हमेशा से मनुष्य को कुछ अद्भुत कर गुजरने के लिए प्रोत्साहित करती रही है। इसलिए संसाधनों के अभाव के बावजूद विश्व के दुर्गम इलाकों तक भी मनुष्य ने अपने जोश और जुनून के चलते पहुंच बनाई है। चाहे वह एवरेस्ट पर्वत हो अथवा उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों की खोज, कुछ हटकर करने की चाहत के चलते ही हजारों लोगों ने अपने नाम गिनीज बुक ऑफ वल्ड रिकॉड्स में दर्ज करवाने में सफलताएं हासिल की हैं। आज भी भारत और हिमाचल सहित अनेक राज्यों में ऐसे दर्शनीय स्थल हैं जहां पहुंचना अभी भी असंभव समझा जाता है। हिमाचल प्रदेश में एक ऐसा ही रमणीय अनछुआ और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर बैजनाथ उपमंडल का बड़ा भंगाल क्षेत्र है जहां सडक सुविधा न होने के कारण पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं माना जाता है। हिमालय की धौलाधार श्रृंखला में समुद्र तल से 2550 मीटर की ऊंचाई पर स्थित बड़ा भंगाल एक सुंदर घाटी है। यह घाटी विशाल पहाड़ों से घिरी हुई है और बर्फ से ढकी चोटियों, हरे-भरे घास के मैदानों और चमचमाती नदियों के मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करती है। 169 घरों और 620 के लगभग आबादी वाले बड़ा भंगाल गांव में लोग लगभग 7 महीने ही रहते हैं और जब बर्फ पड़ती है तो अधिकांश लोग बीड़ बिल्लिंग में आ जाते हैं जहां उनके घर हैं अथवा वे किराए के घरों में रहते हैं। इसी प्रकार वहां का स्कूल और पढने वाले बच्चे भी बीड़ स्थित स्कूल में स्थानांतरित हो जाते हैं। यहां पहुंचने के लिए बेहद दुर्गम, ढांकयुक्त खतरनाक दर्रों और पहाड़ों से होकर पहुंचना होता है। ढांकें इतनी खतरनाक कि एक बार पैर फिसला तो फिर बचाने वाला कोई नहीं। रोजगार के नाम पर जंगल से लकडियां चुनना, पशुपालन और भेड़-बकरियां पालना यहां के लोगों की मुख्य गतिविधियां हैं। दुर्गम इलाके में होने की वजह से और सडक मार्ग न होने के कारण इस गांव का भारत के शेष क्षेत्रों से संपर्क कटा रहता है। लोगों की आवाजाही बहुत कम है, सर्दियों में केवल बुजुर्ग लोग ही वहां घरों और पशुधन की देखभाल के लिए रह जाते हैं, जिनके समक्ष भयानक सर्दी जनित समस्याएं बरकरार रहती हैं। बड़ा भंगाल में एक आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी, पशु औषधालय, स्कूल, पीडब्ल्यूडी, आईपीएच और इलेक्ट्रिसिटी विभाग के कार्यालय तो हैं, लेकिन वहां कर्मचारियों की कमी खलती है। साईं फाउंडेशन ने वर्ष 2003-04 में 40 किलोवाट का एक हाइडल इलेक्ट्रिसिटी प्रोजेक्ट बड़ा भंगाल में लगाया था, लेकिन बाद में रखरखाव के अभाव के कारण वह बंद पड़ा है। बड़ा भंगाल के लोगों की 9 मांगें हैं जिनमें मुख्यतः सडक निर्माण, बिजली घर को ठीक करना, सामाजिक पेंशनधारकों को पेंशन राशि का समयबद्ध वितरण, जिनके बैंक अकाउंट बीड़ में हैं, लेकिन वह पिछले 4 सालों से अस्वस्थ होने की वजह से नहीं जा पा रहे हैं, को हेली सुविधा उपलब्ध करवाना शामिल है। बर्फ के दिनों में क्योंकि दो-ढाई सौ लोग ही गांव में रहते हैं, बीमार लोगों को मौके पर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचे, इसके लिए हेली सर्विस की मांग भी प्रमुख है। बड़ा भंगाल गांव में जो हेलिपैड है, उसे मरम्मत की दरकार है ताकि हेलिकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग हो सके। जब बात पहाड़ों पर चढने की और वादियों को निहारने की और ट्रैकिंग की आती है, तो शायद हिमाचल से बढिया एडवेंचर डेस्टिनेशन कोई दूसरा नहीं हो सकता है। उसमें भी बड़ा भंगाल एक ऐसा क्षेत्र है जिसे अनछुआ और चुनौतीपूर्ण समझते हुए साहसिक गतिविधियों में रुचि रखने वाले लोग ही वहां पहुंचना पसंद करते हैं। प्रतिवर्ष 200-300 ट्रैकर्स कुल्लू की काली हाण्णिए होली (चंबा) के रास्ते से और मुल्थान वाया थामसर जोत, बड़ा भंगाल पहुंचते हैं। एडवेंचर और ट्रैकिंग में रुचि रखने वाले लोग यहां आते रहते हैं जिनमें विदेशियों की काफी संख्या रहती है। अधिकांश टूरिस्ट और ट्रैकर्स अपने गाइड के साथ ही आते हैं। बड़ा भंगाल गांव की साक्षरता दर कम है। मनोरंजन के कोई साधन नहीं हैं। यहां के अधिसंख्य लोग ठाकुर राजपूत जातियों के हैं जिन्हें सरकार ने ओबीसी कैटेगरी में रखा है, लेकिन इनकी मांग है कि इन्हें अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया जाए। बड़ा भंगाल का इलाका वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी के अंतर्गत आता है। इसलिए रास्तों एवं अन्य निर्माण कार्यों हेतु वन विभाग की स्वीकृति की आवश्यकता रहती है। इस प्रक्रिया को सरकार को आसान बनाना चाहिए। जिलाधीश कांगड़ा ने होली-चंबा के रास्ते जाने वाली पैदल पथ की मरम्मत के लिए 5 लाख और सोलर लाइट्स के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की थी। यह प्रसन्नता का विषय है कि इन्वर्टर और अन्य सामग्री घोड़े-खच्चरों द्वारा बड़ा भंगाल पहुंचाई जा चुकी है, जबकि हेलीकॉप्टर के माध्यम से सोलर पैनल भी पहुंचाए जा चुके हैं। हिम ऊर्जा विभाग (हिमाचल प्रदेश) द्वारा 61 लाख रुपए की लागत से 169 सोलर लाइट्स किट्स लगाई जा चुकी हैं। खुशी की बात है कि पिछली सर्दियों से पहले पहले बड़ा भंगाल के सभी 169 घरों में सोलर लाइट्स से घर रोशन हो चुके थे। सेक्रेटरी पीडब्ल्यूडी ने सडक निकालने और बंद पड़े सडक मार्ग के निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने के आदेश दिए हैं। हिमाचल सरकार गर्मियों के सीजन में यदि चार महीनों के लिए ही सही ऑनलाइन बुकिंग द्वारा हेलीकाप्टर सेवा और बड़ा भंगाल में पर्यटकों के रहने-खाने की व्यवस्था एक पैकेज के तहत व्यवस्थित तरीके से करे तो निश्चित तौर पर बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आना और ठहरना चाहेंगे, जिससे न केवल बड़ा भंगाल क्षेत्र में पर्यटक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, अपितु राज्य की आर्थिकी को भी मजबूती मिलेगी। इस क्षेत्र की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से होना चाहिए।

कुछ अलग

## सपने के टूटते कगार

**अभी** हमने सिर उठाया भी नहीं, कि उससे पहले ही उन्हें खतरा पैदा हो गया, कि ये लोग सिर उठाएंगे तो जीने की राह मांगेंगे। पीठ भरने का वसीला मांगेंगे। खोई हुई जानों का हिसाब मांगेंगे। इसलिए इससे क्या बेहतर नहीं कि ये सिर उसी प्रकार झुके रहें, और अपनी जान और माल की खैर खैरियत हमसे मांगते रहें। आप पूछ सकते हैं, कौनसी जान और कौनसा माल? क्या वह जान जो संक्रमित होकर इसलिए दम तोड़ गई, कि उसके फेफड़ों को चालू रखने के लिए प्राण वायु के सिलेंडर नहीं थे। किस माल की हिफाजत करने की बात कहते हैं आप? सुना नहीं है क्या, जर, जोरू और जमीन पर कब्जा ताकत वाले का होता है। ताकत तो अपने वंश दर वंश हवेलियों वालों को सौंप दी। रजवाड़ाशाही खत्म हो गई। देश के करोड़ों बांके नौजवानों ने एक लंबी लड़ाई लड़ कर सामंतवाद को नेस्तनाबूद कर दिया है। इतिहास ने बताया। फिर यहां बदल कर कहां से नए रजवाड़े और नए सामंत आ गए? ये नाम जनता के राज का लेते हैं और पहले तो उम्र भर अपनी कुर्सी नहीं छोड़ते, फिर वंशगत परम्परा में उनके वारिसों, आने वाले सब वारिसों की वोटों की वसीयत अपने नाम करवा लेते हैं। वोट डालने के दिन नजदीक आते हैं, तो जनता जनार्दन के टूटे सपनों के रूप खण्डहरों की मरम्मत होने लगती है। उन्हें नई वायवीय घोषणाओं की बैसाखियों के साथ खड़ा करके उपलब्धियों का एक नया सब्जबाग बना कर पेश कर दिया जाता है। इस जमाने का कोई भरोसा नहीं है, साब। जाने कब करवट बदल ले। जाने किस दांव अपना हाथ बदल अपनी हार को जीत में बदल दे। वैसे भी जीत का लड्डू हमेशा ही ऊपर वालों के हाथ रहता है। तब भी जब वोटें पडने का मौसम करीब आया, और आपने युगों से लम्बित अच्छे दिनों का सपना साकार होने का एक ट्रेलर हमें दिखा दिया और पूरी फिल्म दिखाने का सपना भविष्य के कंधों पर लाद दिया। लेकिन याद रखिए, कल, आज और कल में जो बीत गया वह कल तो कभी मुडकर आता नहीं और आने वाला कल कभी मिलता नहीं, जब भी मिलेगा, वह यही आज बन कर ही मिलता है। वही रंग उतरा आज जिसमें आने वाले दिनों में अच्छे दिन दे देने के वायदों को दोहराया जाता है। उन लोगों ने दोहराया है, जो बरसों बाद आपका और भी निर्जीव होता चेहरा पहचानने चले आए थे। नए वायदों के कनकौओं के साथ, एक बार फिर से आकाश में उडने का एहसास दे रहे हैं। यह वे एहसास हैं जो काम किए बिना देश के आत्मनिर्भर हो जाने की तस्वीर बनाते हैं। आंकड़ों के ऐसे खेल दिखाते हैं कि गिरावट की ओर सटपट भागती अर्थव्यवस्था का शेयर सूचकांक बल्लियों उछलने लगता है। इन्होंने पूरा विश्व एक मंडी बना देने का वायदा किया था न। लीजिये पूरे विश्व में पैट्रोल और डीजल की कीमतें कम हो गईं हैं, फिर भी देश की चाल धीमी हो गई तो क्या? इस देश के लोगों को तो वैसे ही कीड़ी चाल से रेंगने की आदत है। धरती पर रेंगना और आकाशचारी होकर विकास के आंकड़ों के वायुयान की सवारी करना इनकी पुरानी आदत है। भैया, ये आंकड़े बहुत बड़ी चीज हैं। आप जितना चाहें आंकड़ों की सत्यता की जांच कर वैकल्पिक आंकड़े ले आएं, हमने संकट बचा लिया और अपनी कुर्सी भी। बस अब चुप लगा जाइए और अपनी जानों को कुर्सीधारियों की अमानत मानिए। वे खैरात बांटते रहेंगे, अब बस दुआओं से काम चलाइए। बदलाव के नारे मंचों तक सीमित रहे तो बेहतर।

देश दुनीया से

## पहले आम चुनाव के 25 में से 12 राज्य जो अब नहीं हैं

> अजमेर राज्य कभी भारत का एक राज्य था जिसकी राजधानी अजमेर शहर थी। इसकी स्थापना 7वीं शताब्दी में हुई थी और इस पर चैहान वंश का शासन था। बाद में यह मुगल साम्राज्य और फिर मराठों के नियंत्रण में आ गया। 1947 में भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद, अजमेर राज्य भारत के संघ में शामिल हो गया। 1950 में यह राजस्थान राज्य का हिस्सा बन गया। यह राज्य 1951-52 के आम चुनाव में शामिल रहा। स्वतंत्रता से पूर्व भोपाल राज्य भारत में एक रियासत थी जो 1723 से 1949 तक अस्तित्व में थी, जिसकी राजधानी भोपाल शहर थी। इसकी स्थापना एक अफगान कमांडर दोस्त मोहम्मद खान ने की थी और इस पर उनके वंश के वंशजों, भोपाल के नवाबों का शासन था। 1947 में, भारत के विभाजन के दौरान, रियासतों को भारत या पाकिस्तान में शामिल होने का विकल्प दिया गया था।

**गणतांत्रिक** भारत का अट्ठारहवां आम चुनाव देश के 36 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में हो रहा है। जिनमें 29 पूर्ण राज्य और शेष केन्द्र शासित प्रदेश है। लेकिन कभी भारत का प्रशासनिक ढांचा थोड़ा सा भिन्न था। इसमें 10 पार्ट-ए, 8 पार्ट-बी, 9 पार्ट-सी और एक पार्ट-डी राज्य थे। इनमें से 12 राज्य अब वजूद में नहीं हैं। अजमेर राज्य कभी भारत का एक राज्य था जिसकी राजधानी अजमेर शहर थी। इसकी स्थापना 7वीं शताब्दी में हुई थी और इस पर चैहान वंश का शासन था। बाद में यह मुगल साम्राज्य और फिर मराठों के नियंत्रण में आ गया। 1947 में भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद, अजमेर राज्य भारत के संघ में शामिल हो गया। 1950 में यह राजस्थान राज्य का हिस्सा बन गया। यह राज्य 1951-52 के आम चुनाव में शामिल रहा। स्वतंत्रता से पूर्व भोपाल राज्य भारत में एक रियासत थी जो 1723 से 1949 तक अस्तित्व में थी, जिसकी राजधानी भोपाल शहर थी। इसकी स्थापना एक अफगान कमांडर दोस्त मोहम्मद खान ने की थी और इस पर उनके वंश के वंशजों, भोपाल के नवाबों का शासन था। 1947 में, भारत के विभाजन के दौरान, रियासतों को भारत या पाकिस्तान में शामिल होने का विकल्प दिया गया था।



उस समय भोपाल के नवाब हमीदुल्ला खान ने भारत में शामिल होने का फैसला किया 1949 में, भोपाल राज्य का भारत संघ में विलय कर दिया गया और 1956 में भोपाल नवगठित राज्य मध्य प्रदेश का हिस्सा बन गया। इस राज्य में भी देश के पहले आम चुनाव हुये थे। 1951 तक, भोपाल राज्य में भोपाल शहर, बैरसिया, सीहोर, रायसेन, होशंगाबाद, इटारसी, नरसिंहगढ़, राजगढ़, विदिशा एवं सिरोंज आदि क्षेत्र थे। बॉम्बे राज्य भारत का एक राज्य था, जो 1950 से 1960 तक अस्तित्व में रहा। इसका निर्माण बॉम्बे प्रेसीडेंसी के क्षेत्रों को पश्चिमी क्षेत्र की रियासतों के साथ विलय करके किया गया था। सन 1957 तक बंबई राज्य कई परिवर्तनों से गुजरा। बॉम्बे राज्य का गठन 1 मई 1950 को राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 के तहत किया गया था, जिसने राज्यों को भाषाई आधार पर पुनर्गठित किया था। इस राज्य में पूर्व बॉम्बे प्रेसीडेंसी के क्षेत्र शामिल थे, जिसमें वर्तमान महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक के कुछ हिस्से शामिल थे। इतिहासकारों के अलावा कुर्ग राज्य शायद ही भारतवासियों के मस्तिष्क में सलामत होगा। यह राज्य हिमाचल प्रदेश जैसे कुछ राज्यों की तरह भारत का एक पार्ट-सी राज्य था जो 1950 से 1956 तक अस्तित्व में था। जब 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ, तो अधिकांश मौजूदा प्रांतों को राज्यों में पुनर्गठित किया गया तो कूर्ग प्रांत कूर्ग राज्य बन गया। कूर्ग राज्य पर एक मुख्य आयुक्त का शासन था और मरकारा इसकी राजधानी थी। राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के अनुसार 1 नवंबर 1956 को कूर्ग राज्य को समाप्त कर दिया गया और इसके क्षेत्र को मैसूर राज्य (बाद में 1973 में इसका नाम बदलकर कर्नाटक कर दिया गया) में मिला दिया गया। वर्तमान में, कूर्ग कर्नाटक राज्य का एक जिला है। हैदराबाद राज्य भी भारत में एक रियासत थी जो 1724 से 1948 तक अस्तित्व में थी। इस पर निजामों का शासन था। यह भारत की सबसे बड़ी रियासत थी और अपनी सांस्कृतिक और भाषाई विविधता के लिए जानी जाती थी। क्षेत्रफल के मामले में भारत की सबसे बड़ी रियासत थी। इसमें लगभग 214,190 वर्ग किलोमीटर (82,865 वर्ग मील) के क्षेत्र था। यह भारतीय उपमहाद्वीप के दक्षिण-मध्य भाग में स्थित था। सन 1956 के राज्य पुनर्गठन अधिनियम में भाषाई आधार पर राज्यों का पुनर्गठन हुआ तो हैदराबाद राज्य के तेलुगु भाषी हिस्सों को आंध्र प्रदेश बनाने के लिए आंध्र राज्य में मिला दिया गया, जबकि मराठी भाषी क्षेत्रों को बॉम्बे राज्य में मिला दिया गया, और कन्नड़ भाषी क्षेत्र मैसूर राज्य (अब कर्नाटक) का हिस्सा बन गए। राज्य के तौर पर यहां 1951 में अंतिम आम चुनाव हुआ था। मध्य भारत नाम से भी 1956 तक एक राज्य था। जिसे मालवा संघ के नाम से भी जाना जाता था। यह पच्चीस रियासतों के विलय से 28 मई 1948 को बनाया गया था। संघ का क्षेत्रफल 120,380 वर्ग किमी था। ग्वालियर इसकी शीतकालीन और इंदौर ग्रीष्मकालीन राजधानी थी। इसकी सीमा दक्षिण-पश्चिम में बॉम्बे, उत्तर-पश्चिम में राजस्थान, उत्तर में उत्तर प्रदेश और पूर्व में विंध्य प्रदेश और दक्षिण-पूर्व में भोपाल राज्य और मध्य प्रदेश राज्यों से लगती थी। 1 नवंबर 1956 को, मध्य भारत, विंध्य प्रदेश और भोपाल राज्य के साथ मध्य प्रदेश में विलय कर दिया गया।

आप का नजरीया

## क्या चीन निशाने पर...?

**पाकिस्तान** में दो वारदातें ऐसी हुई हैं, जिनका निशाना चीनी नागरिकों की तरफ लगता है। पाकिस्तान की सुरक्षा समस्याएं एक बार फिर बदतर होती जा रही हैं। एक घटना बीते सोमवार को हुई, जब 'बलोच मुक्ति सेना' के चरमपंथियों ने पाकिस्तान के नौसेना बेस 'पीएनएस सिद्धिक' में घुसने की कोशिश की। यह खबर जानबूझ कर छिपा दी गई, अलबत्ता इसके फलितार्थ बेहद गंभीर हो सकते थे। यह हमलानुमा प्रयास ग्वादर बंदरगाह क्षेत्र पर किए गए हमले के करीब एक सप्ताह बाद किया गया। हालांकि सुरक्षा बलों ने हमले को नाकाम कर दिया। ग्वादर चीन पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर का केंद्रीय स्थान है, जबकि नौसेना बेस चीनी ड्रोन्स का आतिथ्य करता है। यदि बलोच चरमपंथी नौसेना अड्डे में घुसने में कामयाब हो जाते, तो न जाने क्या हो सकता था? पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र-खैबर पख्तूनख्वा-में 'बलोच मुक्ति सेना' अपनी आजादी की लड़ाई लड़ रही है। खनिजों से सम्पन्न बलूचिस्तान पाकिस्तान के व्यवहार, रवैये और वहां की हुकूमत को 'साम्राज्यवादी' करार देता रहा है। वहां के चरमपंथी पाकिस्तान की फौज पर भी हमले करते रहे हैं। चूंकि आर्थिक कॉरिडोर को 'बलोच चरमपंथी' पाकिस्तान के औसत गरीब को लूटने वाली परियोजना मानते रहे हैं। इससे फौज के जनरलों के 'संभ्रांत वर्ग' को ही फायदा है, क्योंकि उन्हें करोड़ों डॉलर के नए कर्ज चीन से मिलते रहे हैं। बहरहाल दूसरी वारदात एक आतंकी हमले सरीखी थी। बीते मंगलवार को पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में एक आत्मघाती हमले में चरमपंथियों ने 5 चीनी इंजीनियरों और एक पाकिस्तानी वाहन चालक को मार दिया। हमलावरों ने विस्फोटकों से भरे वाहन से उनकी गाड़ी को टक्कर मारी और विस्फोट जानलेवा साबित हुआ। चीनी इंजीनियर एक पनबिजली परियोजना पर काम कर रहे थे। हमला उस वक्त किया गया, जब वे इस्लामाबाद से कोहिस्तान की ओर जा रहे थे। आत्मघाती हमले से साफ है कि पाकिस्तान में आर्थिक कॉरिडोर के लिए सब कुछ ठीक नहीं है। चरमपंथी हुकूमत और फौज के प्रिय दोस्तों, चीनियों को, भी निशाना बना रहे हैं। हालांकि ऐसे चीनी इंजीनियरों को पाकिस्तान में पर्याप्त सुरक्षा-व्यवस्था मुहैया कराई जा रही है, लेकिन हमले रुक नहीं पा रहे हैं। 2023 में भी ग्वादर में चीनी नागरिकों पर हमला किया गया था, जिसमें चार चीनी मारे गए थे। पाकिस्तान आतंकवाद को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करने में 'मास्टर' है। 'बलोच मुक्ति सेना' वर्षों से इस्लामाबाद के लिए 'कांटा' साबित होती रही है। पाकिस्तान के लिए आतंकवाद कई मायनों में स्वीकार्य है। हालांकि वहां भी आतंकवाद ने हजारों मासूम नागरिकों की जिंदगी छीनी है, फिर भी आतंकी हमलों से पाकिस्तान न तो चिंतित होता है और न ही बेचैन होता है। अब चीनी इंजीनियरों की हत्या को लेकर पाकिस्तान अपनी पुरानी दलीलें दे सकता है, लेकिन चीन भी उससे विमुख नहीं हो सकता, क्योंकि कॉरिडोर पर अरबों डॉलर खर्च किए जा चुके हैं और यह चीन के लिए बेहद महत्वाकांक्षी परियोजना है।

सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने चतरा लोकसभा क्षेत्र में भरा जीत का हुंकार

# भाजपा कार्यालय में चतरा लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सिमरिया विधानसभा स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के लिए जीत का हुंकार भरा है।उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा है कि पिछले 10 वर्षों के देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में एक दो नहीं बल्कि 145 योजनाएं देश की जनता को समर्पित किया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चलाए गए कार्यक्रमों को हर घर तक पहुंचाना संगठन के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज के हर तबका की जिंदगी में सुधार लाने के लिए ठोस और सार्थक प्रयास किया है,जिनमें महिलाओं के लिए घर-घर शौचालय का निर्माण, देश के हर गरीब से गरीब आदमी का जनधन योजना के तहत खाता खुलवाना,देश के प्रत्येक गरीब परिवारों को मुफ्त में राशन उपलब्ध कराना, कोरोना जैसे वैश्विक महामारी के दौरान में राशन और सहायता राशि उपलब्ध कराना, किसानों के लिए सम्मान निधि राशि उपलब्ध कराना, महिलाओं के लिए उज्जवला गैस योजना के तहत मुफ्त में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना जैसी अनेक ऐसी अनेक योजनाएं हैं जिससे गांव का हर व्यक्ति लाभान्वित हुआ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बताया कि आपको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने दावे के साथ कहा कि देश का कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं होगा जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं का लाभ नहीं उठाया हो।उन्होंने बताया कि सबसे दुखद स्थिति देश के उन गरीबों को होता था जिन्हें इलाज करने के नाम पर घर के गहना - जेवर या जमीन जायदाद भेज देनी पड़ती थी। उन्होंने बताया कि विश्व की सबसे बड़ी आयुष्मान योजना के तहत देश के हर गरीब परिवारों को पांच लाख रुपए तक मुक्त इलाज करने की सुविधा भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र से पहली बार स्थानीय प्रत्याशी को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है और रिकॉर्ड मतों से भाजपा के चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह की जीत होगी। इस मौके पर चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा है कि मुझे जैसे साधारण कार्यकर्ता ने चतरा लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है।उन्होंने बताया कि मैं चतरा की माटी का बेटा हूं और यही पढ़ा हूं, यही दौरा हूं, किसी का भाई हूं ,किसी का चाचा हूं ,किसी का बेटा हूं और मैं क्षेत्र की जनता के लिए 24 घंटा उपलब्ध रहूंगा और एक सेवक के रूप में कार्य करूंगा। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मृत्युंजय सिंह ने किया।

# सिलाई सीखने के लिए तीन बच्चियों को भेजा गया रांची




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना जेएसएलपीएस गिद्धौर से सोमवार को तीन बच्चियों को सिलाई सीखने के लिए रांची आईडी टेक सॉल्यूशन भेजा गया है। यह कार्य जेएसएलपीएस के प्रखंड प्रशासनिक सहायक अमरजीत सिन्हा के नेतृत्व में भेजा गया है। बच्चियां प्रखंड के पेक्सा गांव से कुमकुम कुमारी मायाडीह से कंचन कुमारी बरियातू से गीता कुमारी का नाम शामिल है।जेएसएलपीएस से उपस्थित एफटीसी अनिल प्रजापति सीसी सरदार जितेंद्र सिंह रंजीत कुमार यादव निशांत कुमार एवं कुमकुम देवी ने बच्चियों के माता को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए समझाया गया।

## जेएसएलपीएस के महिलाओं ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पंचायत मुख्यालय के सलगा गांव में जेएसएलपीएस से जुड़े महिलाओं ने मतदाता जागरूकता अभियान सोमवार को चलाया। यह कार्य ग्राम संगठन के अध्यक्ष तुना देवी के नेतृत्व में किया गया। जहां प्रस्तावना पढ़ते हुए 2024में लोकसभा में होने वाली चुनाव को लेकर महिलाओं ने शपथ लिया।कि हम अपने देश की लोकतंत्रता को बनाए रखेंगे।निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान करेंगे।लोकतंत्र की गरिमा को बचाए रखेंगे।धर्म वर्ग जाति समुदाय व अन्य किसी भी प्रलोभन के बिना अपना मतदान करेंगे। मौके पर उपस्थित प्रतिमा देवी गायत्री देवी सुनीता देवी नीतू देवी पुष्पा कुमारी उषा देवी सुशीला देवी रेखा देवी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह से कार्यकर्ताओं ने किया मुलाक़ात



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी कालीचरण चरण सिंह से सोमवार को शिष्टाचार मुलाकात उनके आवास पर जाकर किया।जहां पंचायत के साथ-साथ गिद्धौर प्रखंड के कई समस्याओं से अवगत कराए।भाजपा प्रत्याशी ने कार्यकर्ताओं को आश्वासन देते हुए कहा की आप सभी भाजपा को पूर्ण सहयोग करें।प्रखंड के कई समस्याओं को हर संभव सहयोग करने की बात कही है। मौके पर भाजपा ओबीसी प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष कुमार दांगी ब्रह्मदेव दांगी शिव शंकर साहू शिव शंकर साहू आदित्य भारती प्रकाश प्रजापति उपस्थित थे।

# टाइगर इलेवन ने सिंदुवारी फाइटर को हराकर जीता जीपीएल का खिताब




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल मैदान में चल रहे जीपीएल के फाइनल मैच में पैंथर इलेवन ने सिन्दूवारी फाइटर की टीम को पराजित कर सोमवार को खिताब जीत लिया। खेले गये रोचक मुकाबले में पैंथर ने सिन्दूवारी फाइटर को सात रनों से पराजित किया है। इस टिम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुये पैंथर इलेवन ने निर्धारित 12 ओवर में 153 रन बनाए।जबाबी पारी खेलने उतरी सिन्दूवारी फाइटर की टीम ने 12वोभर में 146 रन ही बना पाई।फाइटर के लिये जितेंद्र यादव ने 23 गेंदों में 55 रन की शानदार पारी खेली। मैन ऑफ द सीरीज का खिताब जितेंद्र यादव व मैन ऑफ द मैच का खिताब राजेश राम को मिला।मुख्य पुरुष्कार वितरण के मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी थे। उन्होंने विजेता टीम को 31 हज़ार नकद व ट्रॉफी, उपविजेता को 21 हज़ार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जीप उपाध्यक्ष ने कहा कि,जीपीएल ने प्रखंड के खिलाड़ियों को निखारने के लिये एक मंच उपलब्ध कराया।इसके लिये आयोजन कमिटी को बधाई दी।उन्होंने खेल व खिलाड़ियों को हर संभव मदद का आश्वाशन दिया। इस अवसर पर अशोक शर्मा, मुखिया निर्मला देवी, कपिल कुमार, मनोज कुमार कुशवाहा, कृष्णा पासवान, बिनोद पासवान समेत कई थे। टूर्नामेंट को सफल बनाने में आयोजन कमिटी के अध्यक्ष प्रेम राणा,सचिव निरंजन दांगी, जितेंद्र भोगता, समेत अन्य ने अहम भूमिका निभाई।

## डाड़ी गांव निवासी उमेश जेपीएससी में 156 वां रैंक लाकर बना डॉक्टर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** कुछ करने का यदि मन में जिद्द हों तो हर उच्चाई भी छोटी पड़ जाती है। जी हाँ यही कर दिखाया है चतरा जिला के सिमरिया प्रखण्ड अंतर्गत डाड़ी पंचायत के डाड़ी गांव के एक मजदूर हुलास राम के पुत्र उमेश कुमार रवि ।जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन तथा जुनून के बल पर डॉक्टर का मकाम हासिल कर वर्तमान में दिल्ली के इंडो क्रोनोलॉजी डिपार्टमेंट में सेवा दे रहा है। बातचीत के दौरान डॉक्टर उमेश ने बताया कि मेरा माता पिता अत्यंत गरीब एवं मजदूर वर्ग के थे किंतु हम दो भाइयों को पढ़ाने के लिए मेहनत मजदूरी किया ।और हम लोगों को यहां तक पहुंचाया जिसका श्रेय मेरे माता पिता एवं दोस्तो को भी जाता है। मेरा प्रारम्भिक शिक्षा किसान उच्च विद्यालय डाड़ी में हुई । जिसके बाद मुझे कुछ बीमार असहाय लोगों को देख सेवा करने के लिए डॉक्टर बनने का जुनून हो गया ।जिसे लेकर रातदिन पढाई कर जेपीएससी की परीक्षा में 156 वां रैंक लाकर मेरठ के मेडिकल कॉलेज एलएल आरएम कॉलेज में ट्रेनिंग ली और वर्तमान में दिल्ली के इंडो क्रोनोलॉजी डिपार्टमेंट में सेवा दे रहा हूँ। आगे कहा कि गरीब परिवार में होने के कारण गरीब की समस्या से अवगत हूँ। यदि किन्ही लोगों को हॉस्पिटल में इलाज के लिए परेशानी होती है तो हमसे संपर्क कर सकते हैं चाहे हजारी बाग सदर हॉस्पिटल हो या रांची रिम्स या दिल्ली के कोई भी हॉस्पिटल हो मैं उनको मदद करूंगा। मदद के लिए एक एप्प बनवा रहा हूँ जिसमें वैसे लोगों को मदद किया जा सके। मेरा मार्ग दर्शक के रूप में मेरी माँ शकुंतला देवी पिता हुलास राम का है। मेरा एक भाई रमेश कुमार दास है जो वर्तमान में आयोसियल सिकीयल इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। शिक्षा पा रहे युवाओं के लिए कहा कि कुछ यदि करना या बनना है तो शराब या अन्य कोई भी नशा से दूर रहें ।और जम कर मेहनत करें मंजिल आपको अवश्य मिलेगी।किन्तु आपके अंदर जुनून होना चाहिए कुछ करने का तभी मंजिल मिल सकती है वर्ना पढाई करने का कोई फायदा नहीं । जहां तक मां पिता को एक तरह धोखा है।

## पोक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार, जेल

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया शीला ओपी पुलिस ने सोमवार को पोक्सो एक्ट के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी दीपक साव शीला इचाक गांव का रहने वाला है। ओपी प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक एक नाबालिक युवती को बहला फुसलाकर सुरत ले गया था जहां वह लगातार युवती का यौन शोषण कर रहा था। कुछ दिनों के बाद वह वापस लौटा और एक रिश्तेदार के घर छुपकर रह रहा था। पुलिस को जैसे ही इसकी सूचना मिली पुलिस ने छापामारी कर उसे दबोच लिया। गिरफ्तार युवक को थाना स्तर पर कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है। छापेमारी टीम में ओपी पुलिस के अधिकारी और जवान शामिल थे।

## झारखंड आंदोलनकारी महेंद्र सिंह के निधन पर हुआ शोक सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड आंदोलनकारी महेंद्र सिंह के निधन पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा बरवाडीह प्रखंड कमेटी द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। और उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सभी आंदोलनकारीयों ने 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया एवं इस शोक सभा के अध्यक्षता पलामू प्रमंडलीय संयोजक सह चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी मुरलीधर प्रसाद ने किया।एवं सभा का संचालन चिन्हित आंदोलनकारी वीरेंद्र ठाकुर ने किया इस मौके पर उपस्थित चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी सुरेंद्र प्रसाद, दीनानाथ राम,निजाम खान, नागेंद्र प्रसाद, दूरबीन सिंह ,ललन पुरी केशर सिंह चंदेश्वर टूरी अशोक सिंह मुनेश्वर सिंह लाल बिहारी सिंह भोला सिंह हरिनंदन उरांव मकसूद आलम राकेश कुमार मैत्री कुवर विजय सिंह सुदेश सिंह फुलवा कुंवर बीना देवी अली हुसैन बस्तियां कुंवर सरिता देवी सुनील कुमार चौरसिया आदि सैकड़ों आंदोलनकारी इस शोक सभा में उपस्थित थे।

# चेतना इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने लातेहार पुलिस स्टेशन में सार्थक बातचीत की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 01 अप्रैल 2024 सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने और अपने छात्रों के बीच नागरिक जिम्मेवारी को बढ़ावा देने के प्रयास में, चेतना इंटरनेशनल स्कूल ने लातेहार पुलिस स्टेशन का दौरा आयोजित किया। इस पहल में स्कूल के संरक्षक उपेंद्र नाथ पांडेय ने छात्रों को कानून प्रवर्तन कार्यों की जानकारी प्राप्त करने और रचनात्मक सेटिंग में अधिकारियों के साथ बातचीत करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया।लातेहार थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा के द्वारा छात्रों का लातेहार पुलिस स्टेशन में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बच्चों के कार्य प्रणाली ,जन सुनवाई कक्ष ,कंप्यूटर कक्ष ,भोजनालय कक्ष आवासीय परिषद में ले जाकर विस्तार से जानकारी दी गई।यात्रा की शुरुआत एक सूचनात्मक सत्र से हुई, जहाँ छात्रों को समुदाय के भीतर कानून और व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस बलः की विभिन्न भूमिकाओं और जिम्मेवारियों के बारे में जानकारी दी गई। पूरी यात्रा के दौरान, छात्रों ने पुलिस कर्मियों के साथ सक्रिय रूप से चर्चा की, अपनी जिज्ञासा व्यक्त की और पुलिसिंग के विभिन्न पहलुओं पर स्पष्टीकरण मांगा। उन्हें नियंत्रण कक्ष, निरोध क्षेत्र और साक्ष्य कक्ष सहित स्टेशन की सुविधाओं का दौरा कराया गया, जहाँ उन्हें पुलिस स्टेशन के दिन-प्रतिदिन के संचालन की गहरी समझ हासिल हुई। स्कूल के शैक्षणिक निदेशक आर्यन गर्ग ने बताया कि इस बातचीत ने छात्रों को सामुदायिक सुरक्षा के महत्व और कानून प्रवर्तन प्रयासों में नागरिकों की भूमिका के बारे में जानने का अवसर भी प्रदान किया। अधिकारियों ने बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और अनुभव साझा किए, सभी के लिए सुरक्षित और संरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने में पुलिस और समुदाय के बीच सहयोग के महत्व पर जोर दिया। स्कूल के प्रिंसिपल संध्या रंजन के द्वारा बताया गया यात्रा के हिस्से के रूप में, छात्रों को सवाल पूछने और अपने दृष्टिकोण साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे युवा पीढ़ी और कानून प्रवर्तन अधिकारियों के बीच खुली बातचीत और आपसी सम्मान को बढ़ावा मिला। इस अनुभव ने छात्रों पर एक स्थायी छाप छोड़ी, जिससे उनमें नागरिक कर्तव्य की भावना पैदा हुई और वर्दीधारी पुरुषों और महिलाओं के समर्पण के लिए अधिक प्रशंसा हुई। स्कूल के मैनेजिंग निदेशक अमित कुमार पांडे ने बताया कि चेतना इंटरनेशनल स्कूल अपने छात्रों को कक्षा की सीमाओं से परे सार्थक जुड़ाव और अनुभवात्मक सीखने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। लातेहार पुलिस स्टेशन का दौरा शिक्षा के प्रति स्कूल के समग्र दृष्टिकोण का उदाहरण है, जो छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान से लैस करता है और उनमें नागरिकता और सामुदायिक सेवा के मूल्यों को स्थापित करता है।

## वाहन चेकिंग के दौरान बारियातू पुलिस ने डेढ़ लाख नगद किया बरामद



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदर्श अचार सहिंता को लेकर चेकिंग अभियान मे बारियातू पुलिस ने एक काले रंग के कार जेएच 01 एफएल 8510 से एक लाख 50 हजार रूपये बरामद किया है .इस संबंध मे जानकारी देते हुए पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं भय मुक्त बनाने के लिए लातेहार पुलिस कृत संकल्पित है. स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने हेतु 22 मार्च से लगातार 24 घंटे बारियातू थाना गेट के सामने गठित इंटर डिस्ट्रिक्ट चेकनाका पर चेकिंग की जा रही है. चेकिंग के दौरान थाना प्रभारी राजा दिलावर द्वारा काले रंग की कार से डेढ़ लाख रूपये बरामद कर इसकी सूचना वरीय पुलिस पदाधिकारीयों व्यय अनुवीक्षण कमिटी को दी गई है. इस आलोक में अग्रेतर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है.

## दो भाइयों के परिवार के बीच जमकर मारपीट, पांच घायल

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के आरा ग्राम में जमीन विवाद को लेकर दो भाइयों के परिवार में जमकर मारपीट हुई। मारपीट की घटना में दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गये।घायलों में एक पक्ष के धनेश्वर यादव पिता नुनु यादव,बबीता देवी पति धनेश्वर यादव,मुकेश यादव वही दूसरे पछ में शिबू यादव पिता नुनु यादव, सरिता देवी पति शिबू यादव सभी ग्राम आरा थाना बालूमाथ निवासी शामिल हैं। घटना के बाद सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ सुरेंद्र कुमार द्वारा इलाज किया गया। इधर, इस मारपीट मामले को लेकर दोनों पक्ष के लोगों द्वारा बालूमाथ थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बिना किसी सूचना के तुबेद कोलियरी प्रबंधन पर घर ध्वस्त करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सरकार एक तरफ गरीबों को आवास देने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चल रही है। वहीं दूसरी ओर प्राइवेट कंपनियां अपने फायदे के लिए गरीबों को बेघर कर दे रही है।ऐसा हीं नजारा जिले के अम्बाझारन गांव में देखा गया ।ग्रामीणों ने बताया कि यहां कार्यरत के द्वारा तीन ग्रामीणों के घर को बिना किसी सूचना के ध्वस्त कर दिया गया। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश भी देखा जा रहा है। ज्ञात हो कि सदर प्रखंड के अम्बाझारन गांव के बड़े भूभाग को तुबेद कोलियरी प्रबंधन के द्वारा अधिग्रहित किया जा रहा है। अधिग्रहण के लिए चिन्हित जमीन में ही कई ग्रामीणों के आवास भी बने हुए हैं। सरकारी प्रावधान है कि किसी भी ग्रामीण के घर को अधिग्रहित करने से पहले उन्हें पुनर्वासित करना अनिवार्य है। परंतु तुबेद कोलियरी प्रबंधन के द्वारा सरकार के इस प्रावधान का उल्लंघन करते हुए बिना किसी ग्रामीण को पुनर्वासित किए हैं उनके घर को ध्वस्त किया जा रहा है। इस संबंध में ग्रामीण राजेश भुइयां ने बताया कि उनके घर को कोलियरी प्रबंधन ने ध्वस्त कर दिया। घर में कई सामान थे ,जो पूरी तरह बर्बाद हो गए। उन्होंने बताया कि आज तक उन्हें ना तो मुआवजा दिया गया और ना ही घर को हटाने के लिए कोई नोटिस दिया गया। अचानक उन्हें सूचना मिली कि उनके घर को ध्वस्त किया जा रहा है। जब तक वह अपने घर तक पहुंचते तब तक पूरा घर को ध्वस्त किया जा चुका था। इधर घटना के बाद राजेश भुइयां और उनकी पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है. दोनों पति-पत्नी का कहना है कि गरीबों को साथ इतना अन्याय हो रहा है, परंतु कोई देखने वाला नहीं है।इधर इस सम्बन्ध में ग्रामीण चहर यादव ने बताया कि उनका घर पूर्व में ही ध्वस्त कर दिया गया था। जिस कारण वह मौलवी साहब के घर में किराए पर रहते थे। आज बिना किसी सूचना के मौलवी साहब के घर को भी ध्वस्त कर दिया गया। जिस घर में रखें सारे कपड़े ,अनाज और अन्य सामान बर्बाद हो गए। उन्होंने बताया कि यदि 2 घंटे पहले भी प्रबंधन के द्वारा उन्हें सूचना दे दी जाती तो कम से कम जरूरी सामान तो घर से निकाल लेते। वही इस समय में मुफ्ती साहब ने बताया कि ना तो उन्हें किसी प्रकार की कोई नोटिस दी गई और ना ही कोई मुआवजा दिया गया ।अचानक आज बुलडोजर लाया गया और घर को ध्वस्त कर दिया गया ।इधर जब पीड़ित ग्रामीणों ने इस संबंध में तुबेद कोलियरी परियोजना के जीएम जे के मंडया से शिकायत की तो उन्होंने घटना की जानकारी से अनभिज्ञता जताई। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि मामले की जानकारी ले रहे हैं।

## लातेहार के पूर्व डीसी सह लोस प्रत्याशी राजीव कुमार ने कहा कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत प्रत्येक क्षेत्र में होगा चहुंमुखी विकास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पूर्व उपायुक्त सह चतरा संसदीय क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी राजीव कुमार सोमवार को लातेहार में प्रेसवार्ता आयोजित की। कुमार ने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र अति पिछड़ा क्षेत्र है एवं रोजगार को लेकर पलायन इसकी पहचान बन गयी है। आगे उन्होंने कहा कि कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत सभी क्षेत्रों में चहुंमुखी विकास करना एवं हर हाथ को काम देकर पलायन को रोकना मेरी प्राथकिकता होगी।प्रेसवार्ता में बताया कि जब मैं लातेहार जिले का उपायुक्त था तो उस समय जिले के अतिसुदूरवर्ती क्षेत्रों गया था एवं विकास की हकीकत से रूबरू हूं।उन्होंने बताया कि जिले में सिंचाई,शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क समेत अन्य क्षेत्रों में विकास कार्य करने का कार्य किया था,लेकिन इसके बावजूद भी जिला विकास से कोसों दूर है। जो कार्य उस वक्त नहीं कर पाया उसे पूरा करने की सोच को लेकर ही चतरा संसदीय क्षेत्र से आगामी लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्यासी बनकर आया हूं।उन्होंने कहा कि क्षेत्र के भ्रमण के दौरान आमजनों का अपार स्नेह,प्यार एवं आर्शीवाद मिल रहा है।

### भाजपा का लोकसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक बैठक का आयोजन




**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को मंडल बरवाडीह के भाजपा कार्यालय के सामने अनुप मैरिज हॉल परिसर में भाजपा का विधानसभा स्तरीय लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बुथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पलामू विश्रामपुर विधानसभा सदस्य सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी की उपस्थिति रही। मौके पर विधानसभा संयोजक सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के अगुवाई में कार्यक्रम की शुरुआत पं दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान भाजपा संगठन की मजबूती पर चर्चा हुई। जहां कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव में चतरा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतों से विजयी बनाकर फिर एकबार मोदी सरकार कायम करने का है। वहीं कार्यक्रम के अंतिम दौर में चतरा सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह की उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं में जान डाल दी, हालांकि भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम प्रबंधन द्वारा उचित मान-सम्मान नहीं देने पर नाराज़गी ज़ाहिर किया। मौके पर प्रत्याशी सिंह ने कहा कि हम जमीनी कार्यकर्ता हैं हमें भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी जवाबदेही दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव जीतकर आएंगे तो हम हर संभव आपके साथ खड़ा रहेंगे। मौके पर मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य नीरज कुमार सिंह, अवधेश सिंह चेरो, वरिष्ठ नेता विनय सिंह, ईश्वरी सिंह मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद, भाजपा जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, भाजपा प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, भाजपा उप प्रमुख वीरेंद्र जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद प्रदीप सिंह अशोक प्रसाद समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मर्यादित तरीके से मनाए भगवान राम का जन्मोत्सव, नशा से रहे दूर : डीएसपी


**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही थाना परिसर में रामनवमी महापर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सीओ रामनारायण खलखो व संचालन थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ सुरजीत कुमार उपस्थित हुवे। मौके पर उपस्थित लोगो ने बारी बारी से अपना विचार दिया। विभिन्न अखाड़ों के लोगों ने अपना अपना रुट के बारे में बताया,



वहीं सभी ने भरोसा दिया की हरेक वर्ष की भांति इस बार भी रामनवमी महापर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएंगे। मौके पर डीएसपी सुरजीत कुमार ने कहा कि भगवान राम का जन्म उत्सव हम लोग मनाने जा रहे हैं, इसलिए सभी मर्यादित तरीके से पर्व को मनाएंगे, नशा से दूर रहेंगे। शोभा यात्रा के दौरान अखाड़े के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे और अपने-अपने वालंटियर को दुरुस्त रखेंगे ताकि समय पर शोभा यात्रा का समापन किया जा सके। प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी, कहीं भी कोई सूचना मिलती है तो तुरंत सूचना करें निश्चित रहे कार्रवाई होगी। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, पूर्व जिप प्रतिनिधि मो. क्यूम, भाजपा नेता डोमन पांडेय, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, मुखिया मोतीलाल चौधरी, गोविंद साहू, मो. शमशेर आलम, सिकंदर राणा, प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, मो. तौकीर रजा, शशि जयसवाल, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, बासुदेव गोप, मेवालाल केशरी, नरेश साहू, धर्मेंद्र यादव, टेकलाल यादव, कांग्रेस नेता यमुना यादव, उप मुखिया बीरेंद्र कुमार, राजेश प्रसाद केशरी, संतोष कुमार, अनुज रविदास, प्रदीप निषाद उर्फ गुड्डू, संतोष निषाद, अमित साहू आदि ने अपनी अपनी बातों को रखा। मौके पर राजेंद्र स्वर्णकार, कार्तिक पासवान, गणेश साहू, जयप्रकाश प्रजापति, रंजीत कुमार पांडे, राजन निषाद, प्रमोद कुमार यादव, राजेश भगत, सागर कुमार, रंजन कुमार, राजकुमार प्रसाद, महेश साहू, दीपक कुमार, उदय कुमार, प्रेमचंद यादव, अनिल कुमार, राजेश यादव, नितेश केसरी, अंकित कुमार, मोहन प्रजापति, अजय प्रजापति, संतोष प्रजापति, राहुल निषाद समेत विभिन्न अखाड़ा के सदस्य शामिल थे।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही में वार्षिक परीक्षाफल का किया गया प्रकाशन

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में सोमवार को कक्षा अरुण से नवम तक विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा की गई। विद्यालय प्रवंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अमित साहू , कोषाध्यक्ष रोहित साहू, प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने सम्मिलित रूप से परीक्षाफल की घोषणा की।



प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि छात्र को परीक्षा की तैयारी के लिए अपने समय के प्रबंधन के साथ ही अपनी प्रतिभा और कौशल को भी दर्शाने की आवश्यकता है, ताकि वह समय रहते ही अपने विषय को अच्छे से पढ़कर खत्म कर सकें। छात्र को खुद के उपर भरोसा और विश्वास रखने की आवश्यकता है। वक्त रहते शुरू किया गया काम, आपकी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास अवश्य आपको सफल बनाएगा। छात्रों को परीक्षा के दिनों समय से उपयुक्त भोजन, उचित निद्रा, व्यायाम इत्यादि अच्छी चीजों को अपनाकर एक सेहतमंद स्वास्थ्य के साथ परीक्षा दें और एक बेहतर सफलता को प्राप्त करें। विद्यालय के सभी आचार्य दीदी ने भैया बहनों को शुभकामनाएं प्रदान की।

## शैक्षणिक भ्रमण कर वापस लौटे आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि विभाग के विद्यार्थी

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों ने पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार के नेतृत्व में किया। बता दें कि विद्यार्थियों को राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान कटक,उड़ीसा, लिंगेश्वर एवं पूरी, समुद्र तटीय क्षेत्रों सहित अन्य स्थानों का भ्रमण कराया गया। राष्ट्रीय चावल अनुसंधान



संस्थान में विद्यार्थियों को वैज्ञानिक डॉ सुशांत महेपात्रा के नेतृत्व में चावल की 197 प्रजातियों का अवलोकन कराया गया। साथ ही धान में विभिन्न रोगों के प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने एवं उच्च गुणवत्ता की प्रजाति को विकसित करने के लिए जरूरी तथ्य बताए गए। चावल संस्थान कटक में धान की विभिन्न संकरण विधियों को लेकर विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने बताया कि इसके अतिरिक्त मौसम अनुकूल फसलों की जानकारी के साथ साथ जैव उर्वरक का उत्पादन वैज्ञानिक पद्धतियों से कैसे की जाए, इसे लेकर भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि जो किताबों में पढ़ाई जाती है, उसे प्रैक्टिकली देखना विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार ने राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ एके नायक, गायत्री सिन्हा व तकनीकी ऑफिसर का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण आने वाले समय में विद्यार्थियों के लिए कारगर साबित होगा।

## झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक ने मनाया 6 वां स्थापना दिवस

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत के अस्पताल चौक स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के विष्णुगढ़ ब्रांच परिसर में सोमवार को बैंक की छठी स्थापना दिवस मनाई गई। बता दें कि 1 अप्रैल 2019 को वनांचल ग्रामीण बैंक और झारखंड ग्रामीण बैंकों का विलय कर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की स्थापना की गई। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ शाखा



प्रबंधक प्रदीप कुमार व बैंक के अन्य कर्मियों के द्वारा दीपप्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक के द्वारा नेशनल रूरल लाइवलीहुड मिशन के तहत स्व रोजगार के लिए ऋण की प्राप्ति, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना इत्यादि उत्पादों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि व्यापार के मामले में पूरे झारखंड में तीसरे स्थान पर है। इस अवसर पर शाखा के उपप्रबंधक पापया कुमारी, जेएसएलपीएस की बीपीएम दिव्या कुमारी, बैंक कर्मी देवेंद्र कुमार, बैंक सखी सोनिया कुमारी, रीना कुमारी, रश्मि कुमारी, ग्राहक सेवा केंद्र संचालक घनश्याम भाई पटेल, घनश्याम महतो, रंजीत कुमार, मुखिया उत्तम महतो, मुनिया देवी, चेतलाल महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

## बनासो बीएड महाविद्यालय में पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सोमवार को पाँच दिवसीय आयोजित व्याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन कर किया गया।इस दौरान महाविद्यालय के सचिव गौरव पटेल ने अपने संबोधन में



कहा कि शिक्षा समाज को जोड़ने का काम करती है,आपसी समरसता लाती है।इस व्याख्यान श्रृंखला में विभिन्न बी एड महाविद्यालयों के विद्वान प्राध्यापकों का व्याख्यान होगा,जो विभिन्न शैक्षिक विषयवस्तु पर अपना विचार प्रस्तुत करेंगें। आज के व्याख्यान श्रृंखला में रामकृष्ण विवेकानंद कॉलेज ऑफ एडुकेशन,बगोदर के प्राध्यापक संजय कुमार सुमन ने भारत में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के विषय पर शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों के रचनात्मकता पर बल देने की बात कही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुश चतुर्वेदी ने कहा कि इस व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन का उद्देश्य प्रशिक्षुओं में शिक्षा के प्रति रुचि उत्पन्न एवं सर्वांगीण विकास हो सके।इस अवसर पर प्राध्यापकों में कुमारी स्वर्णा मिश्रा, बबली कुमारी, प्रो.ओमकारनाथ शर्मा,अशोक झा,वीरेन्द्र देव,शशि देव, ,राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव,राजेश कुमार,भुनेश्वर महतो,प्रवीण कु0 जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अदृश मुखर्जी, डॉ0 सतीश चंद्र यादव,जयपाल राणा,डॉ0 अम्बरीश कु0 दुबे,डॉ0 विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु0 पाठक,सीमा, छबि राम सिंह,अजीत कुमार, संतोष कुमार,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो ,सौरभ सुमन,प्रीति पूनम हेंब्रम,प्रकाश कुमार,नाजरा खातून,आजाद समेत समस्त सत्र के प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

### भाजपा से आए नए दूल्हे को कांग्रेस से टिकट, नाराज बाबर कुरैशी ने कहा

# जेपी पटेल को मुस्लिम समुदाय नहीं देगा वोट

**गुलाम अहमद रजा@प्रभात मंत्र**

**हजारीबाग :** आगामी लोकसभा चुनाव की गर्माहट तेज है। हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए भाजपा और कॉंग्रेस, दोनों ने अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया है। भाजपा से सदर विधायक मनीष जायसवाल को टिकट मिला तो वहीं कॉंग्रेस ने मांडू विधायक जेपी भाई पटेल पर दांव खेला है। जेपी पटेल का नाम सामने आने के बाद कॉंग्रेस प्रत्याशी का विरोध होने लगा है। दरअसल यह सीट भाजपा का गढ़ माना जाता रहा है। हालांकि क्षेत्र के ज्यादातर हिस्से में कॉंग्रेस फिलहाल मजबूत दिख रही थी। बड़कागाँव, बरही, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कॉंग्रेस मजबूत स्थिति में है। जेपी पटेल के कॉंग्रेस में शामिल होने के बाद मांडू विधानसभा



क्षेत्र भी कॉंग्रेस के पक्ष में नजर आ रहा था। अनुमान लगाया जा रहा था कि इस वर्ष भाजपा को कॉंग्रेस से कड़ी टक्कर मिल सकती है इसलिए कॉंग्रेस पार्टी भी प्रत्याशी को फाइनल करने में वक्त ले रही थी। माना जा रहा था बड़कागाँव विधायक अम्बा प्रसाद या पूर्व केन्द्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा को टिकट मिलेगा परंतु टिकट मिला भाजपा से आए नए नवेले जेपी भाई पटेल को। जेपी नाम आते ही लोगों के बीच गुस्सा फूट चुका है। लोग उन्हें भाजपा के बोरो (बॉरो) प्लेयर बता रहे हैं। कॉंग्रेस के कोर वोटर मुसलमानों में ज्यादा रोष नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर कॉंग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल के विरोध में जबरदस्त पोस्ट और कमेन्ट किये जा रहे हैं। क्षेत्र के बड़े मुस्लिम चेहरों में से एक बाबर कुरैशी ने कॉंग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ खुला बिगुल फूँक दिया है। उन्होंने कॉंग्रेस के इस निर्णय को मुसलमानों के साथ धोखा बताया है। प्रभात मंत्र संवददाता से बात करते हुए उन्होंने सवाल किया कि कैसे भाजपा से आए हुए किसी व्यक्ति को कॉंग्रेस तुरंत टिकट दे सजती है? वो भी ऐसा व्यक्ति जो अपने क्षेत्र तक ही सीमित हो, दूसरे क्षेत्र में उसे कोई पहचानता तक नहीं हो। उन्होंने कहा कि अम्बा प्रसाद जेपी से अच्छी प्रत्याशी साबित हो सकती थीं। वहीं अगर यशवंत सिन्हा को टिकट मिलता तो और भी अच्छा होता चूंकि वो वरिष्ठ और मनीष जायसवाल के मुकाबले कहीं बड़े नेता हैं। कहा, अब लग रहा नोटा का सहारा लेना होगा। यदि प्रत्याशी बदला नहीं गया तो अल्पसंख्यक समुदाय का पूरा वोट नोटा को जाएगा।

## बिजनेसमैन जायसवाल को हराने का काम करेगी इंडिया : जेपी पटेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सोमवार को इंडिया गठबंधन बैनर तले आगामी लोकसभा को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया जिसमे गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल ने अपने मुद्दों और प्रतिद्वंदी मनीष जयसवाल को लेकर अपने विचार रखे। जेपी ने बताया कि मनीष जायसवाल एक व्यापारी आदमी है। हर व्यापार में खुद मुनाफा कमा रहे हैं और जनता को लूटने का काम कर रहे हैं। कहा, बालू, कोयला, पूर्व में दारू, शिक्षा सभी को अपना धंधा बनाया है। जनता अब त्रस्त है, इस बार लोकसभा चुनाव में जनता उन्हें सबक सिखाने का काम करेगी। पलायन, मजदूरी, विस्थापन जैसी जमीनी परेशानियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान आदिव रिजवी, लालबिहारी सिंह, निसार खान, कृष्णा किशोर प्रसाद, केडी सिंह, रघु जायसवाल, सजिद हुसैन, सुनील अग्रवाल, अजय गुप्ता, निसार अहमद भोला, दीपक गुप्ता, दिलीप रवि, मो मुस्ताक, सदरुल होददा, बाबू खान, रामकुमार पटेल,अनिल भुईया, एडवोकेट इजहार अंसारी, पंचम पासवान, ओमप्रकाश मिश्रा, दिनेश मेहता, असरफ अली, अमृतेश रंजन, मनोज सिन्हा, बबलू सिंह, विककी धान, राजदेव यादव, विकास गुप्ता, नेतलाल महतो, रामकुमार राम, प्रदीप प्रजापति, अरविंद शर्मा, ओमप्रकाश, परवेज अहमद, सलीम रजा, विकास महतो, टिव्रकान्त, सूरज, संजय यादव, सुखदेव प्रसाद यादव, बाबर अंसारी, मो रब्बानी, डॉ भैया असीम, मो शब्बीर, नरसिंह प्रजापति, रंजीत यादव, बहादुर सागर, मनोज राम, बबलू अंसारी, चंद्रेश्वर आज़ाद , अजय राणा आदि उपस्थित रहे ।

## बादम में हुआ इफ्तार पार्टी का आयोजन मांगी गई मुल्क के अमन चैन की दुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के बादम पंचायत अंतर्गत नीम मोहल्ला में युवाओं के आपसी सहयोग से सोमवार को रमजान-उल-मुबारक के 21 वां रोजा के मौके पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में सैकड़ों रोजेदारों उपस्थित हुए और रोजा इफ्तार किया। रोजा इफ्तारी से पहले सभी रोजेदारों ने अल्लाह तबारक व ताला के बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क की अमनचैन के लिए दुआएं मांगी। इफ्तार पार्टी में मुस्लिम समाज के बड़े-बुजूर्ग, नौजवान व बच्चों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। मगरिब की अजान सुनकर सभी रोजेदारों ने एक साथ रोजा इफ्तार किया। रोजेदारों के लिए कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजन बनाए गए थे। बिरयानी, तरबूज, खरबूज, केला, संतरा, अंगूर, दूध और शेव का शरबत, रुहाफजा शरबत, लस्सी, लाहौरी जीरा, चना चाट का व्यवस्था रोजेदारों के लिए किया गया था।गर्मी में भी मुस्लिम समाज के लोग अपने रब की इबादत के लिए लगभग 14 घंटे भूखे प्यासे रहकर रोजा रखा। रमजान-उल-मुबारक का यह पाक व पवित्र महीना रहमतों व



बरकतों से भरपूर है। जो शख्स रोजेदार को इफ्तार कराता है अल्लाह तबारक व ताला उस शख्स को रोजेदार के बराबर सवाब अता फरमाता है। इस प्रकार से इफ्तार पार्टी के आयोजन से आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। मुख्य रूप से नौशाद अहमद, फैजल, शहजाद आलम, असजद, ताहा, जाफरान, शादमान, शहबाज, ताबिश, वासिद, शीश, अरमान, अफरोज, शिहान , शमशी, शोएब, नसरू, अयान, फैजान, अफजल, फैसल ने इफ्तार पार्टी के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## चरही जमा मस्जिद में मुकम्मल हुई तरावीह,अमन सुकून की किया गया दुआ

**चरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चुरचू प्रखंड के अंतर्गत चरही मस्जिद में तरावीह मुकम्मल की गई। मुस्लिम धर्मावलंबियों का सबसे पवित्र महीना रमजान जारी है जिसमें मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा पूरे एक महीने तक रोजे रखे जाते हैं इस दौरान कई तरह की इबादत मुस्लिम धर्मावलंबी करते हैं। उनमें से एक इबादत तरावीह की नमाज भी है। इस तरह से मुस्लिम धर्मावलंबी प्रत्येक दिन तरावीह की नमाज अदा करते हैं जिसमें पूरे कुरआन पाक को पढ़कर सुनाया जाता है। हम ऐसा भी कह सकते हैं कि यह एक विशेष प्रकार की नमाज होती है जिसे रमजान माह में अदा किया जाता है। चरही मस्जिद में रविवार को मुकम्मल की गई। इस दौरान मस्जिद में भारी संख्या में



ग्रामीण हमेशा की तरह तरावीह की नमाज़ अदा करने पहुंचे थे। तरावीह की नमाज़ के बाद लोगों ने हाफीज इफ्तेखार जियाई को गला लगाकर बधाई दिए।बता दें कि मस्जिदों में रमजान के चांद के साथ तरावीह की नमाज प्रारंभ हो जाती है। रमजान के पवित्र महीने में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा दिन भर के उपवास के साथ विभिन्न तरह की इबादत और अल्लाह का जिक्र किया जाता है। मान्यता है कि इस महीने में अल्लाह सभी गुनाहों को माफ करता है और ज्यादा से ज्यादा इबादत करने वालों को सवाब देता है। मौके पर मुख्य रूप से चरही के सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## ग्राम सरवाहा में शिव मंदिर परिसर में शिव पार्वती पूजा मंडा मेल को सफल बनाने लेकर बैठक किया गया

**चरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत के ग्राम सरवहा में शिव मंदिर परिसर में शिव पार्वती पूजा मंडा मेल 2024 को सफल बनाने एवं पूजा समिति का पुनर्गठन को लेकर बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता नीलकंठ महतो ने किया वहीं संचालक नरेश विश्वकर्मा ने किया बैठक में निर्णय लिया गया कि पुराना कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया जाएगा वही बैठक में नई कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए नीलकंठ महतो सचिव खुशी लाल महतो कोषाध्यक्ष नरेश करमाली सुरेंद्र महतो को बनाया गया वहीं मीडिया प्रभारी के रूप में तालेश्वर कुमार महतो प्रकाश कुमार महतो को बनाया गया ।वहीं मुख्य रूप से निरंजन महतो प्रकाश महतो अरविंद महतो सरयू महतो जगमोहन भुईया तालेश्वर कुमार हिरामन कुमार महतो जगलाल कुमार महतो परमेश्वर महतो धनेश्वर कुमार महतो रमेश महतो मनोज चौधरी संतोष कुमार महतो दिलेश्वर महतो युगल महतो कुलेश्वर महतो नरेश भैया रूपलाल महतो बैजनाथ महतो छोटन महतो गोविंद महतो सुखलाल महतो महेंद्र गंझू प्रेम कुमार महतो सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## यादव धर्मशाला में बरही विधानसभा स्तरीय भाजपा की प्रवास कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हजारीबाग लोकसभा सीट सहित झारखंड की 14 सीटों पर जीत के लक्ष्य को लेकर बरही यादव धर्मशाला में विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय प्रवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा प्रभारी शशिभूषण भगत और विधानसभा संयोजक सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। बैठक में 2024 में 400 पार के अभियान को सफल बनाने को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान लोकसभा प्रभारी शशिभूषण भगत ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाईयों पर चल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता की मेहनत ही पार्टी की पूंजी है। विधानसभा संयोजक सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का अपना महत्व है, कोई किसी को कमजोर नही समझे। पूर्व विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। बैठक में सह संयोजक अर्जुन साव, जीप परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, महामंत्री सुनील साहू, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी, विहिप जिला सहमंत्री सह जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, जीप सदस्य राकेश रंजन सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नाइट में फ्लड लाइट की व्यस्था की जाएगी ताकि बच्चों को खेलने में कोई दिक्कत न हो : रोहित सिंह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में अप्रैल 6 तारीख को स्कूल कैंपस में एसपीएल का आयोजन किया जाएगा जिसमें स्कूल के 16 टीम हिस्सा लेगी। बता दें कि यह टूर्नामेंट नॉक आउट होगा जो शाम के 4 बजे शुरू होकर देर रात तक चलेगा। यह मैच उच्चतम क्वालिटी के लाइट की मौजूदगी में होगी। वहीं स्कूल प्रशासन के अनुसार डे एंड नाइट क्रिकेट मैच में होने वाले तमाम सुविधाओं को बंदोबस्त की जाएगी। स्कूल के प्रधानाचार्य रोहित सिंह ने बताया कि बरही विधानसभा में पहली बार किसी स्कूल में इस तरह का टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। मैच डे एंड नाइट होगा।नाइट में फ्लड लाइट की व्यस्था की जाएगी ताकि बच्चों को खेलने में कोई दिक्कत न हो। आगे उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट कराने का मकसद यह है कि क्रिकेट प्रेमी बच्चें डे एंड नाइट मैच का एक्सपीरियंस कर सकें क्योंकि आज के समय में जितने भी नेशनल टूर्नामेंट होते हैं वो लगभग डे एंड नाइट होता है और बच्चें भी अक्सर रात को हीं मैच देखना पसंद करते हैं। लेकिन रात में कभी खेलने का अनुभव नहीं कर पाते हैं इसीलिए इस टूर्नामेंट को डे एंड नाइट किया गया है। उप प्राचार्य विकास सिंह ने कहा कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल बच्चों का एकेडमिक करिकुलम से लेकर बच्चों की फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर भी स्कूल ध्यान रखता है।और इसके लिए खेल अति उत्तम तरीका है। क्रिकेट देश का सबसे लोकप्रिय खेल है और इस टूर्नामेंट को लेकर बच्चे काफी खुश हैं।वहीं इस टूर्नामेंट को लेकर , स्कूल के बच्चें भी उत्साहित दिख रहे हैं। इस दौरान स्कूल की 16 टीम हिस्सा लेगी, शॉर्ट बाउंड्री के अंदर पूरा मैच होगा। छः ओवर का होने वाले इस टूर्नामेंट में एक टीम से छः खिलाड़ी ही अपनी टीम को प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं एक खिलाड़ी इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान में आ सकता है।

## भाजपा ने एक दिन एक विधानसभा प्रवास अभियान के तहत कार्यक्रम का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय स्थित झारखण्ड मैरेज हॉल में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा हज़ारीबाग लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक दिन एक विधानसभा प्रवास अभियान के तहत बूथ समीक्षा के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित लोगों ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी,पंडित दीनदयाल उपाध्याय के वृतचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रवासी बतौर मुख्यातिथि रणंजय सिंह उर्फ कुण्टू बाबू ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन टाटीझरिया प्रखण्ड कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश पति सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर रंजीत सिन्हा तथा खिरोधर साहू की गरिमामयी मौजूदगी में बैठक का आरम्भ किया गया।बैठक में तीनो मंडलो के अध्यक्षों समेत,मंच-मोर्चा के पदाधिकारी,शक्तिकेन्द्र संयोजक सह-संयोजक,बूथ अध्यक्ष की उपस्थिति रही। प्रवासी प्रभारियों ने बारी-बारी से शक्तिकेन्द्र के संयोजक,सह-संयोजक,बूथ अध्यक्षो से संवाद कर बूथ की समीक्षा की गई।इस मौके पर रणंजय सिंह उर्फ कुण्टू बाबू ने कहा कि जो भाजपा के हो गए उनका हार्दिक अभिनंदन।बूथ मजबूत तो 400 पार का लक्ष्य मुश्किल नही।इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्वी मंडल प्रभारी रंजीत सिन्हा,सुरेश प्रसाद,जिला मंत्री अरविन्द कुमार पप्पू,माण्डू विधानसभा विस्तारक राजा महतो,पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो,पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,टाटीझरिया कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश पति सिंह,मिथलेश पाठक,साँसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल,साँसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,सुशील कुमार मंडल,सुनील कुमार वर्मा,सुशील महतो,शम्भूनाथ पांडेय,संतोष कुमार महतो,पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता,पिंकी देवी,रीना बर्मन,अंजू देवी,सीमा देवी,गायत्री देवी,पिंगला देवी,सुमन देवी,उमा देवी,सुनील मिश्रा,निर्मल कुमार,संजय कुमार (बब्लू),शेरू सिंह(दामोदर घटवार)गुलाब राम,मंजीत सिंह,दीपक कुमार रजक,कन्हाई यादव,नीतीश कुमार बर्णवाल,राकेश वर्मा(डब्लू सोनी) समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रामनवमी, चैती छठ, ईद एवं सरहुल को देखते हुए नगर निगम हजारीबाग द्वारा टीम गठित की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नगर आयुक्त ने इस माह में होने वाले रामनवमी , ईद, चैती छठ एवं सरहुल पर्व को देखते हुए निगम के पदाधिकारियों, जमादार के साथ बैठक की।इसमें उप नगर आयुक्त ज्योति सिंह, सहायक नगर आयुक्त अनिल पांडेय, बिपिन कुमार, नगर प्रबंधक राजीव रंजन तथा अन्य उपस्थित थे। बैठक में सफाई, सड़क पर पड़े सी एंड डी वेस्ट , जुलूस मार्ग पर पानी , शौचालय इत्यादि की उपलब्धता से संबंधित समीक्षा की गई। नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल ने वार्ड जमादारों को जुलूस मार्ग एवं सभी स्थानों पर युद्ध स्तर पर सफाई कराने का निदेश दिया है।सभी धार्मिक स्थल के पास एवं सरहुल मैदान की सफाई करवाने का निदेश दिया गया है।सड़क पर पड़े सी एंड डी वेस्ट को तत्काल हटाने का निदेश दिया गया है।साथ ही नगर वासियों से अनुरोध है कि अगर उन्होंने सड़क पर ईट, गिट्टी आदि डंप कर रखा है तो वे स्वयं हटा लें।कल नगर निगम एवं जिला के संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा एवं आर्थिक दंड आरोपित किया जाएगा। नगर आयुक्त हजारीबाग नगर निगम द्वारा पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या के निस्पादन हेतु त्वरित टीम गठित किया गया है।जुलूस मार्ग में आवश्यकतानुसार चलंत शौचालय उपलब्ध कराया जाएगा।हेड जमादार दीपक कुमार को चैती पर्व को देखते हुए , निगम क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित तालाब, नदियों को छठ व्रतियों के लिए पूर्णरूप से सफाई कराने का निदेश दिया गया।

## मीडिया से मुखातिब हुए झारखंड पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा कहा, राष्ट्रीय पार्टियों की गोद में बैठ जाती हैं क्षेत्रीय पार्टियां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** स्थानीय रिंग्स एंड रोजेस होटल में सोमवार को झारखंड पार्टी द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन जिलाध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में किया गया। आयोजन में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीयव्यवस्थापक अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य दारु प्रखंड के जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि और झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा से झारखंड पार्टी के उम्मीदवार राजकुमार कुशवाहा मीडिया से मुखातिब हुए।उन्होंने झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का का उनपर भरोसा जताते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी घोषित करने के लिए उनका अभिवादन किया।कहा कि वे पिछले एक वर्ष से झारखंड पार्टी से जुड़कर क्षेत्र भ्रमण कर जन समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं। लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर लगातार जनता के संपर्क में बने हुए



हैं। जनसपर्क के दौरान जिस प्रकार से लोकसभा क्षेत्र वासियों का समर्थन और आशीर्वाद लगातार मिल रहा है हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि भारी बहुमत के साथ जीत हासिल करेंगे। बताया कि झारखंड की जनता राष्ट्रीय पार्टियों से ऊब चुकी है। राष्ट्रीय पार्टियां चुनावी समर में लोक लुभावना वादों के साथ आती है मगर उनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं करती जिसको लेकर झारखंड की जनता ठगा हुआ महसूस कर रही है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों औरविधानसभा क्षेत्र का उन्होंने दौरा कर जनसंपर्क के माध्यम से लोगों की राय जानने की कोशिश की सभी का एक ही कहना है की क्षेत्रीय पार्टियों को आगे आना होगा ताकि यहां की जन समस्याओं से रूबरू होकर उन समस्याओं का बेहतरीन हल निकाला जा सके। जनता इस बार निर्णय ले चुकी है कि झारखंड पार्टी को भारी बहुमत के साथ विजय बनाकर झारखंड पार्टी के उम्मीदवार को दिल्ली भेजने का काम करेंगे।उन्होंने झामुमो पर निशाना साधते हुए कहा कि हम वैसी क्षेत्रीय पार्टी नही जो चुनाव जीतने के बाद राष्ट्रीय पार्टियों की गोद में बैठ जाएंगे।हमारी पार्टी जल जंगल और जमीन से जुड़ी पार्टी हैं,हम यहां की समस्याओं को समाधान तक पहुंचाएंगे।उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी झारखंड की सबसे पुरानी पार्टी है जिसका गठन सन 1949 में जयपाल सिंह ने किया था।एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन और पलायन को रोकना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ हीं सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ हीं सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने को लेकर पूरी सजगता के साथ काम किया जाएगा। मौके पर झारखंड पार्टी के जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा ,नगर अध्यक्ष आदिल हुसैन, महिला जिला अध्यक्ष नेहा कुमारी,अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मोहम्मद फारूक सहित झारखंड पार्टी के कई सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थें।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा की वार्षिक बैठक सम्पन हुई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा की वार्षिक बैठक सम्पन हुई। इस बैठक में सत्र 2024-25 की नयी टीम का निर्णय लिया गया। जिसमें आशीष अग्रवाल को अध्यक्ष, धीरज बंसल को सचिव, श्रींजय मेवाड़ को कोषाध्यक्ष, विजय खंडेलवाल को उपाध्यक्ष, नीतेश बेरलिया को सह सचिव एवं राहुल अग्रवाल को मीडिया प्रभारी के पद के रूप में सुनिश्चित किया गया। आशीष अग्रवाल ने समाज के हित में कई नए काम एवं मंच को नयी ऊंचाइयों पे ले कर जाने का संकल्प लिया है।



## कादरी मस्जिद दुशाद मोहल्ला रामगढ़ मे हाफिज तनवीर रजा ने तरावीह में पुरा कुरआन मोकम्मल किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ के कादरी मस्जिद दुशाद मोहल्ला रामगढ़ मे हाफिज तनवीर रजा ने तरावीह में पुरा कुरआन मोकम्मल किया इस मोके पर जशने तकमीले कुरआन का प्रोग्राम रखा गया इस मे अंजुमन मिल्लते इस्लामीया द्वारा आयोजित प्रोग्राम में मोलाना हबीब आलम मोलाना कलीम कारी मुस्ताक कारी वसीम कारी मुनोवर शामिल हुए कमेटी के अध्यक्ष सचिव खाजिन वगैरह ने फुल माला से स्वागत किया



## पांच अप्रैल को सरहुल मानने को लेकर की गई बैठक

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटंगा पंचायत स्थित सोमवार को शिव मंदिर परिसर में आगामी सरहुल पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक की गई। वहीं इस बैठक की अध्यक्षता गणेश गंझू व संचालन राजेन्द्र गंझू के द्वारा की गई। वहीं इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव मे सरहुल आगामी पांच अप्रैल को पुरे विधि विधान व धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें गांव के सभी ग्रामीण अपने अपने वेष भूषा में शामिल होंगे। वहीं इस मौके पर अकल मुंडा,जितन मुंडा,मुकुन्द्र, संतोष सिंह, सोहराय मुंडा, प्रेमलाल मुंडा, गिरधारी प्रजापति, संतोष प्रजापति, सुरज मुंडा, मंटू मुंडा,राजू गंझू, कामेश्वर मुंडा, राजकुमार मुंडा, दिलीप,हरिनाथ मुंडा,पाहन साधू मुंडा, मनोज मुंडा, पप्पू कार्तिक मुंडा,अजय मुंडा, कृष्णा गंझू, कैलाश मुंडा, मुनिया देवी,गुजरी देवी,निमिया देवी, मानती देवी,कंटी देवी,मुनवा देवी,सुकरी देवी,विराजो देवी,जातो देवी,निशा देवी,टुरा मांझी, वंशी मांझी,झरी करमाली,भोला करमाली आदि लोग मौजूद थे।



## पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने सुदूरवर्ती गांव का रुट सैनिटाइजेशन और एरिया डोमिनेशन किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर बरकाकाना ओपी प्रभारी द्वारा सीआरपीएफ के जवानों के साथ क्षेत्र का रूट सैनिटाइजेशन व एरिया डोमिनेशन किया गया। इस दौरान सशस्त्र बलों द्वारा ओपी क्षेत्र के ग्राम मसमोहना , कडरु सुदूरवर्ती एवं जंगली पहाड़ी क्षेत्र के तलहटी में बसे ग्रामीण क्षेत्र का डोमिनेशन किया गया। इस संबंध में बरकाकाना ओपी प्रभारी अख्तर अली द्वारा बताया गया कि चुनाव को देखते हुए सुदरवर्ती गांव में रुट सैनिटाइजेशन व एरिया डोमिनेशन किया जा रहा है। ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल रहे। आने वाले चुनाव में किसी भी तरह की बावधान उत्पन्न ना हो सके।



## ठेकेदार हुए पस्त, बालू हुआ पांच हजार रुपए प्रति ट्रैक्टर

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के विभिन क्षेत्रों में घर बनाने वाले व ईटा भट्ठा मालिक हुए पस्त बालु के खेल में बालू तस्करों कि चांदी ही चांदी कट रही है दिनो दिन हो रहे मालामाल। सुत्र के हवाले से बताया जाता है कि कुजू , मांडू , घाटो, सिरका, अरगड्डा, बड़गांव, चैनपुर, शाहित बड़का चुम्बा , मंझला चुम्बा, कर्मा, रतवए, दिगवार, आदि जगह में प्रति ट्रैक्टर तीन हजार रुपए से लेकर पांच हजार रुपए ट्रैक्टर बालू बेचने का काम किया जा रहा है। इस प्रकार हो रहे गोरखधंधा से राजस्व को भारी नुकसान हो रहा रहा है। सूत्रों की माने तो वेस्ट बोकारो घाटो के दूधिया नदी से बालू का तस्करी रात के अंधेरे में किया जाता है इसमें कई जनप्रतिनिधि वह ठेकेदार शामिल है आए दिन बड़े से बड़े ठेकेदारी का भी काम जोरों - शोर से चल रहा है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बगैर बालु का कोई सिविल काम नहीं होता है वही चिमनी ईटा भट्ठा मालिक को भी ईट बनाने में बालू महंगा दर पर गिरकर ईट बनाने को विवास हैं। वहीं वेस्ट बोकारो क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में ठेकेदारी का काम तेजी से चल रहा है। वहीं रामगढ़ के दामोदर नदी से भी रात के अंधेरे में बालू का उठाव किया जा रहा है



## सोसो कलां मुखिया ने रोजेदारों के बीच किया इफ्तार पार्टी का आयोजन

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** माहे रमजान के मौके पर दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन अपने मुकाम पर है अब ईद पर्व के लिए चांद के दिदार का इंतजार है।इस बीच सोमवार की शाम सोसो कलां पंचायत की मुखिया नीता देवी व मुखिया प्रतिनिधि बजरंग कुमार महथा की ओर से सोसो कलां गांव में दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।इफ्तार पार्टी में दर्जनों रोजेदार शामिल हुए। इस बीच रोजेदारों को खाने के लिए बेहतरीन इंतेजाम किया गया था जहां लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। वहीं मुखिया पति बजरंग कुमार महथा ने आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल होने वाले रोजेदारों को शुक्रिया कहा बताया कि समाज में लोगों के बीच भाईचारगी व अमन चैन यूं ही बना रहे यही दुआ करते हैं। मौके पर उप मुखिया लईक आलम, जमाल मुज्तबा, हसन इमाम, अली इमाम, अतहर अंसारी, आरिफ अंसारी, जाफर इमाम, सनोवर अंसारी, बेलाल राय, इकबाल हुसैन, इजहार आलम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



## विष्णुगढ़ के नवादा में नायक पूजा की रही धूम

**विष्णुगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत नवादा पंचायत के टेकवाडीह में नायक परिवार के द्वारा धूम-धाम से नायक बाबा का तीन दिवसीय पूजन उत्सव सोमवार को संपन्न हुआ। पूजा को लेकर प्रखंड के नवादा गाँव में विगत एक सप्ताह से हर्षोउल्लास के साथ तैयारी की गई। तीन दिवसीय पूजन के अंतिम दिन भंडारा का आयोजन किया गया।इस सम्बन्ध मे बिशुन साव एवं केशिया देवी ने बताया कि नायक बाबा की पूजा मनोकामना पूर्ति तथा क्षेत्र की सुख समृद्धि को लेकर की जाती है। इसी के तहत शनिवार से तीन दिनों तक चलने वाली इस पूजा का आयोजन महिलाओं तथा ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। इस पूजा के महाप्रसाद ग्रहण को करने के लिए दूर-दूर से लोग आए। साथ ही जगदम्बा स्वरूपा (सिंदुरहाएर) लक्ष्मी देवी, सरिता देवी, शोभा देवी, कौशल्या देवी,पोखनी देवी, शीतल देवी, राखी देवी, अमीषा देवी एवं छकावा लखन साव, संतोष साव, विनोद साव, खुशीलाल साव, अर्जुन साव, लालमोहन यादव, भागीरथ साव, अनिल साव, सुनील साव तथा अन्य सभी श्रद्धालुओं उपस्थित थे।



## लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर आयुक्त ने की अपील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र, स्वच्छ व निष्पक्ष आयोजन तथा इस दौरान शत प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने सभी से लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए 20 मई 2024 को होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने की अपील की है वहीं उन्होंने कहा है कि अगर किसी कारणवश अब तक कोई व्यक्ति अपना वोटर आईडी कार्ड नहीं बनवा पाए हैं तो वे तुरंत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए ÷वोटर हेल्पलाइन एप÷ को डाउनलोड कर एप के माध्यम से प्रपत्र 6 भर सकते है अथवा अपने बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब होकि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 20 मई 2024 को होने वाले मतदान के मद्देनजर कोई भी व्यक्ति नामांकन की आखिरी तिथि से 10 दिन पूर्व यानी 24 अप्रैल तक संबंधित क्षेत्र के मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने हेतु आवेदन दे सकते हैं।



## हेसला नूरी मस्जिद में हाफिज हैदर नवाजी के द्वारा तरावीह मोकम्मल किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** हेसला नूरी मस्जिद में हाफिज जनाब हैदर नवाजी के द्वारा तरावीह मोकम्मल किया गया। साथी साथ मिलाद शरीफ का प्रोग्राम रखा गया। जिसमें हेसला खान मोहल्ला, नूर मोहल्ला, अंसारी मोहल्ला, से आए सैकड़ो लोग शामिल हो कर हाफिज जनाब हैदर नवाजी एवं इमाम साहब को फूल माला पनाकर सम्मानित किया। जिसमें मुख्य रूप से राजा खान, असगर अली उर्फ बबलू खान, सोमू खान, अकबर खान, सुड्डा खान, पिंटू अंसारी, मो बबलू ,सोनू खान, गुड्डू खान, रिकी खान, छोटू अंसारी, मो खुर्शीद, काशिफ खान, आर्यन खान, शहजाद खान, दानिश खान, अमन खान, गोलू खान, साहिल खान, सोहेल खान, मो नूर, समीर खान, मो इरफान आदि उपस्थित थे।

## जिला कांग्रेस कमेटी रामगढ के तत्वाधान में रामगढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर में एकदिवसीय धरना दिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आयकर विभाग द्वारा आलोकतांत्रिक कार्रवाई करते हुए कांग्रेस पार्टी के खाते को फ्रिज किया गया एवं मनमाने तरीके से 135 करोड़ की निकासी कर ली गई । इसके खिलाफ में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी रामगढ के तत्वाधान में रामगढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर में एकदिवसय धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने किया धरना में उपस्थित सभी वक्ताओ ने कहा कि आयकर विभाग का यह कार्य पूरी तरह अलोकतांत्रिक एवं अवैध है।आम चुनाव से ठीक पहले आयकर विभाग द्वारा सुनियोजित तरीके से कांग्रेस के खिलाफ यह कदम लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर एक स्पष्ट और नग्न हमला है। केंद्र सरकार इस तरह के कार्रवाई कर मुख्य विपक्षी दल को साधन विहीन एवं कमजोर कर देना चाहती है देश की जनता सारी चीजों को देख रही है और आने वाले चुनाव में इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। मौके पर मुख्य रूप से बजरंग महतो,बलजीत सिंह बेदी, मुकेश यादव,राजेंद्र नाथ चौधरी, आसिफ इकबाल, संतोष सोनी, राम विनय महतो, गुलाम सरवर, मनीष चीगारी,राजू वर्मा, बलराम साहू, संजय वर्मा,आशीष गुप्ता,संजीव खंडेलवाल, भागीरथ महतो, राजन करमाली, टिंकू खान, संजू साव, आजाद सिंह, गौरीशंकर महतो इत्यादि उपस्थित थे।

## गर्मी महीना में भी खेतों पर धान की फसल लगाना किसानों के लिए वरदान साबित होगा : चंद्रमौली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा, जिला रामगढ़ के द्वारा गांव- बारलौंग में लगभग पॉच एकड़ जमीन में गरमा घान की रोपनी की गई। इस गांव में पहली बार गरमा घान के फसल लगाने की शुरुआत दस किसानों के समूह रोहित महतो, प्रेमलाल महतो, पोखलाल महतो, संतोष महतो, केदार महतो, पंकज महतो, टेकलाल, उगनलाल, कुलदीप महतो के द्वारा खेत में लगाकर की गई इस कार्य के संपादन के लिए कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा के चंद्रमौली के द्वारा किसानों को प्रेरित करने के उपरांत गरमा घान की खेती पहली बार की गई है आशा है कि अच्छी उपज प्राप्त होगी घान के प्रभेद सीआर -320 है जो कि 117 दिनों में पक कर तैयार हो जाती है और उपज भी अच्छी होती है।सीआर धान 320 (सीआरआर 807-1/आईईटी 27914) सेंट्रल रेनफेड अपलैंड राईस रिसर्च स्टेशन (आईसीएआर-नेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट), हज़ारीबाग, झारखंड में आईआर 10एल146 × आईआर 10एल137 के बीच से विकसित एक अंतर्वर्धित चावल किस्म है। इसे प्रारंभिक अवधि की रोपाई की स्थिति के तहत झारखंड के सिंचित क्षेत्रों के लिए 2021 में कृषि फसलों के लिए फसल मानकों, अधिसूचना और किस्मों की रिलीज (सीएसएन और आर.भी. पर सीएससी) पर केंद्रीय उप-समिति द्वारा जारी और अधिसूचित किया गया है। यह उच्च और निम्न उर्वरता दोनों स्थितियों में खरीफ़ और रबी दोनों में खेती के लिए उपयुक्त है। इसमें अर्ध-बौना, सीधा, अत्यधिक जोरदार, लंबे पुष्पगुच्छों (23.2 सेमी) के साथ न रुकने वाला पौधा है। यह किस्म अगेती सिंचित पारिस्थितिकी में पुरानी मेगा किस्मों जैसे ललाट, आईआर- 64, एमटीयू 1010, एनडीआर 97, अभिषेक, नवीन आदि का प्रभावी विकल्प हो सकती है।



## संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के द्वारा गांधी मैदान में सामूहिक बाहा पर्व धूमधाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के तत्वावधान में सामूहिक बाहा पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं इस बाहा पर्व में सभी संथाल परगना समाज के लोग व ग्रामीण शामिल हुए। सर्वप्रथम स्वागत समूह के द्वारा कर्णपुरा मांझी हडाम के नेतृत्व में नायके बाबा सीताराम किस्कू के अपने आवास से स्वागत कर गांधी मैदान स्थित जाहेर थान लाया गया। इसके तत्पश्चात नायके बाबा सीताराम किस्कू के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली,जल जंगल जमीन की रक्षा, अच्छी बारिश की कामना की गई। वहीं इस सामूहिक बाहा पर्व मिलन समारोह के मुख्य अतिथि संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के महासचिव सोनाराम मांझी उपस्थित रहे।वहीं सोनाराम मांझी का भव्य स्वागत उरीमारी चेकपोस्ट पर उपस्थित समूहों के द्वारा किया गया। एवं मुख्य अतिथि सोनाराम मांझी ने उरीमारी चेक पोस्ट पर स्थित भगवान सिद्धों कान्हो एवं बाबा तिलका मांझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पैदल ही अखड़ा पहूचे। हमें पारंपरिक शिक्षा के साथ आधुनिक शिक्षा की ओर अग्रसर होने कि जरुरत है। वहीं बाहा पर्व मिलन समारोह के विशिष्ट अतिथि संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के मोहन सोरेन,संजय टुडू,सीताराम किस्कू,विश्राम सोरेन,सन्नी सोरेन,अजय बेसरा,महादेव मांझी, मुर्शिंगलाल हंसदा, जतरू बेसरा,गहन बेसरा,भुवनेश्वर मुर्मू, कर्णपुरा मांझी हड़ाम सूरज बेसरा,पारानिक बहादुर मांझी, जोगवा बिरसा टुडू, नायके बिनोद बेसरा, पोटंगा पंचायत मांझी हड़ाम बिनोद हेंब्रम,पाराणिक बिरसा हेंब्रम, नायके राजेंद्र सोरेन, जोगवा उदन सोरेन,गोंदलपुरा पंचायत मांझी हड़ाम महादेव हंसदा,पाराणिक मनोज सोरेन, नायके सुखदेव हंसदा, जोगवा एतलाल बस्के, आंगो पंचायत मांझी हड़ाम महादेव हंसदा,पाराणिक मोसोद माझी, नायके मिसिरलाल मांझी, जोग्वा जगदीश टुडू,उरीमारी पंसस गीता देवी, पोटंगा पंसस बभनी देवी, पोटंगा उप मुखिया रविन्द्र सोरेन,लालमुनि देवी,फूलमती देवी,रीना देवी,अनिता मरांडी,शीला देवी,उर्मिला देवी,कानू मरांडी,राजू बेसरा,गणेश सोरेन,विमल टुडू,किशोर हंसदा आदि लोग उपस्थित थे।



## बरकाकाना से गांजा कारोबारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला के बरकाकाना ओपी क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी अभियान चला कर एक गांजा कारोबारी को गांजा के सहित गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के पास से 1 किलो 800 ग्राम गांजा चिलम सहित अन्य सामान जप्त किए गए। जानकारी अनुसार रामगढ़ पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि बरकाकाना की एक दुकान में गांजा के खरीद बिक्री की जाती है। जिस पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू वीरेंद्र राम की नेतृत्व छापेमारी दल का गठन किया गया। बरकाकाना रेलवे स्टेशन के दुकानों में छापेमारी अभियान चलाया गया । छापामारी के दौरान पुलिस को देखकर एक दुकानदार दीपक कुमार उम्र 30 वर्ष पिता विनोद प्रसाद साव बरकाकाना निवासी पुलिस को देखकर भगाने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस बल के द्वारा पकड़ लिया ।उसके दुकान और मकान में तलाशी की गई छापेमारी के दौरान उसके मकान से करीब 1 किलो 800 ग्राम गांजा, गांजा पीने का चिलम,गोगो रोल 299 पीस, इलेक्ट्रॉनिक तराजू और आईफोन मोबाइल बरामद किया गया। अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार राम बरकाकाना ओपी प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली,पुआनि विकास आर्यन सदल बल शामिल रहे।

## रामगढ़ पुलिस ने चोरी के मोटर साइकिल बरामद की,चोर गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पुलिस ने एक चोरी किए गए मोटरसाइकिल को बरामद और चोरी करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिला के पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि 31 जनवरी को संध्या में रामगढ़ जिलान्तर्गत रामगढ़ थाना क्षेत्र में इफिको कॉलोनी पानी टंकी के पास से एक मोटरसाईकिल अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी किया गया था। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना कांड सं0-85/24, दिनांक 31.03.2024 धारा-379 भा द वि अंतर्गत अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी किये गये मोटर साईकिल के बरामदगी एवं अज्ञात चोर के विरूद्ध विधि सम्मत् कार्रवाई हेतु रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी थाना क्षेत्रों में एंटी क्राईम चेंकिग अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। एंटी क्राईम चेंकिग अभियान के दौरान रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गाँधी चौक रामगढ़ थाना मोड़ के पारा तैनात पुलिस बल को देख मोटरसाईकिल सवार एक व्यक्ति भागने लगे।जिसे पुलिस बल द्वारा पकड़ा गया। पुलिस के द्वारा पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति के द्वारा अपना नाम सूरज कुमार उर्फ छोटू, पिता-स्व कृष्णा नन्दनदास, सा-न्यू कॉलोनी बगीचा वड़की काली मंदिर के पास, थाना+जिला- रामगढ़ बताया गया तथा पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति से मोटरसाईकिल के संबध में पुछताछ के क्रम में उक्त व्यक्ति द्वारा दिनांक 31.03.2024 को मोटरसाईकिल सी डी डिलक्स जिसका रजिस्ट्रेशन सं0 JH 10 X 0962 को इफको कॉलोनी पानी टंकी के पास से चोरी करने की बात स्वीकार किया गया। इस छापामारी दल में पु नि अजय कुमार साहु, रामगढ़ थाना प्रभारी,पु अ नि सौरभ कुमार ठाकुर, रामगढ़ थाना,पु अ नि निशिकांत शर्मा, रामगढ़ थाना, थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।



## लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के तीन मंडल ने संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिला के बिरसा चौक के समीप लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के तीन मंडल पतरातू, भुरकुंडा और भदानीनगर के कार्यकर्ताओं का संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया । जिसकी अध्यक्षता भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा और संचालन भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर कुमार दांगी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग लोकसभा संयोजक टुन्नू गोप सहित बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. संजय सिंह, ओबीसी मोर्चा दक्षिणी प्रमंडल प्रभारी योगेश दांगी, रामगढ़ एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष कुमेल उरांव, रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष अखिलेश प्रसाद, रामगढ़ महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी देवी, पतरातू राजाराम प्रजापति, भाजयुमो रामगढ़ जिलाध्यक्ष अजीतेश कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष बड़कागांव जुगनू सिंह, किसान मोर्चा रामगढ़ जिलाध्यक्ष सन्नी कुशवाहा मंचासीन रहे। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने और लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जगतार सिंह, संतन सिंह, डब्लू पांडेय, संतोष शर्मा, सुरेंद्र करमाली, राजेंद्र मुंडा, संजीव कुमार बाबला, सरोज सिंह, अशोक सोनी, मोती नारायण सिंह, जगदीश बेदिया, प्रभात कुमार, दिनेश प्रसाद, सुखदेव प्रसाद, अखिलेश टोप्पो, प्रकाश नायक, जुगल नायक, महेंद्र महतो, जयप्रकाश पांडेय, अनूप ठाकुर, अमरेश कुमार, किशोर कुमार महतो, राजेश सोनी, अमिता सोनी, खुशबू देवी, वीणा देवी, मालती देवी, रूपा देवी सहित मौजूद रहे।

## किंडर गार्डन के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए की गई है खेल-खेल में सीख की व्यवस्था : अंजू पटेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** नए सत्र के शुरुआत के मौके पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय ए ला एंग्लाइज स्कूल में किंडर गार्डन के बच्चों का हुआ जोरदार स्वागत। कार्यक्रम में आयोजित किए गए बच्चों के लिए अनेकों खेल। विद्यालय प्रांगण में उपस्थित रहे अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है और उनके विकास के लिए सुखद व आनंदित वातावरण प्रदान करता है। विद्यालय लगातार कई दशकों से शिक्षा का जोत जागती रही है। विद्यालय में किंडर गार्डन के सारे सुविधाओं के साथ-साथ कंप्यूटर लैब,साइंस लैब, लाइब्रेरी, कराटे,योग ,खेलकूद इत्यादि लगातार आयोजित होती रहती है। वहीं मौके पर उपस्थित रहे किंडर गार्डन की प्रधानाध्यापिका अंजू पटेल ने कहा कि बच्चे अभी प्रारंभिक अवस्था में होते हैं अतएव माता-पिता को भी विद्यालय के साथ-साथ सहयोग करना चाहिए ।किसी प्रकार की असुविधा होने पर विद्यालय प्रबंधन को सूचित करना चाहिए। विद्यालय हमेशा अपने सभी छात्र-छात्राओं के समस्याओं के निवारण के लिए तत्पर रहती है ।जैसे उनके स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े हुए बातों के लिए भी अलग से शिक्षिकाओं की व्यवस्था की जाती है। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन करने में प्राचार्य बिजयंत कुमार ,के जी प्रधानाध्यापिका अंजू पटेल, निर्देशक विक्रांत कुमार, वैभव कुमार ,शीला देवी, ट्विंकल पॉल, सपना मिंज, ललिता यादव , नीतू सिंह, वर्षा टेटे, मोहनलाल बेदिया, सिद्धार्थ कुमार, अंजली सिन्हा इत्यादि का सहयोग रहा।

## भीषण गर्मी को देखते हुए अग्निशमन वाहन एवं पुलिस बल की उपयुक्त व्यवस्था हेतु मांग पत्र सौंपा गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ कैंट के अध्यक्ष नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौधरी, सचिव कुशवाहा, नंदू महतो के द्वारा प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधिक्षक रामगढ़, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ ओर थाना प्रभारी रामगढ़ को एक मांग पत्र सौंपा । मांग पत्र में नीरज कुमार मंडल अध्यक्ष खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ कैंट ओर संजय चौधरी कार्यकारी अध्यक्ष ने ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा हैं कि भीषण गर्मी को देखते हुए अग्निशमन वाहन को दुरुस्त करते हुए पानी की पर्याप्त मात्रा के साथ वाहन की किसी भी कमियों को दूर करते हुए सुचारु रूप से संचालन हेतु तैयार रखा जाए एवं अतिरिक्त पुलिस बल तैयार रखा जाए इसलिए इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए एक टोल फ्री नंबर या प्रशासनिक नंबर आम जनता के सुविधा के लिए कराई जाए जिसे कोई भी घटना हो तो आम जनता उसको आसानी रूप से जानकारी दे सके। और अग्निशमन वाहन को समय रहते ट्रायल भी करते रहना चाहिए जिससे मशीन भी दुरुस्त रहे ओर कोई कमी भी हो तो उसको दूर किया जा सके । हम सभी मांग करते हैं कि इन सभी कमीयों को दूर करते हुए जनहित में कार्य किया जाए ओर साथ ही घनी आबादी वाले क्षेत्रों में फायर इंस्टीगयूशर सभी लोगों से पर्सनल लेकर रखने की भी अपील की जाए । इस मौके पर खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ कैंट अध्यक्ष नीरज कुमार मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौधरी , सचिव संजय कुशवाहा , नंदू महतो शामिल थे।

## भाजपा की रामगढ़ विधान सभा क्षेत्र स्तरीय बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा रामगढ़ विधानसभा अस्तर बुथ अध्यक्ष एवं शक्ति केन्द्र प्रभारियों, जिला अस्तर के कार्यकर्त्याओं की संगठनात्मक बैठक रामगढ़ के ला मैरिटल होटल में राखी गई ।जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता और संचालन रंजीत पाण्डे ने किया। मुख्य अतिथि के रुप में कांके विधयक समरीलाल ऊपस्थित थे। विधयक समरीलाल ने कार्यकर्ताओं संबोधित करते हुए कहा की हजारीबाग लोकसभा से 6 लाख मतों से मनीष जायसवाल को जीत दिलानी हैं। जीत की बडी जिमेवारी कार्यकर्ताओं को लोकसभा में चुनाव जीतेंगे का मंत्र दिया । रामलीला मैदान मे बेमेल गठबन्धन के लोग एक साथ इकट्ठे हुए है जिन्होंने देश को लुटा है । लुटा टैक्स चोरी, देश के जानता का पैसा लुटा हैं जब कानून ने शिकंजा कसा तो सारे चोर लुटेरे इकट्ठा होकर बिलबिला रहे हैं। जिसे जनता खुश हैं इस अवसर पर में मुख्य रूप से रामगढ़ विधानसभा के संजोजक , चंद्रशेखर चौधरी ,चुनाव संचलन समिती समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी,विजय जयसवाल, रंजन फौजी,आनन्द बेदिया, उमेश साव, डा. संजय सिंह, स्नेहलता चौधरी , सरदार अनमोल सिंह,राजीव जयसवाल दिलीप सिंह, रमेश वर्मा मुख्य रुप से ,भीम सेन चौहान, राजीव रंजन प्रवीण सोनू, धीरज साहू, ब्रजेश पाठक,शिव महतो दिवाकर सिंह,कुनाल वसूध तिवारी, सैयद, वरुण सिंह, विजय ओझा, शिव कुमार गुप्ता,किरमानी,रमेश वर्मा, 13 मण्डलों के अध्यक्ष मनोज गिरी, सूर्यवांस श्रीवस्तव, गणेश प्रसाद स्वर्णकार,नरेश साव, बबलू साव अशोक कुमार, संजय साह मुख्य रूपसेउपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक संपन्न

# मतदान के दिन मतदाता को मिलेगी एक दिन की छुट्टी, वेतन में कटौती नही कर सकती कोई भी संस्थान : जिला निर्वाचन पदाधिकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** आसन्न लोकसभा आम चुनाव - 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में दिनांक 01 अप्रैल 2024 को समाहरणालय सभागार में वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वोटर अवेयरनेस फोरम के माध्यम से सभी कार्यालय प्रधान सुनिश्चित करें कि उनके सभी कर्मियों का नाम मतदाता सूची में शामिल है। यदि किसी कर्मी का नाम मतदाता सूची में नहीं है तो 27 अप्रैल 2024 तक वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा लें। साथ ही वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी अपना नाम मतदाता सूची में चेक करे। उन्होंने सभी को अपने-अपने कार्यालय में मतदाता शपथ और स्वीप एक्टिविटी से संबंधित विभिन्न गतिविधियां करवाने तथा कर्मियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया जाना है। वोटर अवेयरनेस फोरम के अध्यक्ष संस्था के हेड होंगे और उन्हीं के द्वारा एक नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने कार्यालय के सभी कर्मचारियों के साथ साथ उनके परिवार के लोगों को वोटर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित करेंगे। अगर किसी कर्मचारी का वोटर लिस्ट में नाम नही है तो वो फार्म 6 भर सकते हैं। सभी लोग वोटर हेल्पलाईन एप्प डाउनलोड करेंगे एवं सभी कर्मचारी को भी एप्प को डाउनलोड करने के लिए कहेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निर्वाचन के दौरान सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थानों में कार्य कर रहे कर्मियों का अपने मताधिकार का प्रयोग करना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी संस्थान सरकारी या गैर सरकारी मतदान के लिए छुट्टी में गए कर्मियों के वेतन में कटौती नही कर सकती है। साथ हीं उन्होंने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई के दिन छुट्टी नही मनाए बल्कि मजबूत लोकतंत्र के प्रति अपने ज़िम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए अवश्य से अवश्य मतदान करें।

**हर कर्मी का नाम सूची में होना चाहिए : जिला निर्वाचन पदाधिकारी**

**कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे : जिला निर्वाचन**

बैठक में नगर आयुक्त रविराज शर्मा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी सरकारी, गैर सरकारी, प्राइवेट संस्थान के प्रतिनिधि मौजूद रहें।

## रमजान का तीसरा अशरा दोज़ख की आग से निजात का है : अब्दुल



प्रभात मंत्र संवददाता

**धनबाद :** माह ए रमज़ान का तीसरा अशरा 21 वे रोजे से शुरु होकर चांद के 29 वे या 30 वे रोजे तक चलता हैं। इस आखिरी अशरा में इबादत कर दोजख की आग से हिफाज़त के लिए अल्लाह तआला से खूब दुआएं की जाती है। अल्लाह तआला तमाम मुसलमानों की इबादत अपने बरगाह ए इलाही में अपने प्यारे हबीब के सदके तुफैल में कुबूल फरमाएं और जहन्नुम की आग से निजात फरमाए।

उक्त सारी बातें धनबाद नगर निगम के अंतर्गत वार्ड संख्या 18 के पार्षद पद के उम्मीदवार सह समाजसेवी अब्दुल जब्बार ने कही। आगे उन्होने बताया की इसी अशरा की एक रात को शब-ए-कद्र कहते हैं जो हजार रातों से भी बेहतर है। इसी महीने पाक कुरान दुनिया मे नाजिल हुई। रहमतों से भरा रमजान बहुत ही तेजी से गुजर रहा है लिहाजा हमें चाहिये की गुनाहों से तौबा कर अपना ज्यादा से ज्यादा वक्त इबादतों मे गुजारी जाए।

अल्लाह से यही दुआ है की भारत सहित पूरे विश्व में रहमतों की खूब बारिश हो और हर जगह अमन, शांति, खुशहाली व सौहार्द बनी रहे।

## गिरिडीह पुलिस ने अलग-अलग मामले को लेकर चार साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से चार साइबर अपराधियों को पकड़ा।सोमवार को पपरवाटांड कार्यालय में एसपी दीपक कुमार शर्मा ने इसकी जानकारी दी।बताया गया कि गर्भवती महिलाओं को मात्तृत्व लाभ दिलाने ओर बैंक अधिकारी बनकर, मित्रा एप से ईवालेट के माध्यम से ठगी करने वाले चार साइबर अपराधियों को गिरिडीह पुलिस ने बेंगाबाद और बिरनी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है. साइबर ठगों का यह अंतरप्रांतीय गिरोह है. पकड़े गए साइबर अपराधियों के पास से आठ मोबाइल, 11 सिमकार्ड व एक बाइक भी जब्त की है. उक्त आशय की जानकारी गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने दी. बताया कि प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से सूचना मिली की कुछ साइबर अपराधी फर्जी सिमकार्ड का प्रयोग कर लोगों को चुना लगाने का काम कर रहे हैं. इसी सूचना के आधार पर साइबर डीएसपी आबिद खान ने बेंगाबाद और बिरनी थाना थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान बिहार राज्य के जमुई जिले के चकाई थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव निवासी गोबिंद मंडल, बिरनी थाना क्षेत्र के बासोडीह निवासी विशाल मंडल, मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव निवासी चन्दन मंडल और बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मुंडहरि गांव निवासी मेराज अंसारी को गिरफ्तार किया है।छापामारी टीम में साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, गुंजन कुमार, पुनीत कुमार गौतम, गजेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, दामोदर प्रसाद मेहता समेत कई पुलिस कर्मी शामिल थे।

## राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को झारखंड के 14 में से 14 सीटों पर विजय दिलाना है : राजकुमार राज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने मीडिया को बताया कि राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा है और हर कीमत पर झारखंड में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए को विजय दिलाने के लिए पूरी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड इकाई अपने मजबूत संगठन के बदौलत एनडीए के पक्ष में प्रचार प्रसार करेगी तथा नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में तीसरी बार बनने वाली सरकार में सहयोगी रहेगी ।

राज ने कहा की अपेक्षा का अनुरूप सीट बंटवारे में स्थान नहीं मिलने से कार्य कर्ताओं में निराशा जरूर है ।लेकिन गुस्सा में जहर नहीं खाना है और हर कीमत पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को झारखंड के 14 में से 14 सीटों पर विजय दिलाना है।

राज ने कहा है की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी का अधिकृत बयान एनडीए के पक्ष में आ गया है और राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने स्थिति स्पष्ट कर दिया है कि वह पूरी तरह से एनडीए के साथ है इसलिए तमाम पार्टी के कार्यकर्ता अपने आप को एनडीए का हिस्सा मानकर सभी प्रत्याशियों को जिताने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे ।

राज ने कहा कि उन्होंने सभी 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रभारियों की घोषणा पूर्व में ही कर दिया है जो एनडीए के पक्ष में प्रचार प्रसार करेंगे ।

राज ने कहा कि पूरे 5 वर्ष एनडीए के पक्ष में प्रचार प्रसार करने के बाद कहीं से कोई कार्यकर्ता एनडीए के विरुद्ध जाने वाला नहीं है इसलिए एनडीए घटक दल की प्रमुख साथी भारतीय जनता पार्टी और आजसू के नेताओं से आग्रह है कि जहां कहीं भी राष्ट्रीय लोग जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारी हैं उनका चुनाव संचालन समिति में सम्मिलित करने का काम करें ।

## बैनर, पोस्टर, हैंडबिल में प्रिंटर व पब्लिशर का नाम पता होना अनिवार्य

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने चुनाव से संबंधित पोस्टर, बैनर, हैंडबिल इत्यादि के प्रकाशन को लेकर दिशा निर्देश जारी किए है। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति अथवा प्रिटिंग प्रेस चुनाव से सम्बन्धित कोई भी बैनर, पोस्टर, हैंडबिल इत्यादि का प्रकाशन करते हैं तो प्रकाशित सामग्री में उक्त प्रिंटर एवं पब्लिशर का नाम एवं पता का प्रिंट होना अनिवार्य होगा। प्रिंटिंग प्रेस को, प्रिंटिंग के लिए सप्लाई ऑर्डर देने वाले व्यक्ति की पहचान किसी ऐसे दो व्यक्ति से अभिप्रमाणित कराना होगा, जिन्हें वह व्यक्तिगत रुप से जानता हो। पहचान सम्बन्धी डिक्लेरेशन पहचानकर्ता के हस्ताक्षर युक्त होना आवश्यक होगा। वहीं प्रिटिंग साम्रगी तैयार होने के उपरान्त प्रिंटर द्वारा, सामग्री प्रकाशित कराने वाले व्यक्ति की पहचान सम्बन्धी डिक्लेरेशन के साथ, प्रकाशित सामग्री की एक प्रति व्यय अनुश्रवण कोषांग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि उपरोक्त दर्शाए गए प्रक्रिया के उल्लंघन पर छः माह का कारावास अथवा 2 हजार रुपए का जुर्माना अथवा दोनों, संबंधित के विरुद्ध किया जाएगा।

## विधालय के नए सत्र के पहले दिन बच्चों को तिलक लगाकर किया गया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत +2 उच्च विद्यालय नवडीहा नया सत्र के पहले दिन के शुरूवात मे नई कक्षा में बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। वही पहले दिन उपस्थित होने पर बच्चो के बिच पुरस्कार स्वरूप 5-5 नोट बुक वितरित किया गया। बच्चो को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने की लिए किये गए इस सराहनीय कार्य को कक्षा 10 एवं 11 के बच्चो को तिलक लगाकर और नोट बुक वितरण कर स्वागत किया गया। बता दे की आज के समय में +2 उच्च विद्यालय नवडीहा किसी पहचान का मोहताज नहीं है इस विधालय के शिक्षा व्यवस्था की बात करे तो क्षेत्र में पहले नंबर पर आता है। वही आपको बता दें विगत वर्ष इंटर साइंस एवं कला विज्ञान में विद्यालय गिरिडीह जिला के प्रथम स्थान पर था।

सभी शिक्षक बच्चो के उज्जवल भविष्य के लिए पूरी मेहनत करते है । इस दौरान दोनों कक्षा के छात्र छात्रा सहित विधालय के प्रधानाध्यापक ऋषि कांत सिन्हा, लिपिक बमशंकर, शिक्षक निर्मल कुमार राहा, नुनुलाल दास, बीरेंद्र वर्मा, दीपक पाण्डेय उपस्थित रहे।

## लापता युवती का लाश घर के बगल कुआं में मिली, जांच में जुटी पुलिस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** पचंबा थाना क्षेत्र के राजाहाता के समीप स्थित कुंआ से एक मरा हुआ युवती का लाश मिलने से सोमवार को सनसनी फैल गयी।मृतका की पहचान राजाहाता निवासी स्व. बसंत साहू की 24 वर्षीय पुत्री सिया कुमारी के रूप में की गई है. शव मिलने की सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, वंही शव देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है. इधर घटना कि सूचना मिलने के बाद पचंबा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की गहन जांच ड्क पड़ताल में जुट गई है. इधर मृतका के परिजनों ने बताया कि सिया की मानसिक स्थिति थोड़ी खराब चल रही थी और ये पिछले 23 मार्च से लापता थी. परिजन लगातार सिया की खोजबीन कर रहें थे पर कहीं मिल नहीं रही थी. इसी बीच सिया के घर के बगल में स्थित कुंआ से उसका शव पाया गया. शव से काफी दुर्गंध आ रही थी. फिलहाल पुलिस शव को कुंआ से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गिरिडीह भेजने की तैयारी में जुटी हुई है. वंही मौके पर आस पास के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और पुलिस जांच में जुट गया है।

## चलाई जाएगी होली स्पेशल ट्रेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** होली के उपरांत यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर देष के विभिन्न शहरों के लिए कई स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनमें से नई दिल्ली/आनंद विहार के लिए चलायी जा रही स्पेषल ट्रेनों के फेरे में वृद्धि की गयी है जिनका विवरण निम्नानुसार है–

1. गाड़ी सं. 03239 राजगीर-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल अब दिनांक 04.04.2024 को भी राजगीर से 11.00 बजे खुलकर 13.25 पटना रूकते हुए अगले दिन 05.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी ।

2. गाड़ी सं. 05575 सहरसा-आनंद विहार एक्सप्रेस स्पेशल अब दिनांक 05.04.2024 को भी सरहसा से 09.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 06.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी ।

3. गाड़ी सं. 05561 समस्तीपुर-आनंद विहार एक्सप्रेस स्पेशल अब दिनांक 05.04.2024 को भी समस्तीपुर से 19.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 17.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी ।

4. गाड़ी सं. 04095 पटना-नई दिल्ली स्पेशल अब दिनांक 02.04.2024 को भी पटना जं. से 15.00 बजे खुलकर अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।

5. गाड़ी सं. 04073 गया-आनंद विहार स्पेशल (अनारक्षित) अब दिनांक 02.04.2024 को भी गया से 14.15 बजे खुलकर अगले दिन 05.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।

इसके साथ ही दिनांक 04.04.2024 को गया से गाड़ी सं. 03639 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल 14.15 बजे खुलकर अगले दिन 05.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी तथा वापसी में गाड़ी सं. 03640 आनंद विहार-गया सुपरफास्ट स्पेषल दिनांक 05.04.2024 को आनंद विहार से 07.00 बजे खुलकर उसी दिन 20.45 बजे गया पहुंचेगी ।

## बिरेंद्र पासवान भाजपा में होंगे शामिल, कांग्रेस पर लगाए गंभीर आरोप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कांग्रेस नेता बिरेंद्र पासवान जल्द भाजपा में शामिल होंगे। उन्होने धनबाद भाजपा के सांसद प्रत्याशी ढुल्लू महतो से मुलाकात की है। बताते चलें कि पासवान हमेशा से ही गरीब, मजदूर, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग और ओबीसी के हक और अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले नेता रहें हैं। उनके भाजपा में शामिल होने से धनबाद कांग्रेस को नुक्सान हो सकता है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस गरीब, मजदूर, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग और ओबीसी का केवल इस्तेमाल करती है। बिरेंद्र पासवान ने कांग्रेसी नेताओं पर भेदभाव करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि हमने लगातार जनहित में कार्य किया है, पर दलित समाज से हूं इसलिए हमारे साथ हमेशा भेदभाव होता आया है। कभी भी कांग्रेस के किसी भी पदाधिकारी ने सहयोग नहीं किया है। इस कारण वे भाजपा में शामिल होने जा रहें हैं।

## अतिक्रमण हटाने को लेकर निगम ने चलाया बुलडोजर, दर्जनों अवैध दुकानें ध्वस्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** नगर निगम द्वारा लगातार चलाए जा रहे अतिक्रमण मुक्त अभियान के तहत हीरापुर स्थित पार्क मार्केट के हटिया रोड मे फुटपाथ पर अवैध रूप से लगने वाले दर्जनों दुकानों को हटाया गया। बता दे की हीरापुर के हटिया बाजार रोड के दोनों तरफ फुटपाथ दुकानदारो ने परमानेंट बांस से घेरा बना रखा था जिसे आज निगम ने जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। साथ ही दुकानदारों को आगे से दूकाने नही लगाने की कड़ी चेतावनी भी दी गई। वही फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि हटिया बाजार रोड के दोनों तरफ बांस बल्ली गाड़कर दुकान का संचालन किए जाने से रोड संकरी होने से आवागमन प्रभावित होती है जिससे अनावश्यक जाम की स्थिति बनती है। ऐसे में सड़क का अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों को कड़ी हिदायत देकर उनकी दूकाने हटाई गई।

उन्होंने कहा की लगातार निगम के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा।

## सीएपीएफ के लिए बुनियादी सुविधाएं शीघ्र सुनिश्चित करें : उपायुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के दौरान सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) की कंपनियां जिन स्थानों पर रुकेगी, उसकी क्रमवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए बड़ी संख्या में सीएपीएफ की कंपनियां जिले में उपस्थित रहेंगी। जिस स्थान पर फोर्स रुकेगी, वहां सभी बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए। मंगलवार को संबंधित विभाग के पदाधिकारी अपनी दायित्व को निभाते हुए पूरी टीम के साथ स्थलों का सर्वे करे। जो कमी है उसे दुरुस्त करने के लिए तत्काल कदम उठाये। 15 अप्रैल तक पानी की व्यवस्था, पर्याप्त संख्या में शौचालय व स्नानागार, पानी का स्टोरेज, भोजन बनाने की व्यवस्था, पानी का पाइप, विद्युत आपूर्ति सहित सभी सुविधाएं सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त ने जेवीबीएनएल के अभियंता को झरिया के मतदान केंद्र में बिजली पहुंचाने के अलावा जिन विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों या पंचायत भवन में बिजली कनेक्शन नहीं है, वहां शीघ्र बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को सभी विद्यालयों में शौचालय को फंक्शनल और एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

## झारखंड के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के टुंडी दौरे को लेकर प्रखंड सभागार में विशेष बैठक का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** झारखंड के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रवि का टुंडी के दौरे को लेकर प्रखंड सभागार में एक अति आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी प्रखंड के विभिन्न संवेदनशील बूथों का निरीक्षण करने आ रहे झारखंड के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के दौरे को लेकर आज प्रखंड सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन दण्डाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रखंड के सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधान शिक्षक उपस्थित हुए जहां शिक्षकों से पानी बिजली सहित अन्य जरूरी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई।साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी तरह के बुनियादी सुविधाओं को पांच अप्रैल तक पूरा कर लेने का निर्देश सभी शिक्षकों को दिया। बैठक में मुख्य रूप से बीईईओ मुरत महतो,बीपीआर ओ बबलेश साह, समन्वयक गौरीशंकर यादव,बीपीओ उमेश पासवान, गौतम दास सीआरपी हरिमोहन मुखर्जी समेत सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ हुई बैठक

# समीर उरांव ने जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मूल मंत्र

### कहा, लोहरदगा लोकसभा चुनाव में भाजपा की होगी जीत सुनिश्चित पुणः मोदी जी बनेंगे प्रधानमंत्री





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बख्शिडिपा सभागार में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में एक अति आवश्यक जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई है जिसमें मुख्य रूप से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी समीर उराँव, लोकसभा के सहसंयोजक सन्नी टोप्पो, पूर्व विधायक सधनु भगत, विधानसभा प्रभारी अनुप अधिकारी, ब्रजबिहारी प्रसाद, बिंदेश्वर उरांव उपस्थित रहे। बैठक में जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की तय की गई 400 लक्ष्य भाजपा लोहरदगा का एक एक कार्यकर्ता स्वंय आगे आकर सहयोग कर रहे जिसमें मोदीजी जी का परिवार आम जनता भी शामिल है। समीर उराँव ने कहा यह बैठक हमारे बूथ के संरचनाओं के आधार पर कार्यो का भरपूर उर्जा के साथ सफलता प्राप्त करने लिए की गई है। हमारा समन्वय हर इकाई हर कार्य के साथ कैसे हो इसकी परिचर्चा संबंध में कार्य करना है। हम सभी मोदीजी के परिवार है जिन्होंने हमारे घर के सदस्यों की उन्नति के लिए अनेक मार्ग प्रस्सथ किया चाहे महिला, पुरूष, युवा, वृद्ध, किसान, बिमार व्यक्ति अनेक प्रकार की सुविधाएं सड़क, बिजली, स्वच्छ पानी, मुफ्त राशन सहित अनन्य पहुंचायी है वह भी बगैर एक दिन छुट्टी लिए। अब हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी है कि उपहार स्वरूप अपने मत के साथ साथ लोगों का भी बूथ पर मतदान कराएं। और पुनः यशस्वी मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाएं। विपक्ष को मोदीजी के कार्यों ने मुद्दा विहीन कर दिया है इस लिए भ्रामक तथ्यों को लेकर पूरे आस पास के साथ साथ भारत घूम रहे है। परंतु रामराज्य की कल्पना भारत की जनता ने की है। मोदी पूरा कर रहे है क्योंकि रामराज्य में कहीं दंगा फसाद, भ्रष्टाचार, असमाजिक तत्वों की कहीं स्थान नहीं मिलता। सधनु भगत ने कहा कि अब वक्त आ गया की धूप,छांव,वर्षा से बचने के बजाय हम अपनी पूरी ताकत से संगठन की विचारधारा, पार्टी, उपलब्धियों को लेकर दिन रात कार्य करें। भाजपा का लक्ष्य एक संकल्प के रूप में रखी है। इसलिए एक एक वोट को अपने पक्ष.में सुनिश्चित करें। साथ वैसे विचारधारा को जबाव दें जो राष्ट्र के प्रति षडयंत्र कर रहे हैं। बैठक में शामिल होने वाले कार्यकर्ता जिला में निवास करने वाले राष्ट्रीय, प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्य समिति के सदस्य भाजपा जिला संगठन पदाधिकारी भाजपा मंडल प्रभारी व प्रवासी पदाधिकारी सभी मोर्चों के जिला पदाधिकारी एवं मोर्चा मंडल के पदाधिकारी जिले के सभी शक्तिकेन्द्र के प्रभारी,संयोजक सहसंयोजक जिले के सभी बूथ अध्यक्ष शामिल थे।

## स्वीट कोषांग द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में लोहरदगा जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आज स्वीप कोषांग की ओर से हस्ताक्षर अभियान लोहरदगा रेलवे स्टेशन में चलाया गया। इस कार्यक्रम में सीता पुष्पा,वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के नेतृत्व में यात्रियों से इस बार लोकसभा आम निर्वाचन में बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने और 13 मई 2024 को आवश्यक रूप से अपना मतदान करने की अपील की गई। लोहरदगा जिला में इस वर्ष 90 प्रतिशत से अधिक मतदान करने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम में नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह, पीपीआई फेलो हेमलता बजाज, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, सिटी मैनेजर विजय कुमार, आशीष कुमार, राजा कुमार, गौतम कुमार समेत विभिन्न कार्यालयों के पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## 1 अप्रैल से कक्षा नौवीं एवं दसवीं के छात्रों की नियमित कक्षाएं हुए प्रारम्भ : अलीराजा अंसारी



**कुडू-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडु प्रखंड क्षेत्र अवस्थित रा. उ. उच्च विद्यालय जिंगी में नौवीं एवं दसवीं की नियमित कक्षाएं एक अप्रैल से प्रारंभ हो गई हैं। जिन छात्रों ने आठवीं बोर्ड या नौवीं बोर्ड की परीक्षा दी है,वे नियमित रूप से विद्यालय आना शुरू करें। परीक्षा परिणाम की घोषणा शीघ्र ही झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा की जाएगी। इसलिए संबंधित छात्र-छात्राओं की विद्यालय में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। यह जानकारी विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में नौवीं और दसवीं बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थियों कू समय रहते अच्छी तैयारी और प्रैक्टिस करवाई जा सके इसलिए आज से नियमित कक्षाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। हालांकि अभी पढ़ाए गए अध्याय निश्चित रूप से दुहराए भी जाएंगे। उन्होंने बताया कि कल दो अप्रैल से चार अप्रैल तक विद्यालय में पहली कक्षा से सातवीं कक्षा तक की परीक्षा जेसीईआरटी के निर्देश और कार्यक्रम के तहत आयोजित की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि अपने पाल्य/बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और संध्या में दो से तीन घंटा पढ़ने की आदत विकसित कराएं।

## जलडेगा में थम नहीं रहा जंगली हाथी का तांडव, हर दिन उजड़ रहे गरीबों के आशियाने



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखण्ड के राजस्व ग्राम बनजोगा दुलमी टोली में रविवार को शाम 6:30 बजे अचानक जंगली हाथी पहुंच कर एतवा तोपनो पिता स्व बजगा तोपनो और बिमल गुड़िया पिता स्व सिलास गुड़िया का घर को ध्वस्त कर घर में रखे चावल और गेहूं को खा गया। दोनों परिवार बहुत गरीब हैं हर रोज खाने के लिए मजदूरी करते हैं। दोनों परिवार में भंडारित धान भी नहीं है। दोनों परिवार का घर इतना क्षतिग्रस्त हो गया कि अब बिना मरम्मत किए रहना मुश्किल है। दोनों परिवार दूसरों का घर में सिफ्ट हो गए हैं। घटना के तुरन्त बाद जलडेगा प्रखण्ड के सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा पीड़ित परिवार से मिल हाल चाल जाना तथा अविलम्ब मुवावजा हेतु अगला प्रक्रिया के लिए सहयोग करने की बात कही। सोमवार को वन विभाग के अधिकारी आकर घटना का जायजा लिया तथा मुवावजा हेतु कार्रवाई शुरु कर दी। बिमल गुड़िया का घर में जितना चावल और गेहूं था सबको खा दिया। खाने के लिए अब दूसरों के घर से चावल लाना पड़ा। हाथी बनजोगा के बाद बड़ीबृंगा गिरजा टोली होते हुए तितलिंग डांग टोली पहुंच गया था परन्तु लोगों की सतर्कता के कारण वहां किसी का घर को अपना निशाना बनाने में असमर्थ हुआ। फिर वहां से किधर चला गया किसी को जानकारी नहीं है। बनजोगा के बाद सुजान मुंडा बाड़ीबृंगा गिरजा टोली भी हाल चाल जानने के लिए रात 10 बजे पहुंच गया और वहां उपस्थित ग्रामीणों को हाथी भगाने का तौर तरीका के साथ कई दिशा निर्देश दिए।

### भाजपा कार्यलाय में विधानसभा स्तरीय बूथ सम्मेलन आयोजित

## लोकसभा चुनाव मे सिमडेगा विधानसभा में एक लाख वोट लाएगी भाजपा : नीलकंठ मुंडा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा स्तरीय बूथ सम्मेलन आयोजित की गई। बूथ सम्मेलन कि अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी के बल पर जनता इस बार अबकी बार 400 पार के मंत्र पर कार्यकर्ता बूथ स्तर तक कार्य कर रहे हैं और जनता के आशीर्वाद से खूंटी लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत होगी। बैठक को संबोधित करते हुए सिमडेगा विधानसभा प्रवासी सह खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा की आने वाले लोकसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ता मिलजुल कर एक कमल का फूल खूंटी से दिल्ली भेजने का काम करेंगे, कार्यकर्ता इस बार सिमडेगा विधानसभा से एक लाख वोट लाने का लक्ष्य लेकर चले और सिमडेगा विधानसभा से 30 से 35000 का लीड अपने प्रत्याशी को दें प्रत्येक कमजोर बूथों पर जिसमें कम वोट मिलते हैं कम से कम 370 वोट लाने का लक्ष्य निर्धारित करें साथ ही गांव स्तर पर एक-एक लाभार्थी से मिलकर कार्यकर्ता मोदी जी का नमस्कार करें एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को वोट करने की अपील करें साथ ही केंद्र सरकार की अनेक जानकारियां जानकारी योजना जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना उज्ज्वला योजना हर घर नल योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि जैसे अनेक योजनाओं का प्रचार प्रसार करें इसके अलावा झारखंड सरकार के विकास विरोधी चेहरा को उजागर करें झारखंड सरकार आवास के नाम पर लोगों को बेवकूफ बना रही है लोगों के खाते में पैसा नहीं भेज रही है राज्य सरकार यह आरोप लगाती है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि रोक दी गई है।

## स्थानीय लोगों को रोजगार दे हिंडाल्को : एसोसिएशन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने आज हिंडाल्को कंपनी को ज्ञापन सौंपते हुए यह कहा कि हेसल अनलोडिंग स्टेशन से शिफ्टिंग का कार्य आप अपनी मनमानी के अनुसार करना चाह रहे हैं जो कि बिल्कुल गलत है। आपको पूर्व में भी दो बार एसोसिएशन ने लिखित एवं बैठक के दौरान भी कहा था कि हेसल से शिफ्टिंग का कार्य करने से पूर्व गाड़ियों का भाड़ा एसोसिएशन से तय कर लिया जाए एवं बाहर की एवं बड़ी गाड़ियां का परिचालन एसोसिएशन नहीं चाहती है,छह चक्का ट्रक से ही परिचालन किया जाएगा। उसके बावजूद कंपनी के द्वारा एक साजिश के तहत तीन दिनों पूर्व लोहरदगा से बाहर की बड़ी गाड़ी को जबरदस्ती लोडिंग करने का प्रयास किया गया और ग्रामीणों के विरोध के बाद उसे वापस किया गया। इस संदर्भ में एसोसिएशन के संरक्षक एवं माननीय सांसद धीरज प्रसाद साहू से भी एसोसिएशन ने बात की है। माननीय संरक्षक महोदय ने कहा कि हम चाहते हैं कि हिंडाल्को यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार दे एवं छोटी गाड़ियों से ही शिफ्टिंग का कार्य किया जाए। एसोसिएशन ने यह भी कहा कि कंपनी एक साजिश के तहत यहां बड़ी गाड़ियां लाकर एवँ बाहर की गाड़ियां लाकर बाहरी लोगों को रोजगार देना चाहती है और यहां के बेरोजगारों को और बेरोजगार करते हुए केवल धूल फकवाने का काम करना चाहती है। जिसका एसोसिएशन पुरजोर विरोध करेगा,कंपनी अगर इसके बाद भी बिना भाड़ा तय किए हुए बाहरी गाड़ियों का परिचालन करेगी तो एसोसिएशन हेसल साइडिंग को अनिश्चितकालीन जाम करेगी एवं बंद कर देगा, जिसकी सारी जवाबदेही हिंडाल्को प्रबंधन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कंवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष विनोद सिंह, अभय सिंह, सहसचिव रहमत अंसारी, मोहम्मद बबलू, बरज सिंह, राजेश शर्मा, संजीव शर्मा, शशिकांत दास, सुनील भगत सहित अन्य लोग शामिल थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला सोमवार को सम्पन्न हुआ। आयोजित कार्यशाला के अंतिम दिन प्रथम सत्र में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्थित वंदना सभागार में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष केदार नाथ साहू,सहसचिव विजय कुमार सोनी, विद्यालय के प्रधानाचार्य शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे। उपाध्यक्ष केदारनाथ साहु द्वारा ने शिशु विद्या मंदिर में दी जानेवाली शिक्षा पद्धति के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही इन्होंने गुरुपूर्णिमा पर गुरुदक्षिणा के कार्यक्रम का महत्व को बताते हुए कहा कि गुरु ही परमब्रह्म होते हैं। भगवान राम और श्रीकृष्ण भी भगवान होते हुए भी अपने गुरु से शिक्षा ग्रहण किये थे। जीवन मे गुरु की आवस्यकता हर किसी को होती है। त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का अंतिम दिन चार सत्रों में कार्यक्रम सम्पादित हुआ। द्वितीय सत्र में नवीन तकनीक का प्रयोग एवं राष्ट्रीय शिक्षा पर चर्चा व आदर्श पाठ योजना, तृतीय सत्र सेवा प्रकल्प में कार्यशाला वृत कथन पर चर्चा की गई। त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का पूर्ण रूप से समीक्षा कर प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने बताते हुए कहा कि कार्ययोजना को सुचारू रूप एवं अन्तः करण से लागू कर विद्याभारती के सम्पूर्ण लक्ष को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय वृत का प्रस्तुतिकरण वरिष्ठ आचार्या बहन प्रतिभा देवी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अचार्यवृन्द पूरे लगन और उत्साह के साथ तीन दिवसीय आचार्यकार्यशाला में सम्मिलित हुए।

## भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने पत्रकारों के साथ की प्रेस कॉन्फ्रेंस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सह राज्यसभा सांसद समीर उराँव ने की प्रेस कांफ्रेंस मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, लोकसभा सहसंयोजक सन्नी टोप्पो,पूर्व विधायक सधनु भगत, विधानसभा प्रभारी अनूप अधिकारी, जिला मीडिया प्रभारी पशुपतिनाथ पारस उपस्थित थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए समीर उराँव ने बताया कि आज का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हमारे बूथ की कार्य योजना के संबंध में था। हमारा भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है नेताओं की नहीं। हमारा कोई भी निर्णय संगठन में सार्वजनिक रूप से सर्व सहमति से ली जाती है और हमारे कार्यकर्ता जनता के हित के लिए होने वाले कार्यो को लेकर लोगों के बीच जाते हैं ना की भ्रामक तथ्यों को लेकर। आज मोदी जी ने बहुत सारी योजनाओं को चलाया है जो की लोगों के उत्थान के लिए बनी है और उसकी पूर्ण जानकारी हमारे संगठन के कार्यकर्ता उनके बीच जाकर बताते हैं जिसका लाभ समाज सहित देश को भी होता है। साथ ही कहा कि आजादी के 65 वर्षो तक शासन करने में कांग्रेस रही है। इतने समय तक लूटने के बाद भी इनकम टैक्स जमा नहीं किया। इनकम टैक्स के मामला में सुप्रीम कोर्ट से नोटिस किया गया।

## मारवाड़ी समाज ने अपने रीति रिवाज के साथ धूमधाम से की शीतला पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मारवाड़ी समाज के महिलाओं एवं पुरुषों ने अपने रीति रिवाज के साथ धूमधाम से शीतला पूजा की। समाज की महिलाओं और पुरुषों ने सुबह-सुबह ही ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर (गुदरी बाजार) में माता शीतला की पूजा अर्चना की और उन्हें एक दिन पूर्व बने अनेक व्यंजनों के ठंडे प्रसाद से भोग लगाया,और इस दिन पूरा दिन लोग घर पर एक दिन पूर्व बने ठंडे भोजन ही करते हैं घर पर चूल्हा तक नहीं जलाते,मान्यता है कि शीतला सप्तमी होली के आठवें दिन मनाई जाती है इस दिन शीतला मां का आशीर्वाद पाने के लिए पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया जाता है।आज इसे बसियौरा पर्व से भी जाना जाता है,शीतला माता के पास अद्भुत शक्तियां है जिससे कि सभी प्रकारों के त्वचा रोगों के साथ-साथ नेत्र के रोशनी को बचाती है और गर्मी से होने वाले सभी बीमारियों से भी बचाती है,यह पर्व मारवाड़ में अपने रीति रिवाज के साथ काफी धूमधाम से मनाया जाता है। लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने शीतला सप्तमी पूजा की सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता शीतला सभी के रोग को हर ले जिससे कि रोग मुक्त होते हुए सभी स्वस्थ रहे।

## डीपीएस स्कूल में आर्यन को एसएआई में चयनित होने पर किया गया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में सोमवार को कुडू प्रखंड क्षेत्र के चंदलासो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कुडू थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो,एवं अभिषेक कुमार मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बता दे की डिवाइन पब्लिक स्कूल चंदलासो का पूर्व छात्र आर्यन कुमार पाल का भारतीय खेल प्राधिकरण एसएआई में चयनित हुआ है। जो कि भारत सरकार की एक संस्था है। इसी को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन कर डीपीएस स्कूल के पुर्व छात्र आर्यन कुमार पाल को उपस्थित अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए है। इस अवसर पर कुडू थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने एसएआई में चयनित होने पर आर्यन को शुभकामनाएं देते हुए कहा की निश्चित तौर पर हमे उम्मीद और भरोसा है आगे जाकर आप और भी मेहनत करेंगे और सफलता हासिल करेंगे और अपने माता-पिता के साथ साथ जिले एवं राज्य का नाम रोशन करेंगे। साथ ही उन्होंने उपस्थित छात्रों को कहां की आप सभी को भी आपके भाई आर्यन से सीख लेनी चाहिए कि किस तरह से इन्होंने तैयारी किया और लक्ष्य को प्राप्त किया है। साथ ही कहा कि आज के दौर में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी अति आवश्यक है। आज के दौर में खेल एक रोजगार का भी साधन है।साथ ही खेल के माध्यम से एक अपनी पहचान भी बनाई जा सकती है। साथ ही कहा कि आज हमारे राज्य के कई खिलाड़ी अलग-अलग खेलो में अपनी परचम लहराने का काम कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने इस उपलब्धि के लिए ताइक्वांडो कोच अरविंद यादव को भी विशेष शुभकामनाएं एवं बधाई दिया है। वहीं जर्नलिस्ट अभिषेक कुमार ने भी आर्यन कुमार पाल एवं ताइक्वांडो कोच अरविंद कुमार यादव को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दिया। तथा मौजूद छात्रों को कहा कि हम सभी को ऑनलाइन खेलो से दूर रहना चाहिए और हमें फिजिकली खेलों को ही खेलना चाहिए। साथ ही कहा की खेल हम सभी को शारीरिक एवं मानसिक विकास में मदद करतीं हैं। वहीं विद्यालय के डायरेक्टर ज्ञान गंगा सिंह एवं ताइक्वांडो कोच अरविंद कुमार यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि आर्यन खेल के साथ-साथ पढ़ाई लिखाई में भी बहुत तेज है। इस मौके पर डीपीएस स्कूल के डायरेक्टर ज्ञान गंगा सिंह, रेशमी, सुनीता, सुनीता देवी, विद्या, चांदनी, पिंकी, शुलेखा, असरिता, भावना, सुषमा, अजीत कुमार, अरविंद यादव, मुनेश्वर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का हुआ समापन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला के अंतिम दिवस का प्रथम सत्र तीनों विद्यालय मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर और सुंदरी देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का सामूहिक रूप से शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में माननीय प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल और उपाध्यक्ष विनोद राय, तीनों विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं तीनों विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे। सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने संघ और विद्या भारती विद्यालयों के महत्व के बारे में बताया।उपाध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि बिना गुरु के कोई भी काम सफल नहीं हो सकता। त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का अंतिम दिवस चार सत्रों में सम्पादित हुआ। द्वितीय सत्र में नवीन तकनीक का प्रयोग एवं राष्ट्रीय शिक्षा पर चर्चा व आदर्श पाठ योजना, तृतीय सत्र सेवा प्रकल्प में कार्यशाला वृत कथन पर चर्चा की गई। सत्र के अंतिम दिवस में आगंतुक के रूप में आए वनवासी कल्याण केंद्र के संरक्षक श्रीमान कृपाशंकर जी का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ उनका विषय था- सेवा प्रकल्प,इन्होंने सेवा कार्य को विभिन्न उदाहरण के माध्यम से बहुत ही रुचिकर तरीके से समझाया इसी से प्रभावित होकर हमने एक संस्कार केंद्र खोलने की योजना बनाई है। त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का समापन तीनो विद्यालयों का सामूहिक रूप से हुआ। जिसमें तीनो विद्यालयों से वृत प्रस्तुत की गई। हिन्दी की आचार्य रेणु कुमारी ने महाविद्यालय का वृत्त प्रस्तुत किया। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि आगामी वर्ष की जो कार्य योजना बनाई गई है उसे सकारात्मकता के साथ पालन करें। कार्यक्रम में समापन सत्र में अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, तीनो विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, विपिन कुमार दास, सुरेश चंद्र पाण्डेय और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# पश्चिमी यूपी की मुस्लिम बहुल सीटों पर सबकी नजर




एजेंसी

**नई दिल्ली** : देश में होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले चरण की तारीख नजदीक आ रही है और उत्तर प्रदेश में इन चुनावों में पश्चिमांचल की रामपुर, मुरादाबाद और संभल समेत कई मुस्लिम बहुल सीटों पर सबकी निगाहें टिकी हुयी है, जहां मुस्लिम मतदाताओं की हिस्सेदारी 23 से 42 प्रतिशत के बीच है. वर्ष 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी,और राष्ट्रीय लोकदल गठबंधन ने पश्चिमांचल के मुस्लिम बहुल क्षेत्र में खासी सफलता हासिल की थी, लेकिन इस बार समीकरण बिल्कुल बदल गए हैं. सभी दल और गठबंधन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बना रहे हैं, लेकिन पिछले कई चुनावों के रुझानों पर नजर डालें तो पश्चिमांचल में ध्रुवीकरण एवं जातीय समीकरण ही हार-जीत का आधार रहे हैं. पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिन लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं का बाहुल्य है उनमें रामपुर (42 प्रतिशत), अमरोहा (32 प्रतिशत), सहारनपुर (30 प्रतिशत), बिजनौर, नगीना और मुरादाबाद (28-28 प्रतिशत), मुजफ्फरनगर (27 प्रतिशत), कैराना और मेरठ (23-23 प्रतिशत) और सम्भल (22 प्रतिशत) शामिल हैं. इसके अलावा बुलंदशहर, बागपत और अलीगढ़ में मुस्लिम मतदाताओं की भागीदारी (19-19 फीसद) हैं. अगर मुस्लिम मतदाता एकजुट होकर किसी एक पार्टी या गठबंधन को वोट दें तो वे परिणाम बदलने का माद्दा रखते हैं.वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने मुस्लिम-दलित बहुल सहारनपुर, बिजनौर, नगीना और अमरोहा सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि उसके गठबंधन की सहयोगी सपा को मुरादाबाद, रामपुर और संभल सीटें मिली थीं. हालांकि पश्चिमांचल की कई सीटों पर मुस्लिम मतों के बिखराव का फायदा भाजपा को मिला था, और उसने मुस्लिम मतदाताओं की बहुलता के बावजूद मुजफ्फरनगर, कैराना, मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और अलीगढ़ की सीटों पर जीत दर्ज की थी.बदले हालात में सपा और कांग्रेस गठबंधन के सामने सबसे बड़ी चिंता मुस्लिम वोटों के बिखराव को रोकने की होगी, क्योंकि मुस्लिम बहुल सीटों पर उसकी जीत की संभावना, तभी बन सकती है जब मुस्लिम वोट उसके पक्ष में एकजुट हों.परवेज अहमद ने कहा कि एक बात यह भी है कि बसपा ने हर उस सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी उतारा है जहां मुस्लिमों के बाद दलित मतदाताओं का दबदबा है. उन्होंने कहा कि रालोद के भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ जाने से वह जाट मतदाता भी भाजपा से जुड़ गया है जो अभी तक उससे दूर था. हालांकि समाजवादी पार्टी प्रवक्ता फखरुल हसन का दावा है कि मुस्लिम मतदाता अब भी पूरी मजबूती से सपा के साथ खड़े हैं. वहीं, रालोद के भाजपा के साथ जाने का भी सपा गठबंधन की संभावनाओं पर कोई असर नहीं होगा क्योंकि भाजपा और रालोद का गठजोड़ नैसर्गिक नहीं है. साथी पिछले कई चुनाव में यह साबित हुआ है कि रालोद का अब उतना असर नहीं रहा जितना की उसे उम्मीद की जाती है.उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा को सपा के मुस्लिम वोटों का फायदा मिला था जिसकी बदौलत वह 10 सीटें जीतने में कामयाब रही थी. वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा और बसपा का गठबंधन नहीं था और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अनेक मुस्लिम बहुल सीटों पर सपा ने बसपा को पछाड़ते हुए जीत हासिल की थी इसलिए यह कहना सही नहीं है कि मुस्लिम मतदाताओं का सपा से मोह भंग हो रहा है. भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव में मुस्लिम बहुल सीटों पर जीत हासिल करने की रणनीति के तहत मैदान में उतर रही है. भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव में लगभग 20 हजार ऐसे बूथ थे जहां भाजपा हारी थी इस बार इन सभी बूथों पर 11-11 सदस्यों की टीमें बनाई गई हैं, जिनमें महिलाओं को भी शामिल किया गया है.

आंकड़े बताते हैं कि जो पार्टी सत्ता में रही है, उसे सबसे ज्यादा चुनावी चंदा मिला है

# नई नहीं है चुनावी चंदे की लड़ाई

* कांग्रेस को चुनावी चंदा मिलने से परेशान बाजपेयी लाए थे नेहरू काल में बैन लगवाने के लिए बिल



एजेंसी

**नई दिल्ली**: देश में इलेक्टोरल बॉन्ड चर्चा में है. चुनावी चंदे पर विपक्ष मुखर है. सुप्रीम कोर्ट ने भी पारदर्शिता पर जोर दिया है और इस योजना को ही रद्द कर दिया है. हालांकि, ऐसा नहीं है कि चुनावी चंदा पहली बार चर्चा में है. इससे पहले भी चुनावी चंदे को लेकर विवाद रहा है. आंकड़े बताते हैं कि जो पार्टी सत्ता में रही है, उसे सबसे ज्यादा चुनावी चंदा मिला है. जब इलेक्टोरल बॉन्ड नहीं थे, तब भी सत्ता पक्ष ही चंदे पाने के मामले में सबसे आगे रहता था या फिर जिस दल की सत्ता में आने की संभावना सबसे ज्यादा होती थी, उस पर कॉर्पोरेट घराने सबसे ज्यादा मेहरबान होते थे. बात 1962 की है. देश के प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू थे. उस वक्त ना तो जनसंघ की ठीक से कोई राजनीतिक जमीन बन पाई थी और ना ही पार्टी के पैसा और दूसरी व्यवस्थाएं-संसाधन थे. तब अटल बिहारी वाजपेयी नौजवान नेता थे. वक्ता इतने प्रखर थे कि जब वे भाषण देते थे तो हर कोई इस नौजवान पर फिदा हो जाता था. 1962 में लोकसभा चुनाव हारने के बाद भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय वाजपेयी का इस्तेमाल संसद में करना चाहते थे, इसलिए उन्हें यूपी से राज्यसभा भेजा गया. वाजपेयी 3 अप्रैल 1962 को राज्यसभा के लिए चुने गए. उन्हें वहां जनसंघ के संसदीय दल का नेता भी चुना गया.विजय त्रिवेदी अपनी किताब हार नहीं मानूंगा में लिखते हैं, चूंकि 60 के दशक में जनसंघ बहुत बड़ी पार्टी नहीं बन पाई थी और उसे पैसे की कमी से जूझना पड़ रहा था, क्योंकि ज्यादातर उद्योगपति सिर्फ सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी को ही चंदा देते थे. तब वाजपेयी अगस्त 1962 में राज्यसभा में एक प्राइवेट मेंबर बिल लेकर आए. इस बिल में कंपनीज एक्ट, 1956 के तहत बदलाव (संशोधन) का सुझाव रखा गया था. बिल में कहा गया था कि कंपनियों को राजनीतिक दलों को चंदे देने पर रोक लगानी चाहिए. क्योंकि कंपनियों को अपने शेयर होल्डर्स का पैसा राजनीतिक दलों को चंदे के तौर पर देने का नैतिक अधिकार नहीं है. क्योंकि शेयरधारक कंपनी के विचारों से सहमत नहीं हो सकते हैं. वाजपेयी ने सवाल किया कि कंपनियां मुनाफा कमाने के लिए होती हैं तो वो अपना पैसा राजनीतिक दलों को क्यों दें? और फिर उससे राजनीति में भी गंदगी आती है. वाजपेयी का कहना था कि राजनीतिक दलों को चंदे के लिए जनता के पास जाना चाहिए, जनता उनकी मदद करे.इस बिल पर संसद में जबरदस्त बहस हुई. इस विधेयक को सभी राजनीतिक दलों का समर्थन मिला. लेकिन संसद में कांग्रेस के पास भारी बहुमत था. लिहाजा, यह बिल पास नहीं हो पाया था. वाजपेयी ने राज्यसभा में इस विधेयक पेश करने का उद्देश्य समझाया था. उन्होंने कहा था, राजनीतिक जीवन में धन के प्रभाव को कम करने की जरूरत है. विधेयक में इस बात पर जोर दिया गया था कि पार्टी के सदस्यों और उन लोगों को चंदा देना चाहिए, जो संबंधित पार्टी की विचारधारा से प्रभावित या सहानुभूति रखते हैं. इस मुद्दे पर तीन दिन तक लंबी बहस चली. अंत में वाजपेयी ने कहा था, ऐसा कोई भी कारोबारी नहीं होगा जो कांग्रेस को चंदा सिर्फ इसलिए देगा, क्योंकि वो कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित या सहमत हो. वे (कॉर्पोरेट घराने) ऐसा किसी खास विचारधारा को फलते-फूलते देखने के लिए नहीं, बल्कि अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए करते हैं.

## किसी भी पार्टी के लिए आसान नहीं है सिंहभूम लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : कोल्हान प्रमंडल का सिंहभूम लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है. यह सीट कभी झारखंड पार्टी का गढ़ हुआ करती थी. लेकिन बदलते वक्त के साथ लोगों के विचार भी बदले और अब यहां के लोग किसी एक पार्टी या फिर उम्मीदवार पर वैसा भरोसा नहीं दिखाते हैं.सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र 1957 में अस्तित्व में आया था. इसमें सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर और चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं. 1957 में यहां पर झारखंड पार्टी के शंभू चरण ने जीत दर्ज की थी. 1957 से लेकर 1977 तक यहां पर झारखंड पार्टी ने लगातार जीत दर्ज की. हालांकि बीच में एक बार 1967 में निर्दलीय प्रत्याशी कोलाई बिरुआ ने झारखंड पार्टी को मात दी थी. लेकिन इसके बाद 1984 और 1989 में कांग्रेस की जीत को छोड़ दें तो किसी भी पार्टी ने लगातार दो बार जीत दर्ज नहीं की है. सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी ने अपने उम्मीदवार का एलान करते हुए कांग्रेस से उनकी पार्टी में शामिल हुई गीता कोड़ा पर भरोसा जताया है. गीता कोड़ा ने 2019 में मोदी लहर के बाद भी जीत दर्ज की थी. जबकी दूसरे नंबर पर बीजेपी के लक्ष्मण गिलुआ रहे थे. ऐसे में यहां पर चुनाव काफी दिलचस्प होने वाला है.

# पूर्णिया सीट पर पप्पू यादव ने लगाई लालू यादव से अंतिम गुहार, चार अप्रैल को भरेंगे नामांकन

एजेंसी

**पटना :** अब महागठबंधन के बीच विवाद का कारण बनती दिख रही है. पप्पू यादव इस सीट से चुनाव लड़ने पर अड़े हैं, तो वहीं आरजेडी ने बीमा भारती को यहां से टिकट दे दिया है.

कांग्रेस इस मामले में पप्पू यादव का साथ देती नहीं दिख रही है, जिसके चलते यूं कहें कि 20 मार्च को अपनी पार्टी का विलय कांग्रेस में करने वाले पप्पू यादव 12 दिन बाद ही अपने फैसले पर पछताते से दिख रहे हैं.



उन्होंने अब लालू यादव से पूर्णिया सीट छोड़ने की अपील की है. उन्होंने ऐलान किया है कि वह पूर्णिया सीट से चुनाव लड़ेंगे. साथ ही कहा है कि वह 2 तारीख की जगह 4 अप्रैल को नामांकन करेंगे. पप्पू यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि देशभर में फैले पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र के साथी मेरे जन नामांकन में शामिल होना चाहते हैं, उनकी सुविधा के लिए पूर्णिया की महान जनता द्वारा प्रस्तावित नामांकन तिथि 2 अप्रैल की जगह 4 अप्रैल हो गया है. आप सब इसमें शामिल हों, आशीष दें. बता दें कि पूर्णिया में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग होगी, जिसके लिए 4 अप्रैल नामांकन की आखिरी तारीख है.

इसके अलावा पप्पू यादव ने राजद द्वारा बीमा भारती को पूर्णिया सीट से उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर भी लालू यादव से पुनर्विचार करने का आग्रह किया है. पप्पू ने अपने पोस्ट में लिखा- बिहार में इंडिया गठबंधन के बड़े भाई राजद के प्रमुख आदरणीय लालू जी से पुनः आग्रह है कि वह गठबंधन के हित में पूर्णिया सीट पर पुनर्विचार करें और कांग्रेस के लिए छोड़ दें.कहा कि वो पूर्णिया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे. अब कांग्रेस नेतृत्व को निर्णय लेना है. उन्होंने फ्रेंडली फाइल की बात कही थी.

वहीं बीमा भारती ने टिकट मिलने के बाद कहा था कि पप्पू यादव मेरे अभिभावक हैं. मुझे उनसे आशीर्वाद की उम्मीद है.बता दें कि बिहार में महागठबंधन द्वारा सीट बंटवारे की घोषणा पर बीजेपी के नेता विजय कुमार सिन्हा ने कटाक्ष किया था कि पूर्णिया सीट राष्ट्रीय जनता दल को दिया जाना कांग्रेस नेता पप्पू यादव के लिए बड़ा झटका है. बिहार के पूर्णिया से लोकसभा चुनाव लड़ने की उम्मीद में पिछले हफ्ते अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय करने वाले पप्पू यादव अब क्या करेंगे, यह उनके लिए बहुत बड़ा झटका है. उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा है. हम लोग चिंतित हैं... जैसा कि उन्होंने कहा था, अब वो पूर्णिया छोड़ेंगे, या दुनिया. दरअसल, पत्रकारों से बातचीत के दौरान उपमुख्यमंत्री परोक्ष रूप से यादव द्वारा की गई उक्त टिप्पणी कि मैं दुनिया छोड़ सकता हूं लेकिन पूर्णिया नहीं छोड़ूंगा का जिक्र कर रहे थे. बता दें कि बिहार में विपक्षी दलों के महागठबंधन ने शुक्रवार को घोषणा कि थी कि राज्य की 40 लोकसभा सीटों में राजद 26, कांग्रेस 9, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) तीन और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेगी.

## गया में संपन्न हुआ मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का कार्यकर्ता सम्मेलन



एजेंसी

**गया :** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का कार्यकर्ता सम्मेलन गया के इमामगंज, गोरखझानी,रानीगंज, हाई स्कूल के सभागार में डॉ. मोहम्मद करार अहमद, राष्ट्रीय सहसंयोजक, (बुद्धजीवी प्रकोष्ठ) और एडवोकेट शहादत अंसारी, छेत्रिय संयोजक के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस कार्यकर्म को आयोजन का उद्देश्य डॉक्टर इंद्रेश कुमार, मार्गदर्शक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच सह राष्ट्रीय कार्यकर्णी सदस्य, आरएसएस और डाक्टर शाहिद अख्तर, राष्ट्रीय संयोजक सह मेंबर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग भारत सरकार के निर्देशानुसार रमजान के महीने में गाय के दूध से रोजा इफ्तार, घर-घर जाकर शांति और भाईचारा का संदेश देने के साथ साथ डाक्टर शाहिद अख्तर, द्वारा संपादित भारतीय मुसलमान एकता का आधार हुबुल वतनी (राष्ट्रीयता) पुस्तक की भी चर्चा की गई। एक बार अवश्य इस किताब को पढ़ने का आग्रह किया गया। चुनाव के समय सूझबुझ के साथ मतदान करना, जाति धर्म से उठ कर राष्ट्रीय हित में चुनाव के इस महापर्व को संपन्न कराने के एमआरएम की कारकर्ताओ की भूमिका पर चर्चा किया गया।

आखिर में नए सदस्य के स्वागत के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहम्मद रफीक, अख्तर अली, रमजान अंसारी, महबूब आलम, सूचित कुमार, साजिया प्रवीण, नजमा खातून, अब्दुल सत्तार हुसैन, मोहम्मद मुर्तुजा और अन्य गरिमान लोग उपस्थित थे।

बीजेपी से टिकट मिलने पर कोयला घोटाले के आरोपों पर बोले नवीन जिंदल

# मेरी जिंदगी खुली किताब है



एजेंसी

**नई दिल्ली** : हाल ही में देश के बड़े बिजनेसमैन नवीन जिंदल ने कांग्रेस छोड़ कर बीजेपी का दामन थाम लिया। अब बीजेपी ने उन्हें कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी उम्मीदवार बनाया है। इस पर नवीन जिंदल ने अपने ऊपर लगे कोयला घोटालों पर बात करते हुए कहा,कोई भी कुछ भी आरोप लगा सकता है लेकिन मुझे पता है कि लोगों को मुझ पर भरोसा है और मुझे न्यायपालिका में भरोसा है। जल्द ही लोगों को पता चल जाएगा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है।बिजनेसमैन नवीन जिंदल ने कहा कि मैं एक साधारण परिवार से आता हूं मैंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है। ÷मेरा जीवन एक खुली किताब की तरह है। मेरे पिता ने कड़ी मेहनत की, और मेरे भाइयों ने उनके नक्शेकदम पर चलते हुए फैक्ट्रिज में लाखों रोजगार पैदा किए। हमने पिछले 20 सालों में सरकार को करोड़ों और लाखों में टैक्स दिया है। हरियाणा की धरती से, हमने देश के विकास में काफी योगदान दिया है और कभी-कभी कुछ रुकावटें आती हैं।लेकिन अंत में सच्चाई की जीत होती है। 10 साल हो गए हैं। कोई भी कुछ भी आरोप लगा सकता है लेकिन मुझे पता है कि लोगों को मुझ पर भरोसा है और मुझे ज्यूडिसरी पर भरोसा है। लोगों को जल्द पता चल जाएगा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। बता दें कि नवीन जिंदल 2004 से 2014 तक 2 बार कांग्रेस के टिकट पर कुरुक्षेत्र से सांसद रह चुके हैं। साल 2014 में, नवीन, भाजपा के राजकुमार सैनी से हार गए और साल 2019 में कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया। जिंदल ने अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए कहा,मैंने 10 सालों तक कुरुक्षेत्र से सांसद के रूप में संसद में कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधित्व किया। मैं कांग्रेस नेतृत्व और तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को धन्यवाद देता हूं। मैं कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। इसके बाद नवीन ने बीजेपी ज्वाइन कर ली। नवीन जिंदल के इस्तीफा पर, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर निशाना साधते हुए कहा कि यह तो होना ही था क्योंकि जिंदल को बड़ी आकार की वॉशिंग मशीन की जरूरत थी। जब आपको एक बडे आकार की वॉशिंग मशीन की जरूरत होती है, तो यह होना ही था। और पिछले 10 सालों में पार्टी में जीरो योगदान देने के बाद, यह कहना कि मैं इससे इस्तीफा दे रहा हूं, एक बड़ा मजाक है। जिंदल के खिलाफ कोयला घोटाला मामले में सीबीआई और ईडी जांच कर रही थी। हाल ही में नवीन जिंदल की मां, हरियाणा की पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। बता दें कि सावित्री जिंदल को फोर्ब्स इंडिया ने इस साल देश की सबसे अमीर महिला का खिताब दिया था।

## राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने उत्कल दिवस पर ओडिशा के लोगों को दी शुभकामनाएं



एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को ओडिशा दिवस के मौके पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि प्रदेश की जनता ने ओडिशा और देश के विकास में अहम योगदान दिया है. वर्ष 1936 में इसी दिन ओडिशा को एक अलग राज्य के रूप में मान्यता दी गयी थी, जिसके बाद से प्रत्येक वर्ष इस दिन को ओडिशा दिवस या उत्कल दिवस के रूप में मनाया जाता है. इस राज्य का गठन बिहार और उड़ीसा प्रांतों को विभाजित करके किया गया था. उड़ीसा का नाम 2011 में बदलकर ओडिशा कर दिया गया था.

राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा,ओडिशा दिवस पर राज्य के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं! ओडिशा अपनी प्राकृतिक संपदा और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है. इस राज्य के लोगों ने ओडिशा और देश के विकास में महान योगदान दिया है. उन्होंने कहा,सदियों से ओडिशा की धरती ने कई महान सपूत दिये हैं, जिनमें आधुनिक भारत के कई निर्माता भी शामिल हैं. भगवान जगन्नाथ राज्य और उसके लोगों को अपार सफलता व समृद्धि का आशीर्वाद दें!

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सोमवार को उत्कल दिवस के अवसर पर ओडिशा के लोगों को शुभकामनाएं दीं और उनकी सफलता एवं समृद्धि की कामना की. मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा,सभी को उत्कल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं! यह दिन हमें ओडिशा और उसके गतिशील लोगों की समृद्ध संस्कृति और विरासत की याद दिलाता है.

# सुनेत्रा पवार मां के समान, मेरी लड़ाई बीजेपी के खिलाफ : सुप्रिया सुले

* बारामती की लड़ाई शरद पवार को खत्म करने की चाल



एजेंसी

**मुंबई :** लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले को एक बार फिर बारामती लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा गया है. यहां उन्हें अपनी भाभी सुनेत्रा पवार से चुनावी जंग लड़नी पड़ेगी. उम्मीदवारी की घोषणा के बाद सुप्रिया सुले ने कहा,चौथी बार मौका देने के लिए पार्टी को शुक्रिया और जनता को भी धन्यवाद.मेरी लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष से नहीं है, मेरी लड़ाई बीजेपी से है और जो नीति वो बना रहे हैं उसके खिलाफ है. ये लड़ाई विचारधारा के खिलाफ है, किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं. उन्होंने कहा,मुझे योग्यता के आधार पर और मेरे काम के आधार पर वोट दें, अभी तक मुझ पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है. बीजेपी यहां बारामती आई और कहा कि वे शरद पवार को हराना चाहते थे और उन्होंने हमारे परिवार को तोड़ दिया.परिवार के एक सदस्य के खिलाफ परिवार के दूसरे सदस्य को टिकट दिया.वह मेरे लिए मां की तरह हैं. सुप्रिया सुले ने रविवार को दावा किया कि बारामती निर्वाचन क्षेत्र में उनके और उनकी भाभी सुनेत्रा पवार के बीच लड़ाई राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार को राजनीतिक रूप से समाप्त करने की भारतीय जनता पार्टी की साजिश है. सुले ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अंतर-पारिवारिक द्वंद्व सुनेत्रा पवार के प्रति उनके सम्मान को कम नहीं करेगा, क्योंकि वह (सुनेत्रा) उनके 'बड़े भाई की पत्नी और मां की तरह हैं.तीन बार की सांसद सुले के खिलाफ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार के चुनावी अखाड़े में उतरने के बाद शरद पवार का गृह क्षेत्र बारामती एक हाई-प्रोफाइल चुनावी संघर्ष के लिए तैयार है. 'पवार-बनाम-पवार का संघर्ष पिछले साल मूल राकांपा में हुए विभाजन का नतीजा है. अजित पवार पिछले वर्ष अपने वफादार विधायकों के साथ सत्तारूढ़ भाजपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ चले गए थे.सुले ने कहा कि सुनेत्रा पवार उनके बड़े भाई की पत्नी हैं और बड़ी भाभी को मां के समान माना जाता है. उन्होंने कहा, ÷इसलिए यह चाल (सुनेत्रा को सुले के खिलाफ उतारने की) पवार परिवार और महाराष्ट्र के खिलाफ है. भाजपा पवार साहब को (राजनीतिक तौर पर) समाप्त करना चाहती है. यह मैं नहीं कह रही, (बल्कि) भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बारामती का दौरा करने के बाद ऐसी टिप्पणी की थी. सुले (54) ने दावा किया कि सुनेत्रा पवार (60) को नामांकित करने का कदम दर्शाता है कि ऐसा विकास के लिए नहीं किया गया है. उन्होंने कहा,यह केवल पवार साहब को खत्म करने की लड़ाई है.बारामती में तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है. महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल से 20 मई के बीच पांच चरणों में मतदान होगा और मतों की गिनती 4 जून को होगी.